जबलपुर

शुक्रवार, 12 सितंबर 2025

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com





माननीय प्रधानमंत्री
श्री नरेंद्र मोदी

Hero

हम अपने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और भारत सरकार को देशवासियों के हित में किए गए GST बदलाव के लिए हार्दिक धन्यवाद देते हैं, जिन्होंने इस पल को एक राष्ट्रव्यापी उत्सव में बदल दिया!

त्यौहार के इस समय में, अपने पसंदीदा हीरो टू-व्हीलर को घर ले जाएं, क्योंकि 100% GST लाभ सीधे आप तक पहुँचाए जा रहे हैं। डिलीवरी इस नवरात्रि से शुरू।

## कम कीमत, शानदार त्यौहार।

| मॉडल | इतने तक GST लाभ* |
|---|---|
| HF Deluxe | ₹ 5 600 |
| Passion+ | ₹ 6 400 |
| Splendor+ | ₹ 6 800 |
| Destini 125 | ₹ 7 300 |
| Glamour X | ₹ 7 800 |
| Xpulse 210 | ₹ 14 500 |



## आज ही अपनी हीरो बुक करें!

*ON EX-SHOWROOM BHOPAL

WORLD'S NO.1 24 YEARS IN A ROW

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

CALL TOLL-FREE
1800 266 0018

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj - Phase -II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. **Highest sales for any 2 Wheeler Corporate Entity in the world for Calendar Year 2024 - Data source: DNA Consult & Advisory's report Assessment of Global Two Wheelers Market (CY24). For all Corporate and Bulk Enquiries, Please email us on institutionalsales@heromotocorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. Offer amount & combination of offers may vary as per model. Offers are valid in select states for a limited period or till stock lasts. For more details, please visit your nearest authorized Hero outlet. Terms & Conditions apply.

प्रीमिया डीलर्स: इंदौर: मेहता ऑटोमोबाइल्स (गीता भवन चौराहे के पास), 9289234282; छतरपुर: आनंद फैब ऑटो सेल्स (पन्ना रोड), 9289234375; सागर: सेंट्रल मोटर (मकोनिया), 9289234527; जबलपुर: सुदर्शन मोटर्स (नेपियर टाउन), 9289235264. अधिकृत डीलर: जबलपुर: सुपर हीरो (साउथ सिविल लाईन्स) 9289922350, सुदर्शन हीरो (नेपियर टाउन 9289922353, मदन महल 9111100352, दमोह नाका 9111100344), बालाघाट: जायसवाल हीरो 9289922572, छतरपुर: आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, मण्डला: शुभ हीरो 9289922600, नरसिंहपुर: रचना हीरो 9289922377, रीवा: वटिका हीरो (टी.पी. नगर 9752263333, इलाहाबाद रोड 9171705391), सतना: स्टार हीरो 9289922356, वटिका हीरो 9289923108, शहडोल: विभोर हीरो 9289923109, गुप्ता हीरो 9289922370, कटनी: दुर्गा हीरो 9289923166, बैढ़न: कुन्दन हीरो 9289922743, बजरंग मोटर्स 7354559000, सीधी: राजेन्द्र मोटर्स 9289923113, टीकमगढ़: आनंद हीरो 9289923112, सिवनी: सुदर्शन हीरो 9821745435, चौरई: श्रीजी ऑटोमोबाईल्स, 9821749342, एसोसिएट डीलर: पथरिया: एसएस ऑटोमोबाइल्स, 9691147568, सेमरिया: आकाश मोटर्स 9893918358, अमरवाड़ा: अर्पित ऑटोमोबाईल्स 7428595943, ब्यौहारी: श्री राम ऑटोमोबाईल्स 9424683246, बुढ़ार: श्री ऑटोमोबाईल्स 9425181937, डिंडोरी: अवंतिका ऑटो 8959777333, नैनपुर: सात्विक मोटर्स 9893746172, गाडरवाड़ा: ठेकेदार व्हीकल्स 9425467409, जुन्नारदेव: लक्ष्मी नारायण मोटर्स 8109164000, कोलगवां: सिटी ऑटोमोबाईल्स 7987519546, मैहर: वैशाली ऑटोमोबाईल्स 9424741022, मऊगंज: तोमर मोटर्स 9425185568, लांझी: श्रीखण्ड ऑटोमोबाईल्स 7428390262, पांढुर्णा: जय भवानी ऑटोमोबाईल्स 7428390263, पटारिया: श्री महावीर ऑटोमोबाईल्स 7354460008, रामपुर बघेलान: ठाकुर ऑटोमोबाईल्स 9993224296, रांझी: गुरुकृपा ऑटो 9424728007, सिहोरा: बाईक प्वाइंट 9826802730, उमरिया: गुप्ता ऑटो एजेन्सी 9285505630, वारासिवनी: हाटिया मोटर्स 9425822392 , जतारा: शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, टीकमगढ़: एस.एस. इन्टरप्राइजेस 7000242371, पृथ्वीपुर: महावीर एजेंसीज 7000375943, मुलताई: शारदा श्री मोटर्स 9522870001, चितरंगी: ओम मोटर्स 9685416118, बटगवां: बजरंग मोटर्स 9926183734, बहरी: श्याम एजेंसी 9981238133, अजित ऑटोमोबाइल्स 7566217410, 9131739086, नागोद: चौरसिया ऑटोमोबाइल्स 9926365074, देवसर: श्री राम मोटर्स 9425086888 अमरपाटन: रितु ऑटोमोबाइल्स 9893829195, सलीमनाबाद: अनिल मोटर्स 9425466101, रामनगर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9893252517, धनोरा: भवानी व्हीकल्स 9424950703, सरई: राज मोटर्स, 9981718853, सालीचौका: अभिषेक इंटरप्राइजेज 8989434793, उंचेहरा: अंकुर ऑटोमोबाइल्स, 7999328251, गढ़: अंश मोटर्स, 9752666969, गुन्नौर: मधुबन मोटर्स, 8959050501, मड़वास: ओम मोटर्स, 9009066959, मझौली: न्यू कुन्दन ऑटोमोबाइल्स, 9584628677, बीरसिंहपुर पाली: श्री कृष्ण मोटर्स, 8889131315, रीठी: प्रदीप मोटर्स, 9981303666, बड़वारा: शिवम मोटर्स, 7509839990, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, नरसिंहपुर: रचना हीरो 8815396340, दमोह: इंडिया ऑटो सेंटर 8839230079

SAATCHI & SAATCHI

## शाह ने हवाई सफर को और आसान बनाने की शुरुआत की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने यात्रियों के लिए हवाई सफर को और आसान बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने 'फास्ट ट्रैक इमीग्रेशन-ट्रस्टेड ट्रैवलर प्रोग्राम' को देश के 5 और हवाई अड्डों पर शुरू किया। इसके तहत भारतीयों और ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया (ओसीआई) कार्डधारकों को इमीग्रेशन प्रक्रिया में लंबी कतारों से छुटकारा मिलेगा और वे ई-गेट से जल्दी क्लियरेंस पा सकेंगे। यह योजना सबसे पहले जुलाई 2024 में इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से शुरू हुई थी। 2 महीने में मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, बेंगलूरू, हैदराबाद, कोचीन, अहमदाबाद में लागू किया।



# अब 12 हवाई अड्डों पर मिलेगी फास्ट ट्रैक इमीग्रेशन सुविधा

## ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया कार्डधारकों को इमीग्रेशन प्रक्रिया में लंबी कतारों से छुटकारा मिलेगा

### ऑनलाइन मिलेगी सेवा

योजना के तहत यात्री ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें पासपोर्ट की न्यूनतम वैधता छह महीने होनी चाहिए। आवेदन स्वीकृत होने के बाद यात्री को बायोमेट्रिक विवरण (फिंगरप्रिंट और चेहरे की तस्वीर) देने के लिए अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे या नजदीकी विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) जाना होगा। सफल सत्यापन के बाद यात्री को व्हाइट लिस्ट ऑफ ट्रस्टेड ट्रैवलर्स में शामिल किया जाएगा।



### अब तक 3 लाख लोग योजना से जुड़े

गृहमंत्री शाह ने वर्चुअल कार्यक्रम के दौरान कहा कि फास्ट ट्रैक इमीग्रेशन से यात्रियों को तेजी, सुरक्षा और बिना परेशानी के अंतरराष्ट्रीय सफर का अनुभव मिलेगा। अभी तक तीन लाख लोगों ने इस योजना के लिए पंजीकरण कराया है, जिनमें से करीब 2.65 लाख यात्रियों ने इस सुविधा का लाभ भी उठाया है।

### अमेरिका की तर्ज पर बनी यह योजना

अधिकारियों के मुताबिक यह योजना अमेरिका के ग्लोबल एंट्री प्रोग्राम की तर्ज पर बनाई गई है। वहां पहले से अनुमोदित यात्रियों को देश में प्रवेश के समय तेजी से क्लियरेंस मिलती है। भारत में भी अब इस व्यवस्था के जरिए यात्रियों को ई-गेट से गुजरने पर तुरंत इमीग्रेशन क्लियरेंस मिल जाएगा।

### देश का पहला हवाई अड्डा बना लखनऊ

फास्ट ट्रैक इमिग्रेशन सेवा की शुरुआत से लखनऊ एयरपोर्ट ने एक बड़ा मील का पत्थर हासिल किया है। इस सुविधा को टर्मिनल-3 पर यात्रियों के लिए खोला गया है। अब तक यात्रियों को इमिग्रेशन प्रक्रिया में लंबा समय लग जाता था, जिससे भीड़ और असुविधा की स्थिति बनती थी. लेकिन अब यह प्रक्रिया सुगम और तेज हो जाएगी।

### 21 एयरपोर्ट तक विस्तार की योजना तैयार

केंद्र सरकार की योजना है कि इस प्रोग्राम को चरणबद्ध तरीके से देश के 21 बड़े हवाई अड्डों तक पहुंचाया जाए। पहले चरण में भारतीय नागरिकों और ओसीआई कार्डधारकों को सुविधा दी जा रही है। दूसरे चरण में इसे विदेशी यात्रियों तक बढ़ाया जाएगा। इस कार्यक्रम को लागू करने की जिम्मेदारी ब्यूरो ऑफ इमीग्रेशन (बीओआई) के पास होगी। शुरुआती चरण में यह योजना बिल्कुल मुफ्त है। यात्रियों को किसी अतिरिक्त शुल्क का भुगतान नहीं करना होगा। गृहमंत्रालय ने यात्रियों के लिए एक हेल्पडेस्क ईमेल आईडी भी जारी की है, ताकि उन्हें आवेदन या प्रक्रिया में किसी तरह की दिक्कत हो तो मदद मिल सके।

## खबर संक्षेप


### लालू, तेजस्वी के खिलाफ चार्ज पर फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** नौकरी के बदले जमीन घोटाले मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और अन्य के खिलाफ नौकरी के बदले जमीन मामले में आरोप पत्र पर फैसला सुरक्षित रखा गया है। सीबीआई ने राबड़ी देवी, तेजस्वी, अन्य के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है।



### बस के पेड़ से टकराने से 15 यात्री घायल

**पटियाला।** पंजाब के पटियाला जिले में एक बस के पेड़ से टकरा जाने के कारण उसमें सवार लगभग 15 यात्री घायल हो गए। यह हादसा नाभा प्रखंड के फरीदपुर गांव के पास तब हुआ जब राज्य परिवहन की एक बस मल्लेवाल से पटियाला की ओर जा रही थी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।




### रामदास ने बेटे को पार्टी से निकाला

**चेन्नई।** तमिलनाडु की राजनीति में गुरुवार को उस समय बड़ा घटनाक्रम हुआ, जब पीएमके के संस्थापक एस. रामदास ने गुरुवार को अपने बेटे अंबुमणि रामदास को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया। उन्होंने अंबुमणि पर अभूतपूर्व पार्टी विरोधी गतिविधियों का आरोप लगाया और उन्हें 'खरपतवार' कहा।




### अरुणाचल,कर्नाटक में मूसलाधार बारिश होगी

**नई दिल्ली।** देशभर भारी बारिश की संभावनाओं के चलते भारतीय मौसम विभाग ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। विभाग ने अरुणाचल प्रदेश और कर्नाटक के कई हिस्सों में भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।15 सितंबर तक बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है।कई जिलों में येलो और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।



### 'डूसू' चुनाव में 73 ने किया नामांकन

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव को लेकर बुधवार को नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया समाप्त हो गई। 4 पदों के लिए 50 नामांकन प्राप्त हुए। 73 नामांकन वैध मिले। इसमें सबसे अधिक 21 नामांकन अध्यक्ष पद के लिए, सचिव पद के लिए 20, संयुक्त सचिव के लिए 17 और उपाध्यक्ष पद लिए 15 नामांकन मिले।



## प्रधानमंत्री ने उत्तराखंड में प्राकृतिक आपदा का जायजा लिया

# प्रभावितों के राहत और पुनर्वास के लिए 1200 करोड़ की वित्तीय मदद देने का किया ऐलान



पुष्कर सिंह धामी, राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरप्रीत सिंह ने देहरादून के जॉली ग्रांट एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया।

**देहरादून में वस्तु स्थिति का किया आकलन प्रदानमंत्री जवानों से भी मिले**



एजेंसी ▶▶ देहरादून

उत्तराखंड में आई प्राकृतिक आपदा का जायजा लेने के लिए प्रधानमंत्री मोदी देहरादून पहुंचे। यह पहुंचने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरप्रीत सिंह ने देहरादून के जॉली ग्रांट एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया।

पीएम मोदी का यह दौरा राज्य में हाल ही में आई आपदा की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहद अहम माना जा रहा है। हालांकि खराब मौसम की वजह से हवाई दौरा रद्द कर दिया गया। तय कार्यक्रम में बदलाव करते हुए पीएम अब स्टेट गेस्ट हाउस में ही बैठक की। यहां उन्होंने उत्तराखंड में बाढ़ से प्रभावित लोगों से मुलाकात की। इस दौरान पीएम मोदी ने एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के जवानों से भी बातचीत की और राहत-बचाव की स्थिति का जायजा लिया।

### प्रधानमंत्री ने किया बड़ा ऐलान

पीएम मोदी ने बाढ़ और बारिश से प्रभावित इलाकों के लिए 1200 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता का ऐलान किया है। इ मृतकों के परिजनों को 2 लाख रुपए और घायलों को 50 हजार रुपए की मदद राशि देने की घोषणा भी की। केंद्र हर संभव मदद देगा।

### हवाई सर्वेक्षण का कार्यक्रम रद्द

प्रधानमंत्री मोदी आपदा प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण करेंगे ताकि नुकसान का प्रत्यक्ष आकलन कर सकें और राहत एवं पुनर्वास कार्यों की दिशा तय की जा सके। इस दौरान वे अधिकारियों के साथ स्थिति की समीक्षा भी करेंगे। हालांकि मौसम की कराबी के कारण हवाई सर्वेक्षण का कार्यक्रम रद्द कर दिया गया है।

### राहत व बचाव में लगी टीमों के सदस्यों से भी मिले

पीएम मोदी ने एयरपोर्ट पर 3 बैठकें की। इसके बाद आपदा प्रभावितों से मिले। उनसे हालात की जानकारी ली। बैठक के बाद प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए आपदा प्रभावितों और राहत व बचाव में लगी टीमों के सदस्यों से भी मुलाकात की। करीब 22 आपदा प्रभावित और 57 आपदा वीर कार्यक्रम में मौजूद रहे। प्रधानमंत्री स्टेट गेस्ट हाउस में एसडीआरएफ एनडीआरएफ और आपदा मित्रों के साथ बैठक भी की।

**काशी में पीएम मोदी का भव्य स्वागत**

## रोड शो में उमड़ी भीड़, 'मोदी-मोदी' और 'भारत माता की जय' के जयकारे लगे

**काशी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वाराणसी आगमन से पहले पूरा शहर उत्साह और उमंग से सराबोर नजर आया। गुरुवार की सुबह से ही पुलिस लाइन चौराहे से लेकर मिंट हाउस, नदेसर और आसपास के मार्गों पर भाजपा कार्यकर्ताओं की भीड़ उमड़ पड़ी। हर ओर भगवा रंग की छटा बिखरी हुई थी। इस दौरान मोदी मोदी और भारत माता की जय के जयकारे लगते रहे।

### ढोल-नगाड़ों की थाप पर लोगों ने मनाया जश्न



सुबह 11:14 बजे मोदी का उड़खटोला पुलिस लाइन स्थित अस्थाई हेलीपैड पर उतरा। लोगों में उत्साह और बढ़ गया। ढोल-नगाड़ों की थाप पर समर्थकों ने जश्न मनाना शुरू कर दिया। पीएम ने कहा कि यह गर्व की बात है कि मुझे आपका स्वागत करने का अवसर मिल रहा।

### काशी को भारत की सभ्यता और सांस्कृतिक आत्मा का प्रतीक बताया

प्राचीन काल से काशी भारत की सभ्यता और सांस्कृतिक आत्मा का प्रतीक रही है। हमारी संस्कृति और संस्कार भारत से मॉरीशस पहुंचे और वहां की जीवन-पद्धति में रच-बस गए।

## उत्तरप्रदेश कांग्रेस प्रमुख राय नजरबंद

# पीएम मोदी के दौरे के मद्देनजर लखनऊ पुलिस ने की कार्रवाई



एजेंसी ▶▶ लखनऊ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वाराणसी दौरे से पहले यूपी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर लिया है। पुलिस ने लखनऊ के आलमबाग स्थित उनके आवास पर एहतियातन निगरानी बढ़ा दी है। बताया जा रहा है कि अजय राय ने पहले ही प्रधानमंत्री के दौरे के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने का ऐलान किया था.पीजीआई पुलिस टीम बुधवार सुबह से ही अजय राय के आवास के बाहर तैनात है। अधिकारियों ने कहा कि यह कदम कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए उठाया गया है। अजय राय लंबे समय से वाराणसी में सक्रिय हैं और प्रधानमंत्री के खिलाफ चुनाव भी लड़ चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी पहुंचे। इस दौरान उनके साथ मॉरिशस के प्रधानमंत्री भी मौजूद रहेंगे। दोनों नेता द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने कई अहम मुद्दों पर चर्चा की। वाराणसी में कई विकास परियोजनाओं का भी शिलान्यास और लोकार्पण किया।

### कांग्रेस ने हाउस अरेस्ट का किया विरोध

इसको लेकर कांग्रेस नेताओं का कहना है कि अजय राय का हाउस अरेस्ट लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है। उनका आरोप है कि सरकार विरोध की आवाज को दबाना चाहती है। वहीं, पुलिस प्रशासन का कहना है कि यह सिर्फ एहतियातन कदम है ताकि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। फिलहाल अजय राय अपने आवास पर ही हैं और उनके बाहर समर्थकों की आवाजाही पर भी निगरानी रखी जा रही है। वाराणसी में प्रधानमंत्री के दौरे को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

### दिनेश प्रताप के एक्शन का रिएक्शन

भाजपा नेता और योगी सरकार के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह बुधवार को अपने समर्थकों के साथ रायबरेली में हाईवे पर धरने पर बैठ गए थे और 'राहुल गांधी वापस जाओ' और 'माफी मांगो' के नारे लगा रहे थे। इसके चलते 15 मिनट तक राहुल का काफिला हाईवे पर रुका रहा। इस दौरान पुलिस और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच जमकर नोकझोंक हुई।

## नितिन गडकरी का स्पष्ट संदेश

# ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री हमारी पहचान सड़क सुरक्षा हो पहली प्राथमिकता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स के 65वें सालाना सम्मेलन में प्रधानमंत्री ने साफ कहा कि ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री सिर्फ गाड़ियां बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मेक इन इंडिया की पहचान है और विकसित भारत का अहम स्तंभ है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री गडकरी ने हकीकत का आईना दिखाया। उन्होंने कहा कि भविष्य की राह सिर्फ सपनों और टारगेट से नहीं बनेगी, बल्कि चुनौतियों का सामना करना भी उतना ही जरूरी है।



### सरकार ने कई जरूरी कदम उठाए

गडकरी ने कहा कि भारत में हर साल करीब पांच लाख लोग सड़क हादसों में जान गंवाते हैं। यानी हर मिनट कहीं न कहीं एक परिवार बिखर जाता है। गडकरी ने साफ कहा कि जब तक सड़क सुरक्षा को पहली प्राथमिकता नहीं बनाया जाएगा, तब तक किसी भी सुधार का मतलब अधूरा रहेगा। सरकार ने कदम जरूर उठाए हैं।

## रायबरेली में फिर बोले राहुल गांधी

# अब हाइड्रोजन बम आएगा और सारा का सारा साफ हो जाएगा

एजेंसी ▶▶ रायबरेली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी दो दिवसीय दौरे पर अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली में हैं। गुरुवार को दिशा की बैठक में शामिल होने के बाद जब वो बाहर निकले तो मीडिया को बयान दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग बहुत आंदोलित हो रहे हैं। मैं उनसे कहना चाहता हूं कि जब हाइड्रोजन बम आएगा तो सब साफ हो जाएगा। उन्होंने कहा कि देश में वोट चोरी करके सरकारें बनाई जा रही हैं।



### महाराष्ट्र, हरियाणा और कर्नाटक के चुनाव में की वोट चोरी

उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र, हरियाणा और कर्नाटक के चुनाव में वोट चोरी हुई है। हमने ब्लैक एंड व्हाइट सबूत दिए हैं। इंतजार कीजिए बहुत जल्द वोट चोरी के और खुलासे आने वाले हैं। भाजपा वाले परेशान न हों, वोट चोरी का हाइड्रोजन बम आने वाला है। सारा सब कुछ साफ हो जाएगा।

**पहली बार रिमोट से किया जाएगा दहन**

# कोटा में जलाया जाएगा दुनिया का सबसे बड़ा 215 फीट ऊंचा रावण

एजेंसी ▶▶ कोटा

इस बार दशहरे पर 215 फीट ऊंचा रावण तैयार किया जा रहा है। इसे बनाने वालों का दावा है कि यह दुनिया का सबसे ऊंचा रावण होगा। रावण का पुतला 12 टन वजनी है। खास बात यह है कि इसे खड़ा करने में केवल 3 घंटे का समय लगेगा और दहन पहली बार रिमोट से किया जाएगा। रावण के पतले में 9500 किलो लोहे का इस्तेमाल हुआ है। पुतले का सिर 25 फीट का है जबकि बाकी 9 सिर 3गुणा 6 फीट के बनाए गए हैं। रावण का चेहरा फाइबर से तैयार किया गया है जिसका वजन करीब 300 किलो है। पुतले का मुकुट 60 फीट ऊंचा होगा और इसमें मल्टीकलर एलईडी लाइट्स लगाई जाएंगी। तलवार 50 फीट लंबी और जूतियां 40 फीट की बनाई गई हैं।



### कुंभकर्ण और मेघनाद भी खास

कुंभकर्ण और मेघनाद के 60-60 फीट ऊंचे पुतले भी बनाए जा रहे हैं। इनका वजन 1-1 हजार किलो है और चेहरे 10-10 फीट के फाइबर से तैयार किए गए हैं।

## केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने मलेरिया-डेंगू की समीक्षा की

# सभी राज्य 20 दिन में बनाएं इसके नियंत्रण की कार्य योजना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हाल में हुई भारी के कारण जगह-जगह पानी जमा हो गया है, जिससे मच्छरों को पनपने का मौका मिल गया है। इसे देखते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने सभी मुख्यमंत्रियों को एडवाइजरी जारी की है। एडवाइजरी में कहा गया है कि सभी मुख्यमंत्री डेंगू और मलेरिया पर प्रभावी नियंत्रण के लिए बीस दिन के भीतर एक कार्ययोजना तैयार करें। नड्डा ने बुधवार को देश में डेंगू और मलेरिया की स्थिति की समीक्षा के लिए एक बैठक की। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि नड्डा ने राज्यों, स्थानीय निकायों और समुदायों से कहा कि वे इस उच्च जोखिम वाले समय में जनस्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए रोकथाम और नियंत्रण के उपायों को और तेज करें।

### उच्च जोखिम वाले समय में जनस्वास्थ्य की सुरक्षा के कड़े प्रबंध करें

**मंत्री नड्डा ने सभी मुख्यमंत्रियों को एडवाइजरी जारी की**



### अस्पतालों में मौजूद हों पर्याप्त दवाएं और सुविधाएं

सभी अस्पतालों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि पर्याप्त दवाएं, जांच की सुविधाएं, बिस्तर और मच्छर-मुक्त परिसर मौजूद हों। इनमें केंद्र सरकार के अंतर्गत आने वाले अस्पताल भी शामिल हैं। मंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि दिल्ली और एनसीआर क्षेत्र के लिए विशेष उच्च स्तरीय बैठक की जाए, ताकि डेंगू की स्थिति का बारीकी से आकलन किया जा सके और पहले से ही तैयारी सुनिश्चित की जा सके।

### 9 वर्षों में मलेरिया के मामलों में आई जबरदस्त गिरावट

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने यह भी कहा कि भारत ने मलेरिया से लड़ाई में महत्वपूर्ण प्रगति हासिल की है। बयान के मुताबिक, देश ने मलेरिया के मामलों में 2015 से 2024 के बीच 78 फीसदी की गिरावट दर्ज की है और मलेरिया से होने वाली मौतों में भी लगभग 78 फीसदी कमी आई है।

### बीमारियों को रोकने मिलकर कार्य करें

नड्डा ने कहा कि मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों को रोकने के लिए जल्दी और मिलकर काम करना बहुत जरूरी है। उन्होंने राज्य के स्वास्थ्य मंत्रियों को सलाह दी कि वे खुद स्थिति की समीक्षा करें और 20 दिनों के भीतर कार्य योजना बनाएं, जबकि नगर निगमों, पंचायतों और स्थानीय निकायों से कहा गया कि वे जनजागरूकता अभियान तेज करें।

## ऐश्वर्या की अर्जी पर बोला हाईकोर्ट

# बिना सहमति के उनके नाम और फोटो का न किया जाए इस्तेमाल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली हाई कोर्ट से अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन को बड़ी राहत मिली। कोर्ट ने उनके नाम और फोटो के गलत इस्तेमाल के मामले में उनके पक्ष में फैसला सुनाया है। गुरुवार को हुई सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि उनके नाम का अनधिकृत उपयोग अभिनेत्री की निजता और गरिमा के अधिकार का उल्लंघन है। अभिनेत्री की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस तेजस करिया ने कई संस्थाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सहित अन्य तकनीकी उपकरणों के माध्यम से अभिनेत्री के नाम और फोटो का दुरुपयोग करने से रोक दिया। कोर्ट ने कहा कि इस तरह के दुरुपयोग से न केवल अभिनेत्री को आर्थिक नुकसान होता है, बल्कि उनकी गरिमा, प्रतिष्ठा और साख को भी ठेस पहुंचती है। कोर्ट ने कहा कि उनकी पहचान का अनधिकृत उपयोग लोगों को गुमराह कर सकता है कि वह उत्पादों और सेवाओं का समर्थन या प्रचार करती है।



जबलपुर
शुक्रवार, 12 सितंबर 2025
आश्विन मास कृष्ण पक्ष - 5
वर्ष : 20, अंक : 136
पृष्ठ : 2+6+6=14, मूल्य 3 .00

मौसम
अधि. 30
न्यून. 23

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

10 स्त्री सशक्तीकरण में सहकारिता भागीदार



मैट्रो
6 आयुष मेडिकल ऑफिसर के विरुद्ध ...






एमवाय अस्पताल में चूहों के कुतरने से दो नवजातों की मौत हो गई थी

# इंदौर चूहा कांड मामले में हाईकोर्ट ने कसा शिकंजा, 5 दिन में सरकार से मांगा जवाब

**सरकार को नोटिस जारी कर 15 सितंबर तक स्टेटस रिपोर्ट मांगी**

**कोर्ट ने कहा- सफाई और पेस्ट कंट्रोल की जिम्मेदार निजी कंपनी एजाइल सिक्योरिटी की लापरवाही के बावजूद कोई ठोस दंडात्मक कार्रवाई नहीं हुई**

◆ प्रमुख सचिव (लोक स्वास्थ्य) ने एजाइल का अनुबंध रद्द करने के निर्देश दिए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

इंदौर स्थित एमवाय अस्पताल में चूहों द्वारा दो नवजातों को कुतरने से हुई मौत पर हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। 15 दिन बाद भी कठोर कार्रवाई न होने पर कोर्ट ने सरकार को नोटिस जारी कर 15 सितंबर तक स्टेटस रिपोर्ट मांगी। न्यायमूर्ति विवेक रूसिया और जेके पिल्लई की युगल पीठ ने इसे नवजातों के मौलिक अधिकारों और सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़ा गंभीर मामला माना। कोर्ट ने नोट किया कि सफाई और पेस्ट कंट्रोल की जिम्मेदार निजी कंपनी एजाइल सिक्योरिटी की लापरवाही के बावजूद कोई ठोस दंडात्मक कार्रवाई नहीं हुई।



**अब तक ये हुई कार्रवाई**

- पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग के एचओडी डॉ. बृजेश को हटाया
- प्रभारी एचओडी डॉ. मनोज जोशी को निलंबित किया
- अस्पताल अधीक्षक डॉ. अशोक यादव ने 11 से 25 सितंबर तक छुट्टी पर चले गए

### अस्पताल प्रशासन का दावा चूहों के काटने से मौत नहीं

*अस्पताल प्रशासन ने दावा किया कि नवजातों की मौत गंभीर बीमारियों से हुई, चूहों के काटने से नहीं। धार के एक दंपती के नवजात की मौत पर भी गलत जानकारी दी गई। कलेक्टर आशीष सिंह और मेडिकल एजुकेशन कमिश्नर तरुण राठी को गलत फीडबैक देकर गुमराह किया गया कि पोस्टमॉर्टम में चूहों के काटने का जिक्र नहीं है। 3 सितंबर को गठित चार सदस्यीय जांच समिति ने तरुण राठी को रिपोर्ट सौंपी, जिसके आधार पर एचएलएल इंफ्राटेक सर्विसेज (एचआईटीईएस) को एजाइल सिक्योरिटी का अनुबंध रद्द करने के निर्देश दिए गए। पूर्व में डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया ने दो नर्सिंग ऑफिसरों को सस्पेंड किया था, जबकि नर्सिंग सुपरिटेंडेंट जोसेफ को हटाया गया।*

*भाजपा विधायक शाक्य के बिगड़े बोल*

# भारत में भी हो सकते हैं 'नेपाल' जैसे हालात, युवाओं को मिले मिलिट्री ट्रेनिंग



अगर हमने युवाओं को तैयार नहीं किया तो देश में भी छिड़ सकता है 'गृहयुद्ध'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

गुना से भाजपा विधायक पन्नालाल शाक्य ने एक बार फिर विवादित बयान दिया है। शाक्य ने कहा कि नेपाल, श्रीलंका, पाकिस्तान और अफगानिस्तान जैसे हालात अब भारत में भी हो सकते हैं।

देश के अंदर गृहयुद्ध जैसी स्थिति छिड़ सकती है। इसलिए 18 से 30 वर्ष तक के युवाओं को अनिवार्य रूप से मिलिट्री ट्रेनिंग दी जानी चाहिए। शाक्य राज्य स्तरीय जूडो और बॉक्सिंग प्रतियोगिता के समापन समारोह में शामिल हुए। इसी दौरान बोलते हुए उन्होंने यह बयान दिया। शाक्य ने कहा कि लंका में आग लगी, बांग्लादेश में तख्तापलट हुआ, अफगानिस्तान की हालत खराब है, पाकिस्तान में आतंकवाद पनप रहा है और हाल ही में नेपाल भी बर्बाद हो गया।


**लिखित प्रस्ताव दिल्ली भेजा जाए**

विधायक ने जिला प्रशासन से आग्रह किया कि उनका यह लिखित प्रस्ताव दिल्ली भेजा जाए। गृह मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय को बताया जाए कि युवाओं की मिलिट्री ट्रेनिंग तत्काल शुरू की जाए। हम कल की कल्पना करें कि हमारे देश में भी अगर ऐसा कुछ होता है, तो कौन-कौन बाहर निकलेगा। होगा जरूर, जरूर होगा। ये मैं बिल्कुल चुनौतीपूर्ण कह रहा हूं, क्योंकि मुझे भी यह दिख रहा है। ऐसा कुछ होने वाला है, ये पक्का मानना। जिला दंडाधिकारी से करबद्ध निवेदन है कि श्रीमान सावधान हो जाएं।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

**खबर संक्षेप**

### देवव्रत को महाराष्ट्र का अतिरिक्त प्रभार



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत को महाराष्ट्र के राज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। वह यह दायित्व अपने वर्तमान पद के साथ निभाएंगे। राष्ट्रपति भवन की ओर से बताया गया है कि यह निर्णय महाराष्ट्र के राज्यपाल रहे सीपी राधाकृष्णन के उपराष्ट्रपति चुने जाने के कारण पद छोड़ने के पश्चात लिया गया है। इस संबंध में राष्ट्रपति के प्रेस सचिव अजय कुमार सिंह ने आदेश जारी किया।

### जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में आईटी का छापा



**छिंदवाड़ा।** आयकर विभाग की इंटेलिजेंस एवं क्रिमिनल इनवेस्टीगेशन भोपाल एवं जबलपुर की टीम ने छिंदवाड़ा शहर के जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के प्रधान कार्यालय पर सर्वे की कार्यवाही शुरू की है। इस बैंक में एसएफटी की गलत डिटेल भरने की वजह से आयकर अधिनियम 133 ए के अंतर्गत स्पॉट वेरिफिकेशन की कार्यवाही चालू की गई है ।

### महाकाल मंदिर के पास चला बुलडोजर



**उज्जैन।** लीज की शर्तों के उल्लंघन मामले में उज्जैन विकास प्राधिकरण ने साढ़े तीन माह में चौथी बार कार्रवाई की है। बेगमबाग मुस्लिम बाहुल्य बस्ती है और यहां लीज की शर्तों का उल्लंघन कर और लीज नवीनीकरण कराए बगैर मकानों का निर्माण कर लिया था। जमीन बेच और खरीद भी ली गई। उज्जैन विकास प्राधिकरण ने लीज की शर्तों का उल्लंघन करने वाले पर कार्रवाई की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के प्रतिभाशाली 7832 विद्यार्थियों को वितरित की स्कूटी

# पढ़ो और आगे बढ़ो, विदेश जाने की इच्छा है, तो सरकार साथ देगी

सेनिटेशन एवं हाइजीन के लिए 20 लाख से अधिक बालिकाओं को 61.12 करोड़ से अधिक राशि सिंगल क्लिक से अंतरित

राजधानी के कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा 10 विद्यार्थियों को प्रतीक स्वरूप स्कूटी की चाबी भेंट की गई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आप इस देश में पढ़ो और भी आगे बढ़ो। और भी कम पड़ रहा है, विदेश जाने की इच्छा है, तो विदेश जाने के लिए भी सारा पैसा सरकार देगी, फिक्र मत करो। आपको आपको आगे बढ़ते देखकर हमें सुकून आता है, आनंद आता है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को स्कूल शिक्षा विभाग के माध्यम से 12वीं बोर्ड परीक्षा में स्कूल के टॉपर रहे विद्यार्थियों को स्कूटी देते हुए कही।

शासकीय हायर सेकंडरी स्कूलों की 12वीं कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले 7832 विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा निःशुल्क स्कूटी प्रदाय योजना के तहत राशि प्रदान की गई। राजधानी के कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा 10 विद्यार्थियों को प्रतीक स्वरूप स्कूटी की चाबी भेंट की गई।

**सीएम ने कहा**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में बच्चों के लिए बेहतर भविष्य का अवसर
- प्रदेश के विद्यार्थियों को स्कूटी, लैपटॉप, साइकिल, कॉपी-किताबें सहित अनेक सौगातें मिल रहीं
- पीएम मोदी स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए संकल्पित

सीएम ने विद्यार्थियों का अभिवादन कर उनसे संवाद भी किया



### मुख्यमंत्री पीछे बैठे, छात्रा ने चलाई स्कूटी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने परिसर में स्कूटी प्राप्त करने वाली छात्रा हर्षिता यादव के साथ स्कूटी की सवारी की और उपस्थित विद्यार्थियों का अभिवादन कर उनसे संवाद भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ हितग्राही विद्यार्थियों ने समूह चित्र भी खिचवाया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्तमान में विश्व में भारत का समय चल रहा है। प्रधानमंत्री मोदी स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए संकल्पित हैं। आज भारत में लोकतंत्र की सबसे अच्छी खूबसूरती है कि यहां सामान्यजन भी देश और राज्य का सर्वोच्च पद प्राप्त कर सकते हैं। प्रधानमंत्री मोदी इसके श्रेष्ठतम उदाहरण है।

**5 लाख से अधिक विद्यार्थियों को लैपटॉप**

डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने पिछले 15 साल में 1300 करोड़ रुपए से 5 लाख से अधिक विद्यार्थियों को लैपटॉप वितरित किए। लगभग 3 हजार करोड़ रूपए से 1 करोड़ से अधिक साइकिलें प्रदेश में वितरित की गईं। वहीं, स्कूलों के टॉपर विद्यार्थियों को 250 करोड़ रूपए राशि से अब तक 23 हजार से अधिक विद्यार्थियों को स्कूटी दी जा चुकी है। बदलते दौर में प्रदेश के युवा नौकरी करने वाले नहीं, नौकरी देने वाले बने इसके लिए राज्य सरकार औद्योगीकरण का अभियान चला रही है।

**सीएम आज पेटलावद से जारी करेंगे लाड़ली बहनों को राशि**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार 12 सितंबर को राज्य स्तरीय कार्यक्रम में झाबुआ जिले के पेटलावद से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजनान्तर्गत प्रदेश की 1.26 करोड़ से अधिक लाड़ली बहनों के खाते में 28वीं किस्त के 1541 करोड़ से अधिक राशि का सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरण करेंगे। डॉ. यादव सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनान्तर्गत प्रदेश के 53.48 लाख से अधिक पेंशन हितग्राहियों के खातों में 320.89 करोड़ से अधिक राशि का सिंगल क्लिक से अंतरण करेंगे। इसके अलावा वे उज्ज्वला योजना के एलपीजी कनेक्शनधारी उपभोक्ता एवं गैर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना श्रेणी में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत पंजीकृत लाड़ली बहनों एवं विशेष पिछड़ी जनजाति की आर्थिक योजनान्तर्गत पंजीकृत 31 लाख से अधिक बहनों के खातों में 450 रूपए गैस रिफिल की 48 करोड़ से अधिक की राशि का सिंगल क्लिक से अंतरण भी करेंगे। मुख्यमंत्री राज्य स्तरीय कार्यक्रम में झाबुआ जिले के 345.34 करोड़ रूपए लागत के 72 से अधिक विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण करेंगे।

*ई-20 पेट्रोल की आलोचना पर गडकरी का पलटवार*

# मेरे खिलाफ पैसे देकर चलाया जा रहा 'राजनीतिक अभियान'

**इथेनॉल मिश्रण आयात का विकल्प, लागत-प्रभावी प्रदूषण-मुक्त और स्वदेशी** » **हमने मक्का से इथेनॉल बनाया इस कदम से किसानों को 45,000 करोड़ रुपए का लाभ हुआ**

एजेंसी ▶▶ नागपुर

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि ई 20 मिश्रित ईंधन के खिलाफ सोशल मीडिया पर चलाया जा रहा अभियान मुझे राजनीतिक रूप से निशाना बनाने के लिए है। इसे पैसे देकर चलाया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री सोसाइटी ऑफ ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स के वार्षिक सम्मेलन में सवालों के जवाब दे रहे थे।

यहां उनसे पेट्रोल में इथेनॉल के मिश्रण से जुड़ी चिंताओं के बारे में पूछा गया था। गडकरी ने जवाब दिया कि ऑटोमोबाइल निर्माता और ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एआरएआई) जैसी संस्थाओं ने पेट्रोल में इथेनॉल के मिश्रण पर अपने निष्कर्ष साझा किए हैं। मंत्री ने कहा कि जिस तरह आपका उद्योग काम करता है, उसी तरह राजनीति भी काम करती है।



**भारत जीवाश्म ईंधन के आयात पर भारी रकम खर्च करता है**

सोशल मीडिया अभियान सशुल्क था। यह मुझे राजनीतिक रूप से निशाना बनाने के लिए था। इसमें कोई तथ्य नहीं है। सब कुछ स्पष्ट है। इथेनॉल मिश्रण आयात का विकल्प, लागत-प्रभावी, प्रदूषण-मुक्त और स्वदेशी है। गडकरी ने कहा कि भारत जीवाश्म ईंधन के आयात पर भारी रकम खर्च करता है। उन्होंने पूछा कि क्या जीवाश्म ईंधन के आयात को कम करने और बचाई गई राशि को भारतीय अर्थव्यवस्था में लगाने का प्रयास करना आर्थिक रूप से एक अच्छा कदम नहीं है। उन्होंने कहा कि हमने मक्का से इथेनॉल बनाया। इस कदम से किसानों को 45,000 करोड़ रुपए का लाभ हुआ है।

केरल में गंभीर रूप लेता जा रहा रोग

# ब्रेन ईटिंग अमीबा रोग से छह लोगों की मौत



जुलाई से लगातार बढ़ते जा रहे हैं मामले

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हाल के महीनों में केरल में ब्रेन ईटिंग अमीबा संक्रमण बड़ा खतरा बनकर उभरा है। विशेष रूप से कोझिकोड जिले और इसके आसपास के क्षेत्रों में ये बीमारी काफी तेजी से बढ़ती जा रही है। हालिया रिपोर्ट में स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि गुरुवार को कोझिकोड मेडिकल कॉलेज में इस रोग से एक और मरीज की मौत हो गई है। इसके साथ केरल में अमीबिक मेनिंगोएन्सेफलाइटिस (ब्रेन ईटिंग अमीबा) रोग के कारण कुल मरने वालों की संख्या बढ़कर 6 हो गई है। अधिकारियों ने बताया कि मलप्पुरम जिले में शाजी (47) नामक व्यक्ति की गुरुवार को मौत हो गई।

शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित 12 नंबर मल्टी की घटना, गले पर नहीं मिले निशान

# चार दिन पहले जिस युवक का अश्लील वीडियो वायरल किया, उसने की 'खुदकुशी' की कोशिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित 12 नंबर मल्टी में बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात एक युवक ने फांसी लगा ली। उसे फांसी के फंदे से उतारकर परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उसकी स्थिति खतरे से बाहर है। इधर, पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की। डॉक्टर से बातचीत करने पर पता चला कि उसके गले पर निशान नहीं हैं और उसे कुछ भी नहीं हुआ है। मामला संदिग्ध लग रहा है। पुलिस जांच में जुटी है। पुलिस के अनुसार इलाके में रहने वाला युवक पत्नी से अलग रह रहा है। डायल 112 पर इवेंट मिलने के बाद पुलिस अस्पताल पहुंची तो युवक की तबीयत ठीक थी। डॉक्टर से बातचीत की गई तो पता चला कि गले में किसी तरह के निशान नहीं है। उसने फांसी लगाई या नहीं इसकी जांच की जा रही है।

◆ पुलिस ने अज्ञात पर दर्ज की थी आईटी एक्ट की एफआईआर



युवक पत्नी से अलग रह रहा है

**युवक ने बताया युवती उसकी प्रेमिका**

यह वही युवक है जिसका चार दिन पहले सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर एक वीडियो वायरल हुआ था। आपत्तिजनक वीडियो में वह मोहल्ले की युवती के साथ नजर आया था। उसने बताया था कि युवती उसकी प्रेमिका है और उससे शादी करने वाला है। युवती का भी यही कहना है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने की शिकायत पीड़ित और उसकी प्रेमिका ने पुलिस से की थी। शाहपुरा पुलिस ने उक्त मामले में आईटी एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया था।

*अन्य विमान के पायलट ने टेलपाइप में आग की सूचना दी*

# काठमांडू जा रहे विमान में आग दिखने से मचा हड़कंप



कॉकपिट में चेतावनी या संकेत नहीं देखा गया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली से नेपाल की राजधानी काठमांडू जा रहे स्पाइसजेट विमान को उड़ान भरने से पहले लौटना पड़ा जब एक अन्य विमान के पायलट ने उसके टेलपाइप में आग की सूचना दी। यह घटना 11 सितंबर 2025 को दिल्ली हवाई अड्डे पर टैक्सी करते समय हुई। हालांकि, कॉकपिट में कोई चेतावनी नहीं मिली थी, फिर भी पायलटों ने ऐहतियातन विमान को वापस लाने का निर्णय लिया। बताया गया कि दिल्ली हवाई अड्डे पर टैक्सी करते समय विमान के टेलपाइप में आग लग गई थी।

## मॉरीशस के पीएम डॉ. रामगुलाम से पीएम मोदी ने की कई मुद्दों पर चर्चा, बोले

### भारत-मॉरीशस के बीच हुई द्विपक्षीय वार्ता

# दोनों देश सिर्फ पार्टनर नहीं, एक परिवार हैं, कई एमओयू किए गए



एजेंसी ▶▶ वाराणसी

वाराणसी में गुरुवार को भारत और मॉरीशस के पीएम के बीच द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा हुई। इस दौरान दोनों देशों के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह मेरे लिए गर्व की बात है कि मुझे अपने संसदीय क्षेत्र में आपका स्वागत करने का अवसर मिल रहा है। प्राचीन काल से काशी भारत की सभ्यता और सांस्कृतिक आत्मा का प्रतीक रही है। हमारी संस्कृति और संस्कार सदियों पहले भारत से मॉरीशस पहुंचे और वहां की जीवन-पद्धति में रच-बस गए। काशी में मां गंगा की अविरल धारा की तरह, भारतीय संस्कृति का अविरल प्रवाह मॉरीशस को समृद्ध करता रहा है और आज, जब हम मॉरीशस के साथियों का काशी में स्वागत कर रहे हैं, तो यह सिर्फ एक औपचारिकता नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक मिलन है इसलिए मैं गर्व से कहता हूं कि भारत और मॉरीशस सिर्फ पार्टनर नहीं बल्कि एक परिवार है।

*पीएम मोदी ने कहा कि हमारी संस्कृति और संस्कार सदियों पहले भारत से मॉरीशस पहुंचे और वहां की जीवन-पद्धति में रच-बस गए। भारतीय संस्कृति का अविरल प्रवाह मॉरीशस को समृद्ध करता रहा है*

### मॉरीशस के लिए एक विशेष आर्थिक पैकेज का निर्णय



**मॉरीशस के विकास में साझेदार होना गर्व की बात**

*पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि मॉरीशस के विकास में एक विश्वसनीय और प्राथमिक साझेदार होना भारत के लिए गर्व की बात है। आज हमने मॉरिशस की आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए एक विशेष आर्थिक पैकेज पर निर्णय लिया है।*

### मॉरीशस ने उठाया डिएगो गार्सिया का मुद्दा

काशी में द्विपक्षीय वार्ता के दौरान मॉरीशस के पीएम डॉ. नवीनचंद्र रामगुलाम ने पीएम मोदी से डिएगो गार्सिया सहित चागोस द्वीप समूह पर चर्चा की। अमेरिका और ब्रिटेन से जुड़ा यह विवाद मॉरीशस के साथ ही भारत के लिए भी चिंता का विषय बना हुआ है। ऐसे में मॉरीशस के पीएम ने पीएम मोदी से इस पर चर्चा की।

### एचएएल को मिला तीसरा इंजन

## एमके1ए के दो एलसीए अक्टूबर में मिलना तय

**नई दिल्ली।** हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को अमेरिका से तीसरा जीई एफ 404 इंजन मिल गया है, जो लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) एमके1ए के लिए है। सितंबर 2025 के अंत तक चौथा इंजन आने की उम्मीद है। एचएएल ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। इंजन सप्लाई चेन में सुधार से एलसीए एमके1ए की डिलीवरी समय पर हो सकेगी। पहले दो इंजन मार्च और जुलाई 2025 में आए थे। अब सितंबर के अंत तक चौथा इंजन आने की उम्मीद है। एचएएल के अधिकारियों ने कहा कि सप्लाई चेन में सुधार से एमके1ए विमानों की डिलीवरी तेज होगी। 2021 में एचएएल ने जीई के साथ 716 मिलियन डॉलर का समझौता किया था, जिसमें 99 एफ404 इंजन शामिल थे। लेकिन दक्षिण कोरिया के एक सप्लायर की समस्या से डिलीवरी में देरी हुई। जीई ने अब सालाना 12 इंजन देने का वादा किया है। 2026 से 20 इंजन प्रति वर्ष एचएएल ने कहा कि 10 विमान पहले से बनकर तैयार हैं। अक्टूबर में पहले दो एलसीएम एमके1ए डिलीवर होंगे। नासिक में बना पहला विमान हस्तांतरण के लिए तैयार है।



### केंद्रीय वाणिज्य मंत्री गोयल बोले

## भारत-अमेरिका ट्रेड डील वार्ता सही दिशा में बढ़ रही

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील का पहला चरण नवंबर तक फाइनल हो सकता है। दोनों देशों के बीच चर्चा सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रही है और दोनों पक्ष अब तक की प्रगति से संतुष्ट हैं। गोयल ने कहा कि फरवरी में पीएम नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने मंत्रियों को इस समझौते पर काम करने और इस साल नवंबर तक पहले चरण को अंतिम रूप देने का निर्देश दिया था। इस ट्रेड डील का पहला चरण नवंबर 2025 तक पूरा हो जाना चाहिए, और मार्च से ही इस विषय पर बहुत अच्छे माहौल में बहुत गंभीरता से चर्चा चल रही है और प्रगति हो रही है। साथ ही कहा कि इस प्रगति से दोनों पक्ष संतुष्ट हैं। गोयल का यह बयान ऐसे समय पर आया है, जब सोशल मीडिया पर डोनाल्ड ट्रंप और पीएम नरेंद्र मोदी के बीच ट्रेड डील को लेकर सकारात्मक संवाद हुआ है।



## दुनिया की पहली त्रि-सेवा महिला नौकायन परिक्रमा




### राजनाथ सिंह ने 'समुद्र प्रदक्षिणा' अभियान का किया शुभारंभ

**मुंबई।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को मुंबई के गेटवे ऑफ इंडिया से 'समुद्र प्रदक्षिणा' अभियान को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए रवाना किया। यह दुनिया की पहली ऐसी नौकायन परिक्रमा है, जिसमें थलसेना, नौसेना और वायुसेना की केवल महिला अधिकारी शामिल हैं। यह अभियान 9 महीने का होगा, जिसमें 10 महिला अधिकारी भारतीय सेना द्वारा निर्मित 50 फीट लंबे इंडियन आर्मी सेलिंग वेसल त्रिवेणी पर करीब 26,000 नॉटिकल मील की दूरी तय करेंगी रक्षा मंत्री ने कहा कि यह अभियान नारी शक्ति, तीनों सेनाओं की एकता, आत्मनिर्भर भारत और भारत की वैश्विक सोच का प्रतीक है। उन्होंने इसे सिर्फ एक यात्रा नहीं बल्कि अनुशासन और इच्छाशक्ति की आध्यात्मिक साधना बताया।

### क्राउन प्रिंस के साथ आईआईएम दुबई कैंपस का किया उद्घाटन

**नई दिल्ली।** आईआईएम अहमदाबाद ने दुबई में अपना नया कैंपस शुरू किया है। गुरुवार को दुबई के क्राउन प्रिंस शेख हमदान बिन मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम ने नए कैंपस का उद्घाटन किया। भारत के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने एक्स पर लिखा कि आईआईएम अहमदाबाद दुबई परिसर का उद्घाटन किया जाना हमारे लिए बहुत सम्मान की बात है। यह पीएम नरेंद्र मोदी जी की परिकल्पना के अनुरूप भारतीय शिक्षा के वैश्वीकरण की दिशा में एक और बड़ी छलांग है। आईआईएम अहमदाबाद दुबई परिसर भारत की सर्वश्रेष्ठ प्रतिभा को दुनिया तक पहुंचाएगा।

### छत्तीसगढ़ में 10 नक्सली मारे गए, फायरिंग जारी

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में गुरुवार को सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई, जो अभी भी जारी है। इसमें 1 करोड़ के इनामी नक्सली मोडेम बालकृष्ण समेत 10 नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। एसपी निखिल राखेचा ने मैनपुर के जंगलों में मुठभेड़ की पुष्टि की है। रायपुर रेंज के आईजी अमरेश मिश्रा ने बताया कि मैनपुर थाना क्षेत्र के जंगल में सुरक्षाकर्मी नक्सल विरोधी अभियान पर थे।, तभी उनका सामना नक्सलियों से हो गया और दोनों तरफ से गोलीबारी शुरू हो गई।

## स्कूल में गोलीबारी, 3 किशोर घायल

**वाशिंगटन।** अमेरिका के डेनवर इलाके में एक स्कूल में गोलीबारी से दहशत फैल गई। इस घटना में तीन किशोर गंभीर रूप से घायल हुए हैं। जेफरसन काउंटी शेरिफ कार्यालय की प्रवक्ता जैकी केली ने बताया कि डेनवर के उपनगरीय क्षेत्र में स्थित एवरग्रीन हाई स्कूल में यह घटना हुई। गोलीबारी की इस घटना में संदिग्ध हमलावर भी घायल हुआ है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यह अभी तक स्पष्ट नहीं है कि गोलीबारी का कारण क्या था या संदिग्ध हमलावर, जो स्कूल का ही एक छात्र माना जा रहा है, कैसे घायल हुआ।

### राष्ट्रपति ट्रंप के करीबी चार्ली की हत्या

## गले में मारी गोली, हमलावर की तलाश में जुटी एफबीआई



एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका की यूटा वैली यूनिवर्सिटी में एक कार्यक्रम के दौरान कंजरवेटिव युवा नेता और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के करीबी सहयोगी चार्ली किर्क की गोली मारकर हत्या कर दी गई। चार्ली किर्क की हत्या में एक संदिग्ध को हिरासत में लिया गया था, लेकिन कई घंटों पूछताछ के बाद उसे रिहा कर दिया गया। सुरक्षा एजेंसियां हत्यारे की तलाश में जुटी हैं। चार्ली किर्क यूटा वैली यूनिवर्सिटी के एक कार्यक्रम में भाषण दे रहे थे, तभी उनके गले में गोली मार दी गई। करीबी की हत्या के बाद ट्रंप काफी आगबबूला हैं और उन्होंने इसके लिए कट्टर वामपंथी सोच को जिम्मेदार बताया।

**गर्दन से बहने लगा खून**

एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि किर्क 'ट्रांसजेंडर और मॉस शूटर्स' के बारे में एक सवाल का जवाब दे रहे थे। उसी दौरान गोली की आवाज सुनाई दी। इसके बाद उनकी गर्दन से खून बहने लगा। इसके बाद किर्क को उनके गार्ड्स स्ट्रेचर पर ले गए। चैफेट्ज के मुताबिक जैसे ही गोली चली, वह पीछे की ओर गिर गए। हर कोई जमीन पर लेट गया। बहुत से लोग चिल्लाने लगे, और फिर हर कोई भागने लगा। चार्ली किर्क अमेरिका में राइट विंग के जाने-माने एक्टिविस्ट थे। वे अमेरिका के सबसे बड़े कंजरवेटिव यूथ मूवमेंट के प्रमुख थे। यह मूवमेंट 2012 में शुरू हुआ था। तब 18 साल के किर्क इसके को-फाउंडर बने थे।

**अमेरिका के लिए काला दिनः ट्रंप**

*इस घटना के बाद ट्रंप ने कहा कि ये अमेरिका के लिए एक काला दिन है। चार्ली जैसे कमाल के अमेरिकी लोगों को कुछ चरमपंथी नाजी कहकर बुलाते हैं, इसी तरह के लोग आतंकवाद के लिए जिम्मेदार हैं। ये सब अब बंद होना चाहिए। हम लोग हिंसा में शामिल हर किसी को ढूंढकर उन्हें सजा देने का काम करेंगे। उन्होंने एक वीडियो शेयर करते हुए चार्ली की काफी तारीफ की और कहा कि हम उनके परिवार के साथ खड़े हैं। वहीं एफबीआई के डायरेक्टर काश पटेल ने भी इस घटना पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि एफबीआई कार्रवाई और जांच में पूर्ण सहयोग के लिए तैयार है।*



## यह ट्रेन सैरांग स्टेशन (आइजोल) को दिल्ली के आनंद विहार टर्मिनल से जोड़ेगी

कल भारतीय रेलवे रचेगा नया इतिहास

# मिजोरम से पहली राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन की कल से होगी शुरुआत, पीएम दिखाएंगे हरी झंडी

***यह ट्रेन सैरांग स्टेशन (आइजोल) से 2,510 किलोमीटर की दूरी 43 घंटे 25 मिनट में तय कर दिल्ली के आनंद विहार टर्मिनल रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। फिलहाल यह एक नियमित साप्ताहिक ट्रेन होगी***

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार 13 सितंबर को मिजोरम से दिल्ली के लिए पहली राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे।

यह ट्रेन सैरांग स्टेशन (आइजोल) को दिल्ली के आनंद विहार टर्मिनल से जोड़ेगी। इसकी नियमित साप्ताहिक सेवा 19 सितंबर से शुरू होगी। यह जानकारी पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे की ओर से शेयर की गई है। यह राजधानी एक्सप्रेस मिजोरम और देश की राजधानी के बीच पहली सीधी रेल सेवा होगी। ट्रेन 2,510 किलोमीटर की दूरी 43 घंटे 25 मिनट में तय करेगी, जिसकी औसत रफ्तार 57.81 किमी/घंटा होगी। राजधानी एक्सप्रेस के अलावा प्रधानमंत्री मोदी दो और ट्रेनों को भी रवाना करेंगे। यह ट्रेन हैं- सैरांग-गुवाहाटी डेली एक्सप्रेस और सैरांग-कोलकाता त्रि-साप्ताहिक ट्रेन।

13 सितंबर को उद्घाटन के दिन ट्रेन का शेड्यूल नियमित सेवा से अलग रहेगा। 20 कोचों वाली यह ट्रेन सुबह 10 बजे सैरांग स्टेशन से रवाना होगी और सोमवार सुबह 7:30 बजे आनंद विहार स्टेशन पहुंचेगी। नियमित तौर पर ट्रेन संख्या 20597 के तहत यह राजधानी एक्सप्रेस 19 सितंबर को शाम 4:30 बजे सैरांग से रवाना होगी और 21 सितंबर को सुबह 10:50 बजे दिल्ली पहुंचेगी। वापसी में, ट्रेन संख्या 20598 के रूप में यह 21 सितंबर को रात 7:50 बजे आनंद विहार से प्रस्थान करेगी और 23 सितंबर (मंगलवार) दोपहर 3:15 बजे सैरांग पहुंचेगी।




## कठिन चुनौतियों को पार कर हुआ प्रोजेक्ट पूरा

रेलवे अधिकारियों के मुताबिक बैराबी से सैरांग के बीच की नई लाइन अब तक विद्युतीकृत नहीं हुई है, इसलिए इस हिस्से में डीजल इंजन का इस्तेमाल होगा। गुवाहाटी से दिल्ली तक का सफर इलेक्ट्रिक इंजन द्वारा तय किया जाएगा। रेल अधिकारियों ने बताया कि इस प्रोजेक्ट ने कठिन भौगोलिक परिस्थितियों, सीमित कार्य अवधि और बार-बार आने वाले भूस्खलनों जैसी चुनौतियों को पार कर पूरा किया है।

## खबर संक्षेप

### एसडीओ को रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा



**मंडला।** जनजातीय कार्य विभाग मंडला में एसडीओ के पद पर कार्यरत सहायक यंत्री नरेंद्र गुप्ता को लोकायुक्त की टीम ने 20 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा है। पुलिस ने उनके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। बिल भुगतान के एवज में कमीशन की मांग की जा रही थी। आवेदक रोशन कुमार ने शिकायत लोकायुक्त में की थी। टीम द्वारा गुरुवार को जनजातीय कार्यालय में जाल बिछाया था।

### अब सबसे अमीर लैरी एलिसन बन गए



**वॉशिंगटन।** अरबपतियों की लिस्ट में बड़ा बदलाव हुआ है। दुनिया पर राज करने वाले टेस्ला के सीईओ एलन मस्क अब टॉप नंबर पर नहीं है। उन्हें ओरेकल के सह-संस्थापक और चेयरमैन लैरी एलिसन ने पीछे छोड़ दिया है। लैरी एलिसन पहली बार दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। ब्लूमबर्ग के बिलियनेयर्स इंडेक्स के अनुसार एलिसन की कुल संपत्ति 101 बिलियन डॉलर बढ़कर कुल 393 अरब डॉलर तक पहुंच गई।

### सोनिया पर एफआईआर की मांग वाली याचिका खारिज



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने भारतीय नागरिकता मामले में सोनिया गांधी को बड़ी राहत दी है। अदालत ने भारतीय नागरिक बनने से पहले वोट देने का आरोप लगाने वाली याचिका खारिज कर दी है। याचिका में कहा गया था कि, भारतीय नागरिकता हासिल करने से पहले कैसे साल 1980 की मतदाता सूची में सोनिया ने अपना नाम जुड़वाया। एफआईआर दर्ज करने की भी मांग की गई थी।

## सीआरपीएफ का खरगे को खत : पिछली विदेश यात्राओं के दौरान सुरक्षा घेरा तोड़ा

राहुल को उच्चतम स्तर की जेड प्लस सुरक्षा प्राप्त

# राहुल लगातार तोड़ रहे सुरक्षा के प्रोटोकॉल, यह 'चिंता' का विषय

*पत्र में सीआरपीएफ ने राहुल गांधी की इटली, वियतनाम, दुबई, कतर, लंदन और मलेशिया जैसे देशों की विदेश यात्राओं का जिक्र किया*



***सीआरपीएफ ने राहुल गांधी को भी एक अलग पत्र लिखकर इस मामले से अवगत कराया***

***भविष्य की यात्राओं के दौरान सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित करने की अपील की***



पिछले महीने पूर्णिया में वोट अधिकार यात्रा में युवक कूद गया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को पत्र लिखकर पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की ओर से पिछली विदेश यात्राओं के दौरान सुरक्षा प्रोटोकॉल के उल्लंघन का जिक्र किया है। सीएपीएफ ने राहुल गांधी को भी एक अलग पत्र लिखकर इस मामले से अवगत कराया है।

सीआरपीएफ ने कहा है कि उनकी सुरक्षा को देखते हुए यह गंभीर चिंता का विषय है। सीआरपीएफ ने 10 सितंबर को दोनों नेताओं को भेजे गए अलग-अलग पत्रों में यह मुद्दा उठाया और भविष्य की यात्राओं के दौरान सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित करने की अपील की।

### संभावित जोखिमों के प्रति चेताया

पत्र में कहा गया है कि राहुल को एडवांस सिक्योरिटी लाइजन (एएसएल) कवर के साथ उच्चतम स्तर की जेड प्लस सुरक्षा प्राप्त है। उन्होंने कई मौकों पर अनिवार्य सुरक्षात्मक उपायों का पालन करने में समर्थता जताई। सीआरपीएफ ने हाल ही में राहुल और खरगे दोनों को भेजे गए पत्र में कहा कि इस तरह की चूक वीवीआईपी सुरक्षा व्यवस्था की प्रभावशीलता को कमजोर करती है और उन्हें संभावित जोखिमों के प्रति संवेदनशील बना सकती है।

### 6 देशों में सुरक्षा की अनदेखी की



सीआरपीएफ ने 10 सितंबर को दोनों नेताओं को भेजे गए अलग-अलग पत्रों में यह मुद्दा उठाया और भविष्य की यात्राओं के दौरान सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित करने की अपील की। अपने पत्र में सीआरपीएफ ने राहुल गांधी की इटली, वियतनाम, दुबई, कतर, लंदन और मलेशिया जैसे देशों की विदेश यात्राओं का जिक्र किया।

### सुरक्षा विंग को देनी होती है पूर्व सूचना

राहुल गांधी अक्सर निजी और राजनीतिक कार्यक्रमों के लिए विदेश यात्रा करते रहे हैं। यलो बुक प्रोटोकॉल के तहत उच्च श्रेणी की सुरक्षा प्राप्त व्यक्तियों को पर्याप्त सुरक्षात्मक तैनाती सुनिश्चित करने के लिए विदेश यात्रा सहित अपनी गतिविधियों के बारे में उन्हें सुरक्षा प्रदान करने के लिए नियुक्त सुरक्षा विंग को पूर्व सूचना देनी होती है। अधिकारियों ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने इन प्रक्रियाओं का लगातार पालन नहीं किया है। यह पहली बार नहीं है, जब राहुल गांधी की सुरक्षा जांच के दायरे में आई है। इससे पहले भी सुरक्षा एजेंसियों ने ऐसे मामलों को उजागर किया है, जहां उन्होंने कथित तौर पर स्थापित प्रोटोकॉल की अनदेखी की, जिससे संभावित खतरों को लेकर चिंताएं पैदा हुईं।

## नीमच–झालावाड़ मार्ग पर बवाल

# प्लांट की बस ने ली मजदूर की जान, गुस्साए ग्रामीणों ने बस को ही फूंक दिया



खिमला स्थित पावर प्लांट में भीड़ ने की जमकर तोड़-फोड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नीमच

जिले के खिमला में ग्रीनको पावर जनरेशन प्रोजेक्ट में गुरुवार सुबह प्लांट से जुड़ी एक बस ने बाइक सवार तीन मजदूरों को टक्कर मार दी। हादसे में एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने टक्कर मारने वाली बस में आग लगा दी। इसके बाद भीड़ आक्रोशित होकर खिमला स्थित पावर प्लांट में घुस गई और जमकर तोड़फोड़ की। मौके पर तनाव की स्थिति बन गई। सूचना मिलते ही तहसीलदार मृगेंद्रसिसौदिया और रामपुरा थाना प्रभारी विजय सगारिया पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

### जाम में कई वाहन फंसकर रह गए

घटना सुबह करीब 9:30 बजे खिमला प्लांट के पास यह घटना हुई। बाइक पर सवार मजदूर लच्छू राम पिता रामेश्वर रावत (28) निवासी अमरपुरा की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि गोविंद पिता परसराम रावत (27) निवासी अमरपुरा और अनिल मीणा (18) निवासी मगड़दा थाना रामपुरा गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की जानकारी फैलते ही ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जमा हो गई और नीमच–झालावाड़ मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। जाम में कई वाहन फंस गए।


## सख्त और पारदर्शी छवि वाले अधिकारियों में गिनती

# सीएम से मिले जनसंपर्क आयुक्त दीपक सक्सेना, पदभार ग्रहण किया

उन्होंने जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों से बातचीत की और परिचय प्राप्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल





जनसंपर्क आयुक्त के तौर पर दीपक सक्सेना ने गुरुवार को पदभार ग्रहण किया। उन्होंने सबसे पहले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात की और उसके बाद जनसंपर्क संचालनालय में कार्यभार संभाल लिया। सीएम डॉ. यादव ने उनका स्वागत किया। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों से बातचीत की और परिचय प्राप्त किया। इस मौके पर अपर संचालक जीएस वाधवा, संजय जैन सहित विभाग के कई और अधिकारी उपस्थित थे।

## सोम डिस्टलरी पर सेंट्रल एक्साइज का छापा

# कंपनी प्रबंधन ने 14 करोड़ रुपए किए सरेंडर



■ इंपोर्ट लाइसेंस में हेरफेर कर टैक्स चोरी

**भोपाल।** सेंट्रल एक्साइज डिपार्टमेंट की टीम ने भोपाल और रायसेन जिले में सोम डिस्टलरी के 5 ठिकानों पर छापे की कार्रवाई की है। यह कार्रवाई बुधवार शाम से शुरू हुई और गुरुवार तक जारी रही। मामला टैक्स चोरी से जुड़ा है। छापे में सेंट्रल एक्साइज की टीम ने वित्तीय ट्रांजेक्शन से जुड़े दस्तावेज बरामद किए हैं जिनका असेसमेंट किया जा रहा है। हालांकि, छापे के बाद कंपनी प्रबंधन ने 14 करोड़ रूपए सरेंडर किए हैं।

## नेपाल में फंसे श्योपुर के चार दोस्त

# मोबाइल लोकेशन की मदद से आधी रात पहुंचे बिहार



■ सुरक्षित निकालने के लिए वीडियो जारी किया था

**श्योपुर।** देश से बाहर घूमने की चाहत श्योपुर के चार युवाओं को उस समय भारी पड़ गई, जब वह नेपाल में तख्ता पलट के लिए हुए आंदोलन के बीच फंस गए। मोबाइल पर खुद के फंसे होने की सूचना उक्त युवाओं ने अपने परिवार को दी। बाद में बुधवार और गुरुवार की रात वह नेपाल बोर्डर पार कर पैदल ही भारत (बिहार) पहुंच गए। इस दौरान उन्होंने मोबाइल लोकेशन के माध्यम से रास्ता पार किया।

## 2025 में 11 स्टार्टअप यूनिकॉर्न बने

# गेमिंग कानून के बाद ड्रीम 11 समेत चार सूची से बाहर



■ जेरोधा देश का सबसे मूल्यवान यूनिकॉर्न

**नई दिल्ली।** साल 2025 में भारत के 11 नए स्टार्टअप यूनिकॉर्न क्लब में शामिल हुए हैं। इससे इनकी कुल संख्या 73 हो गई है। एएसके प्राइवेट वेल्थ हुरुन इंडिया यूनिकॉर्न एंड फ्यूचर यूनिकॉर्न रिपोर्ट 2025 में यह बता कही गई है। देश के नए यूनिकॉर्न में एआई.टेक, नवी टेक्नोलॉजीज, रैपिडो, नेट्राडाइन, जंबोटेल और डार्विनबॉक्स शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम में कई निवेशकों की ओर से फंडिंग गतिविधि देखी गई।

## मप्र सहित 4 राज्यों से 5 संदिग्ध आंतकियों को पकड़ा

आरोपियों के पास से आईईडी बनाने का मिला सामान

# आईएसआईएस का 1 संदिग्ध आतंकी ब्यावरा से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



दिल्ली पुलिस की स्पेशल टीम ने प्रदेश के राजगढ़ जिले के ब्यावरा शहर से इस्लामिक स्टेट ऑफ सीरिया से जुडे संदिग्ध आतंकी को गिरफ्तार किया है।

सिटी टीआई वीरेंद्र सिंह ने बताया कि दिल्ली पुलिस की टीम ने बुधवार को शहर की शहीद कॉलोनी से कामरान कुरैशी की पकड़ कर पूछताछ की थी। जिसें कामरान पर आर्म्स एक्ट से जुड़ा मामला सामने आया था। आईईडी बनाने में इस्तेमाल होने वाल विस्फोटक सामान बरामद होने के चलते देश भर के 4 राज्यों से 5 लोगों की गिरफ्तारी की गई है, जिसमें से 1 ब्यावरा का कामरान है। जबकि अन्य संदिग्ध आतंकियों में 2 दिल्ली, 1 तेलंगाना,1 हैदराबाद और 1 ब्यावरा से हैं।

### सोशल मीडिया से नेटवर्क फैलाने का शक

दिल्ली पुलिस द्वारा पकड़े गए ये संदिग्ध आरोपी सोशल मीडिया के माध्यम से अपना नेटवर्क फैलाकर युवाओं को कट्टरपंथी बनाने का काम कर रहे थे। किसी साजिश को अंजाम देना इनका मकसद था, लेकिन कामयाब हो पाते, इससे पहले ही दिल्ली पुलिस की टीम ने इन्हें दबोच लिया। बता दें कि ब्यावरा से पकड़े गए संदिग्ध आतंकी कामरान कुरैशी के परिवार में पिता की वेल्डिंग की दुकान है।

## राज्यपालों के अधिकार पर आखिरी सुनवाई में सीजेआई की बड़ी टिप्पणी

दस दिनों तक चली इस लंबी बहस के बाद सर्वोच्च अदालत ने फैसला सुरक्षित रखा

# अगर कोई फैसला न ले तो हम हाथ पर हाथ धरे तो नहीं 'बैठे' रह सकते

***कोर्ट दो महीने में अपनी राय राष्ट्रपति को भेज सकता है, क्योंकि सीजेआई 23 नवंबर को रिटायर हो जाएंगे***

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सुप्रीम कोर्ट को अनुच्छेद 143 के तहत कुछ रेफरेंस भेजे थे और जानना चाहा था कि राज्यपालों की शक्ति कहां तक है? राज्य विधानसभा अगर कोई बिल पास करके राज्यपाल को भेजे तो क्या राज्यपाल के लिए कोई समय सीमा तय की जा सकती है? इस पर चीफ जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली संविधान पीठ ने आखिरी सुनवाई पूरी कर ली।दस दिनों तक चली इस लंबी बहस के बाद सर्वोच्च अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। कोर्ट दो महीनों के भीतर अपनी राय राष्ट्रपति को भेज सकता है।

***सीजेआई बोले- मैं सेपरेशन ऑफ पावर में भरोसा करता हूं। जजों का दखल जरूरी है, लेकिन यह एडवेंचर में नहीं बदलना चाहिए***



### राज्यों की दलीलें

तमिलनाडु, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल और हिमाचल प्रदेश सरकारों ने कहा कि गवर्नर अगर अनिश्चितकाल तक बिल रोक सकते हैं, तो यह लोकतंत्र की मूल भावना को खत्म कर देगा। केरल सरकार ने कहा कि अगर गवर्नर बिल को रोके रखते हैं, तो मंत्रिपरिषद उन्हें मजबूर कर सकती है कि वे उस पर फैसला करें। केंद्र सरकार का पक्ष था कि कोर्ट गवर्नर या राष्ट्रपति को बाध्यकारी आदेश जारी नहीं कर सकता।

### केंद्र सरकार की दलील

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सरकार की ओर से दलील रखते हुए कहा कि कार्यपालिका और विधायिका भी संविधान के संरक्षक हैं। उन्होंने तर्क दिया कि गवर्नर के विवेकाधिकार से जुड़े मामलों में सुप्रीम कोर्ट अगर समयसीमा तय करता है, तो यह शक्तियों के विभाजन के सिद्धांत का उल्लंघन होगा। मेहता ने उदाहरण देते हुए कहा कि अगर कोई राज्य सरकार ऐसा बिल पास करती है जिसमें लिखा हो कि वह राज्य भारत का हिस्सा नहीं रहेगा, तो गवर्नर के पास असहमति जताने के अलावा कोई विकल्प नहीं होगा। इसलिए गवर्नर को असहमति का अधिकार है।

# ग्वालियर सीई सूर्यवंशी का मामला गहराया, विभागीय जांच में भी हुई लीपापाती, ग्वालियर में भी ढेरों शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पीडब्ल्यूडी के ग्वालियर में पदस्थ ग्वालियर चंबल संभाग के मुख्य अभियंता एसएल सूर्यवंशी के भ्रष्टाचार का मामला अब और गहरा गया है। इससे पहले भवन विंग में उन्होंने गंभीर अनियमितता की। इसकी शिकायत राज्य शासन को हुई।

सरकार ने ईएनसी पीडब्ल्यूडी को जांच कर प्रतिवेदन देने को कहा था। इस पर ईएनसी के जांच प्रतिवेदन में करोड़ों रुपए की अनियमितता पाई और रिपोर्ट दे दी। ताज्जुब यह कि गंभीर अनियमितता होने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। अब ग्वालियर में करोड़ों रुपए की हेराफेरी का फिर से चर्चाओं में है।



## ग्वालियर में 118 फाइलें चोरी होने का मामला संदेहास्पद

▸ ग्वालियर में पीडब्ल्यूडी संभाग एक के समस्त ठेकेदार जो कि पिछले 4 माह से अपने पूर्ण किए गए कार्य एवं रनिंग देयकों के भुगतान की मांग कर रहे है। भुगतान के सम्बन्ध में मुख्य अभियन्ता सूर्यवंशी 118 टेन्डर फाइल चोरी होने की बात करके गुमराह कर गलत जानकारी दिए हैं। आरोप हैं कि उनमें से 100 फाइलों का करोड़ों रुपए का भुगतान सांठगांठ कर कर दिया गया। जबकि चोरी गई 118 फाईलों से इन ठेकेदारों का कोई लेना-देना नहीं है। वह विभाग से चोरी हुई हैं। इसमें सम्बन्धित कर्मचारी को निलंबित भी किया जा चुका है। यह मामला अभी भी संदेहास्पद बना हुआ है। चूंकि इनके कार्यकाल में बड़ी अनियमितता की गई है।

## पेनाल्टी लगाने में गंभीर शिकायतें मिली

सूर्यवंशी पर एक कंस्ट्रक्शन कंपनी को नियमों से हटकर लाभ पहुंचाने का मामला सामने आया था। इसमें पेनाल्टी लगानें में गंभीर शिकायतें मिली। इससे शासन को करोड़ों की क्षति हुई। उन पर विभागीय जांच बिठाने का प्रस्ताव हुआ। किंतु उस समय के अधिकारियों ने सांठगांठ कर मामलों को दबा दिया गया। जबकि ईएनसी ने कार्रवाई करने की अनुशंसा की थी। भोपाल में पदस्थापना के दौरान सूर्यवंशी ने करोड़ों रुपए क्षति शासन को पहुंचाई। किंतु कुछ भी कार्रवाई नहीं की गई। इसके बजाय मामले में लीपापोती कर दी गई। अब ग्वालियर पदस्थापना में भी सूर्यवंशी ने वही कारगुजारी की और शासन को चूना लगाया। ग्वालियर में तो ठेकेदारों ने भी उनके खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उनके खिलाफ कई तथ्यात्मक आरोप लगाए गए है, जिनकी यदि जांच हो जाए तो करोड़ों रुपए की वसूली हो सकती है।

*ग्वालियर के स्थानीय लोगों ने की राज्य शासन से शिकायत कर उच्च स्तरीय जांच की मांग*

## अपने निवास व कार्यालय में फिजूलखर्ची कर करोड़ों रुपए का काम कराया

सूर्यवंशी ने ग्वालियर के निवास में लगभग 1 करोड़ 50 लाख का कार्य कराया गया। वह किस अनुबन्ध के तहत कराया गया, क्या शासन से अनुमति ली गई है या यह मुख्य अभियन्ता के अधिकार क्षेत्र में था, मुख्य अभियन्ता जवाब नहीं दे रहे हैं। इसकी जांच की मांग की गई है। इसी तरह मुख्य अभियन्ता कार्यालय में लगभग 1.5 से 2 करोड़ के कार्य कराए गए। वह किस अनुबन्ध के तहत कराए गए। मुख्य अभियन्ता ने घोर अनियमिततायें की है। इसमें शासन को तो क्षति पहुंचाई गई, बिना नियम के करोड़ों का खर्च किया गया। इस संबंध में मुख्य अभियंता एसएल सूर्यवंशी से प्रतिक्रिया के लिए संपर्क किया गया तो कोई जवाब नहीं मिला। इस बारे में वरिष्ठ अधिकारियों ने भी बात करने की गुरेज नहीं की।

## कोर्ट तक को झूठी जानकारी दे चुके हैं

इन ठेकेदारों ने आरोप लगाया कि मुख्य अभियन्ता सूर्यवंशी के ग्वालियर हाईकोर्ट में एक प्रकरण में गलत जानकारी देने पर ग्वालियर हाईकोर्ट ने इनके खिलाफ गलत जानकारी प्रस्तुत करने पर जबाव मांगा था। उसी परिप्रेक्ष्य में सूर्यवंशी ने ग्वालियर हाईकोर्ट में माफीनामा प्रस्तुत किया। सूर्यवंशी पर यह भी आरोप है कि इनकी आदत में हर प्रकरण को गुमराह कर अधिकारी, कर्मचारी एवं ठेकेदारों को ब्लैकमेल करने की आदत है।

## खबर संक्षेप

### 'मेडिसिन अपडेट कांफ्रेंस 2025' में शामिल होंगे सीएम डॉ. यादव

**भोपाल।** एलएन मेडिकल कॉलेज कोलार में 14 सितंबर को आयोजित होने वाली एक दिवसीय 'मेडिसिन अपडेट कांफ्रेंस 2025' में मुख्यमंत्री मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। बुधवार को सम्मेलन के आयोजन सचिव डॉ. नर्मदा पटेल ने बताया कि इस शैक्षणिक सम्मेलन का उद्देश्य स्नातकोत्तर चिकित्सा विद्यार्थियों को नवीनतम शोध और उपचार पद्धतियों से परिचित कराना और उन्हें मिशन 2047 के लिए तैयार करना है। कांफ्रेंस में विशेषज्ञ फैकल्टीज को आमंत्रित किया गया है। सम्मेलन में 50 से अधिक शोध पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे, जिनमें आधुनिक चिकित्सा क्षेत्र में हो रहे नवाचारों, चुनौतियों और उनके समाधान पर विस्तार से चर्चा होगी।

### श्रमिकों से प्रस्ताव आमंत्रित

**भोपाल।** श्रम विभाग ने श्रमणा श्रम सहकारी समितियों के गठन के लिए श्रमिकों से प्रस्ताव आमंत्रित किए हैं। नई पहल के तहत प्रदेश के कुशल श्रमिकों को नवीनतम तकनीक का उपयोग करते हुए श्रमिक सहकारी समितियां बनाने का अवसर प्रदान किया जा रहा है, जिससे सहयोग और आय के न्यायपूर्ण वितरण को सुनिश्चित किया जा सके और प्रशिक्षित प्रमाणित श्रमिकों को रोजगार एवं स्व-रोजगार के अवसर उपलब्धर कराए जा सकें।

### प्रधानमंत्री के मेक इन इंडिया और विकसित भारत के संकल्प को करेंगे साकार: सीएम डॉ. यादव

# निवेशकों को सरल प्रक्रियाओं, सुलभ नीतियों और सरकारी सहयोग से विस्तार करने का पूर्ण अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उद्योगपतियों से कहा कि कोलकाता जैसे ऐतिहासिक और बौद्धिक केंद्र से संवाद करना राज्य में निवेश के लिए उत्साह और नई ऊर्जा प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि राज्य में विकसित औद्योगिक कॉरिडोर, लॉजिस्टिक हब और आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर निवेशकों को मजबूत प्रतिस्पर्धी लाभ देते हैं।

सड़क, रेल और हवाई नेटवर्क के माध्यम से पूरे देश में उत्पाद और सेवाओं की आपूर्ति सरल और त्वरित रूप से की जा सकती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में निवेशकों को सरल प्रक्रियाओं, सुलभ नीतियों और सक्रिय सरकारी सहयोग के माध्यम से व्यवसाय का विस्तार करने का पूर्ण अवसर मिलता है।

**खास बात**

- राज्य में विकसित औद्योगिक कॉरिडोर, लॉजिस्टिक हब और आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर निवेशकों को मजबूत प्रतिस्पर्धी लाभ देते हैं



### मप्र में कृषि, माइनिंग और ऊर्जा सेक्टर में हैं अपार संभावनाएं: पुष्कर अग्रवाल

श्याम मेटालिक्स के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक तथा इंडियन चेंबर ऑफ कॉमर्स के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट पुष्कर अग्रवाल ने अपने अनुभव साझा किए। अग्रवाल ने कहा कि उनकी कंपनी ने हाल के वर्षों में प्रदेश में उत्पादन दोगुना किया है और 1000 से अधिक लोगों को रोजगार दिया है। वे जल्द ही 4000 करोड़ रु. से अधिक का नया निवेश करने जा रहे हैं। प्रताप ग्रुप के डायरेक्टर हर्ष अग्रवाल ने कहा कि मध्यप्रदेश आज भारत में बिजनेस और इंडस्ट्री के लिए सबसे आकर्षक स्थलों में गिना जाता है। देश के हृदय में स्थित यह राज्य बेहतर कनेक्टिविटी, प्राकृतिक संसाधनों की प्रचुरता और कुशल जनशक्ति के साथ निवेश के लिए उपयुक्त वातावरण उपलब्ध कराता है। उन्होंने बताया कि निवेश नीति, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस सुधार और विश्वस्तरीय आधारभूत संरचना जैसे औद्योगिक कॉरिडोर और पीएम मित्रा पार्क राज्य की दूरदर्शी सोच को दर्शाते हैं।

### मुख्यमंत्री देश के सबसे शिक्षित और दूरदर्शी नेताओं में से एकः रूइया

रुइया ग्रुप के सीएमडी पवन कुमार रुइया ने कहा कि मप्र आज देश की औद्योगिक प्रगति और आर्थिक परिवर्तन का नया केंद्र बन रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को देश के सबसे शिक्षित, सरल और दूरदर्शी मुख्यमंत्रियों में से एक बताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में प्रदेश उद्योग और विकास की नई ऊंचाइयां छू रहा है। उत्कृष्ट आधारभूत संरचना, दक्ष मानव संसाधन और प्रगतिशील नीतियों ने मप्र को निवेशकों के लिए आकर्षक बनाया।

**इंटरैक्टिव सेशन में प्राप्त हुए 14,600 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव**

| उद्योगपति का नाम | कम्पनी | सेक्टर | निवेश राशि (करोड़ में) | अनुमानित रोजगार |
|---|---|---|---|---|
| पवन कुमार रूईया | रूईया ग्रुप | मल्टी | 4200 | 5000 |
| ज्ञानेश चौधरी | विक्रम सोलार | नवकरणीय ऊर्जा | 10150 | 9000 |
| यशवर्धन अग्रवाल | इसेन बायोग्रीन प्रालि/ | आयुरवृद्धि फूड प्रोसेसिंग | 150 | 400 |
| विपुल कंसाल | अजंता शूज | फुट वियर | 100 | 2500 |
| योग | | | 14600 | 16900 |

### निवेशक-हितैषी नीतियों से मध्यप्रदेश बना आकर्षक निवेश स्थल

*इन्वेस्ट इन एमपी इंटरएक्टिव सेशन में औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग के प्रमुख सचिव राघवेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि मप्र अपनी प्राकृतिक संपदा और निवेशक-हितैषी नीतियों के कारण उद्योगों का पसंदीदा गंतव्य बन रहा है। उन्होंने बताया कि राज्य में एक लाख एकड़ से अधिक का इंडस्ट्रियल लैंड बैंक, मजबूत एयर कनेक्टिविटी और विश्वस्तरीय आधारभूत संरचना उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश कॉपर, मैंगनीज और डायमंड का सबसे बड़ा उत्पादक है और सीमेंट उत्पादन में भी अग्रणी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ग्रीन इंडस्ट्रीज को 100% छूट, एक्सपोर्ट यूनिट्स को 50% प्रोत्साहन और कस्टमाइज्ड पैकेज पॉलिसी जैसी विशेष सुविधाएं दे रही है। मप्र देश में सबसे सस्ती बिजली लगभग 4 रुपए 50 पैसे प्रति यूनिट उपलब्ध है।*

भारतीय शिक्षण मंडल का अखिल भारतीय विस्तारक वर्ग प्रारंभ



# भारत तलवार से नहीं, ज्ञान से विश्वगुरु बना : पाण्डेय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वर्तमान समय में भारतीय संस्कृति ही विश्व का मार्गदर्शन कर सकती है। भारत कभी तलवार के बल पर नहीं, बल्कि ज्ञान के बल पर विश्वगुरु बना था।

यह बात राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघचालक अशोक पाण्डेय ने बुधवार को भारतीय शिक्षण मंडल के अखिल भारतीय विस्तारक वर्ग के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि एक हजार वर्षों की पराधीनता और तीन सौ वर्षों की कुटिल नीतियों ने हमारी गौरवशाली ज्ञान-परंपरा को आघात पहुंचाया, किंतु अब शोध और अध्ययन के बल पर भारत-केंद्रित शिक्षा की पुनर्स्थापना का महायज्ञ प्रारंभ हुआ है।

भारतीय शिक्षण मंडल इसी महायज्ञ का अग्रणी सहभागी है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि भारतीय शिक्षण मंडल के अखिल भारतीय महामंत्री डॉ. भरतशरण सिंह ने कहा कि संगठन में प्रशिक्षण अनिवार्य है। सात दिन के इस वर्ग में विस्तारकों के भीतर यही दृष्टिकोण और कुशलता विकसित होगी।

### 16 सितम्बर तक चलेगा अखिल भारतीय

भारतीय शिक्षण मंडल का यह अखिल भारतीय विस्तारक वर्ग 10 से 16 सितम्बर तक आइसर भोपाल में चलेगा। इसमें देशभर से आए 32 विस्तारक भाग ले रहे हैं। वर्ग में उन्हें बौद्धिक, शारीरिक एवं सांगठनिक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### पुस्तक एवं न्यूज लेटर का विमोचन

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. गोवर्धन दास, निदेशक, आइसर भोपाल एवं भारतीय शिक्षण मंडल के अखिल भारतीय उच्च शिक्षा गतिविधि प्रमुख ने कहा कि जब विश्व अज्ञान के अंधकार में डूबा था, तब भारत प्रकाश देता था। इस अवसर पर न्यूज लेटर का विमोचन किया गया। साथ ही अर्चना प्रकाशन द्वारा प्रकाशित पुस्तक 'इंडियन नॉलेज सिस्टम' का लोकार्पण भी हुआ।

## राशिफल

**मेष** — कारोबार के कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** — मन परेशान हो सकता है। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है।

**मिथुन** — परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। नौकरी में स्थान परिवर्तन हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में सफलता मिलेगी।

**सिंह** — बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा।

**कन्या** — नौकरी में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — भाग-दौड़ अधिक रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। शैक्षिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते हैं। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। व्यर्थ की चिंताओं से मन विचलित रहेगा।

**धनु** — व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**मकर** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। धन प्राप्ति के मार्ग बनेंगे।

**कुंभ** — मन प्रसन्न रहेगा। फिर भी आत्मसंयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मीन** — तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे, परन्तु किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

## सरकार ने ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया

# ड्रीम 11 सहित 3 अन्य स्टार्टअप यूनिकॉर्न सूची से बाहर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सरकार के पैसा आधारित गेमिंग कंपनियों की गतिविधियों को विनियमित करने के लिए कानून पेश किए जाने के बाद, ड्रीम11 और गेम्स24x7 सहित चार स्टार्टअप ने प्रतिष्ठित यूनिकॉर्न का दर्जा खो दिया है। बृहस्पतिवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। यूनिकॉर्न सूची से बाहर होने वाले पैसा आधारित गेम (आरएमजी) से जुड़ी दो अन्य स्टार्टअप गेम्सक्राफ्ट (तीन करोड़ उपयोगकर्ता) और मोबाइल प्रीमियर लीग (नौ करोड़) हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि ड्रीम11 के 26 करोड़ उपयोगकर्ता हैं जबकि गेम्स24x7 के 12 करोड़ उपयोगकर्ता हैं।

- दो अन्य कंपनियां गेम्सक्राफ्ट और मोबाइल प्रीमियर लीग

### कानून ने निवेशकों का विश्वास कम किया

रिपोर्ट में कहा गया है कि इस कानून ने निवेशकों का विश्वास कम किया है और यह उद्योग को दीर्घकाल में भरोसा बनाने और स्थिरता हासिल करने में मदद कर सकता है। सरकार के इस कदम के बाद, आरएमजी कंपनियों ने भारतीय क्रिकेट टीम का प्रायोजन बंद करने और अपने कर्मचारियों के एक बड़े हिस्से को नौकरी से निकालने सहित कई कदम उठाए हैं।



### ऑनलाइन सोशल गेमिंग को बढ़ावा देने विधेयक पारित

पिछले महीने, संसद ने पैसे के जरिये खेले जाने वाले सभी ऑनलाइन गेम पर प्रतिबंध लगाने और ई-स्पोर्ट्स तथा ऑनलाइन सोशल गेमिंग को बढ़ावा देने के लिए एक विधेयक पारित किया। यह कानून ऑनलाइन मनी गेम से संबंधित विज्ञापनों पर भी प्रतिबंध लगाता है साथ ही बैंकों और वित्तीय संस्थानों को ऐसे किसी भी गेम के लिए धन उपलब्ध कराने या हस्तांतरित करने से रोकता है।

### भारतीय स्टार्टअप की संख्या बढ़ी

इस बीच, आरएमजी कंपनियों के मूल्यांकन में गिरावट के बावजूद, इस साल यूनिकॉर्न सूची में भारतीय स्टार्टअप की कुल संख्या छह बढ़कर 73 हो गई। इस साल 11 नए यूनिकॉर्न शामिल हुए, जिनमें एआई.टेक, नवी टेक्नोलॉजीज, विवृति कैपिटल, वेरिटास फाइनेंस, रैपिडो, नेत्रडाइन, जंबोटेल, डार्विनबॉक्स, मनीव्यू, जसपे और ड्रूल्स शामिल हैं।

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:- 9229187457 (रायपुर /19/सितंबर/25)

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाइड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

## शब्द पहेली - 5986



**बाएँ से दाएँ**
1.नेमत,वर,ईष्टकृपा -4
3.उद्देश्य,ध्येय-4
8.सयाना,चतुर-4,3
10.मनुष्य-3
11.मोल,दाम-3
13.बैठने का स्थान-3
15.दौड़ना (अंग्रेजी-2)
17.पराजित-2
18.वध,कत्ल-2
19.काव्यकार,शायर-2
21.राशिचक्र की दसवीं राशि-3
25.आक्रमण,प्रहार-3
26.पालतू जानवर-3
27.ईश्वर,भगवान-7
30.ईश्वरीय कृपा-4
31.भयभीत होना, डरना-4

**ऊपर से नीचे**
2.असुर,दैत्य-3
4.गागर,घड़ा-3
5.मन की करना-4
6.प्रार्थना,ईश वंदना-4
7.चरित्र,ईमान-3
8.कार्यविधि-3
9.रेखा,लाईन-3
12.माला का मोती-3
13.राहत,विश्राम-3
14.कैनाल,उपनदी-3
16.नगद राशि-3
20.रुदन -3
22.पक्षियों का शोर-4
23.मध्यांग, कटि-3
24.12 राशियों का समूह-4
25.महल,बड़ा भवन-3
28.सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
29.अदृश्य, जो दिखाई न दे-3

**शब्द पहेली- 5985 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | ज | दा | क | र | ना | | म | त | वा | ला |
| ह | रा | | त | | का | म | ना | | दा | वा |
| न | | बे | र | ह | म | | ना | रा | | रि |
| शी | ल | वा | न | | या | द | | नी | र | स |
| ल | | प | | ख | ब | र | ची | | न | |
| ता | र | न | हा | र | | का | न | भ | र | ना |
| | म | | र | ह | ब | र | | यं | | प |
| प्र | ण | य | | रा | हु | | ब | क | वा | स |
| ति | | दा | स | | बे | क | य | र | | न्द |
| का | न | | चि | रा | ग | | म | | क | हो |
| र | म | जा | न | | म | द | द | क | र | ना |

**सूडोकु नवताल- 5996** (मध्यम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | | 6 |
| 3 | | | | | 2 | | | |
| | | 7 | 6 | 5 | | | | 4 |
| 9 | 6 | | 5 | | | 1 | | 7 |
| 5 | | 1 | 4 | | 9 | 8 | | 2 |
| 4 | | 8 | | | | | 5 | 3 |
| 2 | | | | 6 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | | 8 |
| 7 | | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 5995 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 4 | 9 | 5 | 2 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 7 |
| 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 7 | 8 |
| 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 3 | 7 | 8 | 4 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 |

# गोल्फ महोत्सव में जुटेंगे देशभर के दिग्गज खिलाड़ी, पहली बार ग्रामीण बच्चे दिखाएंगे खेल का हुनर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महानगरों की तर्ज पर अब राजधानी में गोल्फ के प्रति लोगों की रुचि बढ़ रही है। इसी क्रम में गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से इस साल होटल मेफेयर स्थित गोल्फ कोर्स में गोल्फ महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। आयोजन 17 सितंबर से शुरू होकर 12 जनवरी तक चलेगा। इस दौरान प्रदेश ही नहीं, बल्कि देश-विदेश से आए गोल्फ खिलाड़ी अपने खेल का कौशल दिखाएंगे।

महोत्सव में 100 इवेंट्स आयोजित किए जाएंगे, जिन्हें राजधानी में गोल्फ के क्षेत्र में नए अध्याय की शुरुआत माना जा रहा है। खास बात यह है कि पहली बार छत्तीसगढ़ के गांवों के बच्चे भी गोल्फ कोर्स पर उतरकर अपना हुनर आजमाएंगे। ग्रामीण बच्चों को गोल्फ से जोड़ने की यह पहल फेडरेशन की ओर से एक अनोखा प्रयास है।

## 17 सितंबर से शुरू होगा महोत्सव, 12 जनवरी को होगा समापन

### गोल्फ के हर शॉट में दिखेगा रोमांच

गोल्फ महोत्सव में दिग्गज खिलाड़ियों के हर शॉट का रोमांच दर्शकों को रोमांचित करेगा। पिछले वर्ष की तरह इस बार भी गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजन किया जा रहा है, जिसमें खिलाड़ियों के साथ-साथ गोल्फ प्रेमियों में भी खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। आयोजन में विभिन्न राज्यों के खिलाड़ियों के बीच प्रतिस्पर्धा होगी और छत्तीसगढ़ को भी गोल्फ में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। दर्शक न केवल खेल का नजदीक से आनंद उठा सकेंगे बल्कि गोल्फ के नियमों और तकनीकों को भी समझने का मौका पाएंगे।

- महोत्सव में वृक्षारोपण के साथ,रक्तदान शिविर और शहीद परिवारों का होगा सम्मान
- सेना के जवान, भूतपूर्व सैनिक कार्यक्रम में होंगे शामिल, युवाओं को देंगे मार्गदर्शन



### खेल और सेहत से जुड़े होंगे कार्यक्रम

गोल्फ महोत्सव केवल खेल तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि सेहत और सामाजिक सरोकारों से भी जुड़ा होगा। महोत्सव की शुरुआत 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन से होगी और समापन 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जयंती पर किया जाएगा। गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया के संयोजक आर्यवीर ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान 5 हजार पेड़ लगाए जाएंगे, रक्तदान शिविर आयोजित होगा और शहीद परिवारों का सम्मान भी किया जाएगा। इस अवसर पर सेना के जवान, भूतपूर्व सैनिक और भारतीय सेना के सेवानिवृत्त चीफ जनरल मनोज पांडेय विशेष रूप से मौजूद रहेंगे।

### युवाओं को नशे के खिलाफ दिया जाएगा संदेश

गोल्फ महोत्सव के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया जाएगा। इस दौरान विशेषज्ञ युवाओं को सेहत बेहतर रखने के उपायों पर मार्गदर्शन देंगे और उन्हें गोल्फ जैसे सकारात्मक खेलों से जोड़ने की पहल भी होगी। महोत्सव में युवा पूर्व सैनिकों और भारतीय कैडर सेवा जवानों से सीधे संवाद कर सकेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल खेल को बढ़ावा देना ही नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी और सम्मान का संदेश भी देना है।

## खबर संक्षेप



### चीन और उज्बेकिस्तान से खेलेगा ईस्ट बंगाल

**नई दिल्ली।** ईस्ट बंगाल एफसी को 17 नवंबर से शुरू होने वाले एएफसी महिला चैंपियंस लीग के ग्रुप चरण के लिए चीन के वुहान जियांगडा डब्ल्यूएफसी, ईरान के बाम खातून एफसी और उज्बेकिस्तान के पीएफसी नसाफ के साथ ग्रुप बी में शामिल किया गया। ड्रॉ कुआलालंपुर के एएफसी हाउस में हुआ। इंडियन वुमेंस लीग 2024-25 की चैंपियन ईस्ट बंगाल ने पहली बार महाद्वीपीय प्रतियोगिता में खेलते हुए शुरुआती चरण के ग्रुप ई में शीर्ष स्थान हासिल करके ग्रुप चरण के लिए क्वालीफाई किया। ईस्ट बंगाल ने हांगकांग के किची एससी और कंबोडिया के नोम पेन्ह क्राउन एफसी को पछाड़ा। एएफसी महिला चैंपियन्स लीग के दूसरे सत्र के लिए बारह टीमों को तीन समूहों में विभाजित किया गया था और वे केंद्रीकृत लीग प्रारूप में प्रतिस्पर्धा करेंगी।

### आस्ट्रेलिया को झटका चोट के कारण हार्डी बाहर

**मेलबर्न।** आलराउंडर आरोन हार्डी कंधे की चोट के कारण आस्ट्रेलिया ए के भारत दौरे से बाहर हो गए हैं। विक्टोरिया के ऑलराउंडर विल सदरलैंड ऑस्ट्रेलिया की टीम में हार्डी की जगह लेंगे और लखनऊ में होने वाले दो चार दिवसीय मैचों में से दूसरे मैच के लिए टीम में शामिल होंगे। सदरलैंड पहले से ही दौरे के लिए वनडे टीम का हिस्सा थे और अब लखनऊ में होने वाले दूसरे चार दिवसीय मैच में भी खेलेंगे।



वनडे टीम में हार्डी की जगह किसी और खिलाड़ी की घोषणा बाद में की जाएगी। हार्डी चोटिल होने के कारण भारतीय दौरे से बाहर होने वाले चौथे खिलाड़ी हैं। इससे पहले लांस मॉरिस, ब्रॉडी काउच और क्वींसलैंड के तेज गेंदबाज कैलम विडलर विभिन्न चोटों के कारण इस दौरे से बाहर हो गए थे। इस दौरे के दौरान ऑस्ट्रेलिया ए टीम दो अनौपचारिक टेस्ट और तीन अनौपचारिक एकदिवसीय मैच खेलेगी।

### बीडब्ल्यूएफ ने दी टाइम क्लॉक प्रणाली को मंजूरी



**नई दिल्ली।** विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) ने बैडमिंटन मैचों में अधिक तेजी लाने के लिए 2026 से शुरू होने वाले चुनिंदा विश्व टूर टूर्नामेंटों में टाइम क्लॉक प्रणाली के परीक्षण को मंजूरी दे दी है, जिसके तहत खिलाड़ियों को एक रैली पूरी होने के बाद 25 सेकंड के अंदर अगली रैली के लिए तैयार होना होगा। बीडब्ल्यूएफ ने 29 अगस्त को अपनी बैठक में टाइम क्लॉक प्रणाली को मंजूरी दी। इस प्रणाली का पहला परीक्षण 18 से 23 नवंबर 2025 के बीच होने वाली प्रतियोगिताओं में किया जाएगा। इसके बाद अगले साल से इसका व्यापक रूप से परीक्षण किया जाएगा।

## आयुष ने किया उलटफेर : जापान के नाराओका को कड़े मुकाबले में हराया

# हांगकांग ओपन में भारत का जलवा, क्वार्टर फाइनल में पहुंचे आयुष, लक्ष्य और सात्विक-चिराग की जोड़ी

एजेंसी ▶▶| हांगकांग

भारत के उदीयमान खिलाड़ी आयुष शेट्टी ने गुरुवार को हांगकांग ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में बड़ा उलटफेर करते हुए 2023 के विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता जापान के कोडाई नाराओका को तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में हराकर पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

जून में यूएस ओपन सुपर 300 का खिताब जीतने वाले कर्नाटक के 20 वर्षीय खिलाड़ी ने अपनी आक्रामक शैली और बेहतरीन कोर्ट कवरेज का प्रदर्शन करते हुए जापानी शटलर को 72 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में 21-19, 12-21, 21-14 से हराया। क्वार्टर फाइनल में आयुष का सामना हमवतन खिलाड़ी लक्ष्य सेन से होगा।



### भारतीय जोड़ी का शानदार प्रदर्शन



सात्विक और चिराग की आठवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने पहला गेम गंवाने के बाद वापसी करते हुए थाईलैंड के पीराचाई सुकफुन और पक्कापोन तीरात्साकुल को 63 मिनट तक चले मुकाबले में 18-21, 21-15, 21-11 से हराया। विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाले सात्विक और चिराग का अगला मुकाबला मलेशिया के जुनैदी आरिफ और रॉय किंग याप से होगा। भारतीय जोड़ी की शुरुआत धीमी रही और पहले गेम में वह 8-11 से पीछे चल रही थीं। इसके बाद उन्होंने वापसी करते हुए स्कोर 18-18 कर लिया, लेकिन थाई जोड़ी ने आखिरी तीन अंक हासिल कर पहला गेम अपने नाम कर दिया। सात्विक और चिराग ने दूसरे गेम में बेहतर खेल दिखाया। इस गेम के शुरू में हालांकि उन्हें कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा तथा एक समय स्कोर 2-2 और फिर 7-7 से बराबर था। भारतीय जोड़ी ने इंटरवल तक 11-10 की बढ़त हासिल कर ली और लगातार बढ़त बनाते हुए मैच को निर्णायक गेम तक ले गई। तीसरा गेम एकतरफा रहा, जिसमें सात्विक और चिराग ने 7-2 की बढ़त बना ली और फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा।

### खराब फॉर्म से जूझ रहे लक्ष्य



विश्व चैंपियनशिप के पूर्व कांस्य पदक विजेता और वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 20वें स्थान पर काबिज लक्ष्य ने दूसरे दौर में हमवतन एचएस प्रणय को 15-21, 21-18, 21-10 से हराया। इस सत्र में चोटों और खराब फॉर्म से जूझ रहे लक्ष्य ने आखिरी बार मार्च में ऑल इंग्लैंड सुपर 1000 के सेमीफाइनल में जगह बनाई थी और मकाऊ ओपन सुपर 300 में भी इसी चरण तक पहुंचे थे, लेकिन इसके अलावा उन्हें शुरुआती दौर में ही बाहर होना पड़ा था। दूसरे गेम में दोनों भारतीय खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। इस दौरान बढ़त बार-बार हाथ बदलती रही। जब स्कोर 18-18 से बराबर था तब प्रणय का स्मैश बाहर चला गया। लक्ष्य ने दो गेम प्वाइंट हासिल किए और मैच को निर्णायक गेम तक खींच दिया। तीसरे और निर्णायक गेम में प्रणय ने फिर से 5-2 की बढ़त बना ली थी, लेकिन इसके बाद वह लगातार गलतियां करते रहे, जिसके कारण वह 9-13 से पीछे हो गए। नेट शॉट की मदद से लक्ष्य ने 16-10 से बढ़त हासिल की। प्रणय लगातार गलतियां करते रहे और लक्ष्य ने इसका पूरा फायदा उठाकर 10 मैच प्वाइंट हासिल कर लिए और प्रणय के एक और शॉट पर चूकने पर मैच अपने नाम कर लिया।

## विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप

# कड़े मुकाबले में जीती पूजा रानी, सेमीफाइनल में पहुंची



एजेंसी ▶▶| लिवरपूल

भारत की अनुभवी मुक्केबाज पूजा रानी ने पोलैंड की एमिलिया कोटेरस्का को हराकर महिलाओं के 80 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश किया और इस तरह से विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में अपना पहला पदक पक्का किया। पहले दौर में बाई हासिल करने वाली 34 वर्षीय पूजा ने अपने अनुभव के दम पर क्वार्टर फाइनल में किशोरी कोटेरस्का को 3-2 से हराया। 80 किग्रा भार वर्ग ओलंपिक में शामिल नहीं है और विश्व चैंपियनशिप में इस वजन वर्ग में 12 मुक्केबाज भाग ले रहे हैं। इस तरह से विश्व चैंपियनशिप में भारत के तीन पदक पक्के हो गए हैं।

### सेमीफाइनल में एमिली एस्क्विथ से मुकाबला

पूजा को कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। उन्होंने पहले राउंड में अच्छी शुरुआत की थी लेकिन पोलैंड की खिलाड़ी ने पलटवार करते हुए यह राउंड 3-2 से जीत लिया। तीसरे राउंड तक दोनों मुक्केबाज थक चुकी थीं, लेकिन पूजा ने धैर्य बनाए रखा और आखिर में अपने नाम पर पदक पक्का किया। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला स्थानीय मुक्केबाज एमिली एस्क्विथ से होगा।

### पुरुष मुक्केबाजों का प्रदर्शन निराशजनक

पूजा से पहले दो बार की एशियाई चैंपियन जैस्मीन लेंबरिया (57 किग्रा) और नुपुर शेरॉन (80 किग्रा से अधिक) ने सेमीफाइनल में पहुंचकर पदक पक्के किए थे। इस बीच भारत के पुरुष मुक्केबाजों के अभियान को एक और झटका लगा जब अभिनाश जामवाल 65 किग्रा क्वार्टर फाइनल में जॉर्जिया के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लाशा गुरुली से 1-4 के विभाजित निर्णय से हार गए। उनके बाहर होने के बाद पुरुष वर्ग में केवल जदुमणि सिंह (50 किग्रा) ही दौड़ में बचे हैं। अंतिम आठ में उनका सामना मौजूदा विश्व चैंपियन कजाकिस्तान के संझार ताशकेनबे से होगा। इस तरह से भारतीय पुरुष मुक्केबाजों का ताशकंद में खेली गई पिछली विश्व चैंपियनशिप की तुलना में यहां प्रदर्शन निराशाजनक रहा।

# दक्षिण अफ्रीका ने इंग्लैंड को पहले टी20 में हराया

**कार्डिफ।** दक्षिण अफ्रीका ने बारिश से प्रभावित पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में इंग्लैंड को डकवर्थ लुईस पद्धति से 14 रन से हराया। बारिश के कारण मैच शुरू में नौ-नौ ओवर का कर दिया गया था। दक्षिण अफ्रीका ने बल्लेबाजी का न्यौता मिलने के बाद जब 7.5 ओवर में पांच विकेट पर 97 रन बनाए थे तब बारिश के कारण फिर से खेल रोकना पड़ा। इसके बाद ओवर की संख्या घटा दी गई। दक्षिण अफ्रीका की तरफ से कप्तान एडेन मार्करम 14 गेंदों में 28 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे, जबकि डोनोवन फरेरा (नाबाद 25) और डेवाल्ड ब्रेविस (23) ने भी उपयोगी योगदान दिया। इंग्लैंड के सामने पांच ओवर में 69 रन बनाने का लक्ष्य रखा गया। उसके बल्लेबाजों ने हर गेंद को बाउंड्री के बाहर भेजने का प्रयास किया लेकिन आखिर में उसकी टीम पांच विकेट पर 54 रन ही बना पाई। उसकी तरफ से जोस बटलर ने सर्वाधिक 25 रन बनाए। दूसरा टी-20 मैच शुक्रवार को मैनचेस्टर में खेला जाएगा।



# एशिया कप : ओमान के खिलाफ 'रिहर्सल' करने उतरेगा पाकिस्तान

एजेंसी ▶▶| दुबई

पाकिस्तान की टीम एशिया कप टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट में भारत के खिलाफ होने वाले मुकाबले से पहले शुक्रवार को ग्रुप ए के अपने पहले मैच में कमजोर ओमान के खिलाफ अपनी तैयारी को पुख्ता अंजाम देने की कोशिश करेगी।

पाकिस्तान ने एशिया कप से पहले त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल में अफगानिस्तान को 75 रन से हराया था, जिससे निश्चित तौर पर उनका मनोबल बढ़ा होगा। इस मैच में स्पिनर मोहम्मद नवाज ने हैट्रिक बनाई थी और वह फिर से पाकिस्तान के लिए तुरुप का इक्का होंगे। संयुक्त अरब अमीरात की धीमी पिचों के कारण पाकिस्तान को टीम में स्पिनरों को शामिल करना पड़ा। उसकी यह रणनीति त्रिकोणीय श्रृंखला के दौरान कारगर साबित हुई और एशिया कप में भी यह रणनीति महत्वपूर्ण साबित होगी।



पाकिस्तान के कप्तान सलमान आगा ने कहा था, 'हम इस तरह से तैयारी करना चाहते थे, जिससे हमें एशिया कप के लिए मदद मिले और हमने ऐसा किया। हम घरेलू मैदान पर बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला के बाद से अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। अब हम बहुत अच्छी स्थिति में हैं और पूरी तरह तैयार हैं।' ग्रुप ए में भारत, पाकिस्तान, ओमान और यूएई शामिल हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच मैच रविवार को दुबई में खेला जाएगा। इसके बाद इन दोनों टीमों का सुपर 4 और फाइनल में भी मुकाबला हो सकता है।

# प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंची 15 साल की गाथा, दीपिका बाहर

एजेंसी ▶▶| ग्वांगजू

तीरंदाज दीपिका कुमारी छठी बार भी दुर्भाग्यशाली रहीं और गुरुवार को विश्व चैंपियनशिप के राउंड ऑफ 32 में हारकर बाहर हो गईं जबकि 15 वर्षीय गाथा खडके शानदार प्रदर्शन करते हुए प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने वाली देश की एकमात्र रिकर्व तीरंदाज रहीं। अब सभी की निगाहें शुक्रवार को होने वाले प्री क्वार्टर फाइनल पर होंगी, जहां गाथा पेरिस ओलंपिक चैंपियन और दुनिया की नंबर एक लिम सी-ह्योन के रूप में अपने करियर की सबसे बड़ी चुनौती का सामना करेंगी। भारत के लिए युवा गाथा आखिरी उम्मीद हैं और यह देखना होगा कि पदार्पण कर रही पुणे की यह खिलाड़ी 2019 में डेन बॉश के बाद रिकर्व वर्ग में देश को पहला पदक दिला पाती हैं या नहीं।

## आईसीसी का ऐतिहासिक फैसला

# विश्व कप में सिर्फ महिलाएं होगी अंपायर और रेफरी

एजेंसी ▶▶| दुबई

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारत और श्रीलंका में इस महीने के अंत में शुरू होने वाले एकदिवसीय विश्व कप के लिए गुरुवार को पहली बार सिर्फ महिला अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपने की घोषणा की। टूर्नामेंट की शुरुआत 30 सितंबर को गुवाहाटी में संयुक्त मेजबानों भारत और श्रीलंका के बीच मुकाबले से होगी। अंपायरिंग पैनल में पूर्व भारतीय खिलाड़ी वृंदा राठी, एन. जननी और गायत्री वेणुगोपालन को भी जगह मिली है। पूर्व भारतीय क्रिकेटर और पहली महिला मैच रेफरी जीएस लक्ष्मी चार सदस्यीय मैच रेफरी पैनल का हिस्सा होंगी।



### मैच रेफरी

ट्रुडी एंडरसन, शैंड्रे फ्रिट्ज, जीएस लक्ष्मी, मिशेल परेरा।

### अंपायर

लॉरेन एजेनबैग, कैंडेस ला बोर्डे, किम कॉटन, सारा दंबनेवाना, शतिरा जाकिर जेसी, केरिन क्लास्टे, जननी एन, निमाली परेरा, क्लेयर पोलोसेक, वृंदा राठी, सू रेडफर्न, एलोइस शेरिडन, गायत्री वेणुगोपालन, जैकलीन विलियम्स।

### एजेनबैग और कॉटन दूसरी बार विश्व कप का होंगी हिस्सा

आईसीसी ने कहा कि क्लेयर पोलोसेक, जैकलीन विलियम्स और सू रेडफर्न की तिकड़ी अपने तीसरे महिला विश्व कप में अंपायरिंग करेगी। लॉरेन एजेनबैग और किम कॉटन दूसरी बार विश्व कप का हिस्सा होंगी। आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने कहा, 'मैच अधिकारियों के पैनल में सिर्फ महिला अधिकारियों का शामिल होना ना केवल एक बड़ी उपलब्धि है, बल्कि क्रिकेट में लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए आईसीसी की अटूट प्रतिबद्धता का एक सशक्त प्रतिबिंब भी है।' उन्होंने कहा, 'यह प्रतीकात्मक इशारे से कहीं आगे जाता है। यह दृश्यता, अवसर और सार्थक रोल मॉडल के निर्माण के बारे में है, जो भावी पीढ़ियों को प्रेरित कर सकें।'

SBI
भारतीय स्टेट बैंक
केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉरपोरेट केंद्र, मुंबई
फोन: 022-22820427
आवेदन के लिए क्यूआर स्कैन करें

नियमित आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग अधिकारियों की भर्ती

नियमित आधार पर निम्नलिखित पदों के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2025-26/10 (नियमित पद)

| पद का नाम | श्रेणी | रिक्तियों की संख्या | 31.08.2025 को आयु (वर्ष) | |
|---|---|---|---|---|
| | | | न्यूनतम | अधिकतम |
| प्रबंधक (उत्पाद-डिजिटल प्लेटफॉर्म) | एमएमजीएस-III | 34 | 28 | 35 |
| उप प्रबंधक (उत्पाद-डिजिटल प्लेटफॉर्म) | एमएमजीएस-II | 25 | 25 | 32 |

विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2025-26/11 (नियमित पद)

| पद का नाम | श्रेणी | रिक्तियों की संख्या | 31.08.2025 को आयु (वर्ष) | |
|---|---|---|---|---|
| | | | न्यूनतम | अधिकतम |
| प्रबंधक (क्रेडिट विश्लेषक) | एमएमजीएस-III | 63 | 25 | 35 |

पात्रता मानदंड (आयु, अनुभव, जॉब प्रोफाइल आदि), रिक्ति विवरण, आवश्यक शुल्क एवं अन्य विवरण के लिए बैंक की वेबसाइट https://bank.sbi/web/careers/current-openings पर लॉग ऑन करें, जहाँ आवेदन तथा आवेदन शुल्क ऑनलाइन जमा किया जा सकता है. आवेदन करने और शुल्क भेजने से पहले अपनी पात्रता सुनिश्चित करने एवं अन्य विवरणों के लिए विस्तृत विज्ञापन पढ़ें. कोई अन्य पूछताछ करने के लिए कृपया "CONTACT US" → "Post Your Query" लिंक के माध्यम से हमें लिखें, जो बैंक की अधिकृत वेबसाइट (https://bank.sbi/web/careers/post-your-query) पर उपलब्ध है.

- आवेदन ऑनलाइन जमा करने और शुल्क का भुगतान करने की तिथि : 11.09.2025 से 02.10.2025 तक.

स्थान: मुंबई
दिनांक: 11.09.2025
महाप्रबंधक (आरपी एंड पीएम)

### हाईकोर्ट का अंतरिम आदेश, इलाज के दौरान मजदूर की मौत का मामला

# आयुष मेडिकल आफिसर के विरुद्ध ट्रायल कोर्ट में लंबित कार्रवाई पर रोक

जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने आयुष मेडिकल आफिसर के विरुद्ध ट्रायल कोर्ट में लंबित कार्रवाई पर रोक लगा दी। जस्टिस देवनारायण मिश्रा की सिंगल बेंच ने मामले की अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद निर्धारित की। सतना के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दगडीहा में संविदा आयुष चिकित्सा अधिकारी के पद पर पदस्थ डा. मोहम्मद आमिर निजामी की ओर से याचिका दायर की गई। दलील दी गई कि अस्पताल में पुताई कार्य के दौरान मार्च, 2024 को दीप कुमार सेन सीढ़ी से उतरते समय गिर गया था। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के 30 दिन बाद इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। स्वजनों ने करीब ढाई माह बाद 17 जून 2024 को पुलिस थाने में याचिकाकर्ता डाक्टर के विरुद्ध एफआइआर दर्ज करा दी गई। आरोप लगाया गया कि पुताई



के कार्य के दौरान हेलमेट व अन्य जरूरी सुरक्षा उपकरण नहीं दिए गए। याचिकाकर्ता की ओर से दलील दी गई कि वह अस्पताल में केवल एक कर्मचारी है, उसका उक्त कार्य से कोई लेनादेना नहीं है। उक्त एफआइआर के बाद ट्रायल कोर्ट में मामला शुरू हुआ, जिसे हाई कोर्ट में चुनौती दी गई।

## पंचायत भवन नहीं बनाया तो भूस्वामी को क्यों नहीं दे रहे जमीन वापस

**हाईकोर्ट ने रीवा कलेक्टर सहित अन्य को नोटिस जारी कर पूछा**

मप्र हाईकोर्ट ने कलेक्टर रीवा से पूछा है कि जब पंचायत भवन का निर्माण नहीं कराया तो भूस्वामी को उसकी जमीन वापस क्यों नहीं दी जा रही है। जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने कलेक्टर प्रतिभा पाल एवं तत्कालीन भू-अभिलेख अधीक्षक को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।रीवा के ग्राम जनक हाईकला के रहने वाले छोटन लाल मल्ला की ओर से अधिवक्ता मनोज कुशवाहा एवं कौशलेंद्र सिंह ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि याचिकाकर्ता 85 वर्ष का है और आर्थिक रूप से कमजोर है। उसने वर्ष 2015 में गांव में पंचायत भवन बनाने के लिए अपनी जमीन तहसीलदार को दी थी, जिसे शासन के नाम पर दर्ज कर लिया गया। सात वर्ष बाद किसी अन्य जगह भवन बनाया गया तो याचिकाकर्ता ने एसडीएम को आवेदन देकर जमीन वापस मांगी। एसडीएम ने तहसीलदार को आदेश दिए। कलेक्टर ने इस मामले में एसडीएम को जांच करने कहा। एसडीएम ने जमीन वापस करने की अनुशंसा की। इसके बाद कलेक्टर ने भू अभिलेख अधीक्षक को दोबारा जांच करने कहा, जिसने आपत्ति जताते हुए जमीन वापस करने से इनकार कर दिया। इसलिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई।

# बानमोर नगर परिषद अध्यक्ष पद पर लगातार एससी वर्ग के आरक्षण को चुनौती

## हाईकोर्ट ने राज्य सरकार सहित अन्य को नोटिस जारी कर मांगा स्पष्टीकरण

जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने मुरैना जिले की बानमोर नगर परिषद के अध्यक्ष पद पर लगातार अनुसूचित जाति वर्ग के आरक्षण को चुनौती देने वाली याचिका पर राज्य सरकार व अन्य से जवाब मांगा है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने राज्य सरकार, चुनाव आयोग, नगर प्रशासन विभाग और मुरैना कलेक्टर को नोटिस जारी किया है।

याचिका में कहा गया है कि 1999 में नगर परिषद की स्थापना के बाद से अब तक अध्यक्ष पद पर बिना रोटेशन के सिर्फ एससी (अनुसूचित) वर्ग के लिए ही आरक्षण लागू है। यह संविधान के खिलाफ है। कहा गया है कि बानमोर नगर परिषद की स्थापना के समय पहली बार अध्यक्ष व पार्षद पदों के लिए चुनाव हुए। तब से अब तक हर बार अध्यक्ष पद अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित किया जाता रहा है।

दलील दी गई कि यह स्थिति न केवल अनुचित है बल्कि मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धाटा 29-बी और नगर पालिका (रोटेशन संबंधी नियम) 1999 के नियम 6 का उल्लंघन भी है।

नियमों के अनुसार आरक्षण का निर्धारण रोटेशन के आधार पर होना चाहिए। ताकि एससी, एसटी और ओबीसी के अलावा सामान्य वर्ग को भी बराबरी से प्रतिनिधित्व मिल सके। लेकिन बानमोर में यह नियम कभी लागू नहीं किया गया और हर बार अध्यक्ष पद पर एससी आरक्षण ही घोषित होता रहा। तर्क दिया गया कि संविधान के अनुच्छेद 243 में स्थानीय निकायों में पदों का आरक्षण निर्धारित किया गया है । इसे रोटेशन सिस्टम से लागू करने का प्रावधान रखा गया है। इसका उद्देश्य यह है कि समाज के सभी वर्गों को समान अवसर मिले और लोकतांत्रिक प्रतिनिधित्व संतुलित रहे। लेकिन बानमोर नगर परिषद में लगातार एससी वर्ग को आरक्षण देकर न केवल रोटेशन की मूल भावना की अनदेखी की गई है बल्कि अन्य वर्गों को इस पद पर प्रतिनिधित्व से वंचित कर दिया गया है। मांग की गई कि अगली चुनाव अधिसूचना जारी करने से पहले अध्यक्ष पद पर आरक्षण का निर्धारण रोटेशन के सिद्धांत के अनुसार करने के निर्देश दिए जाएं।



# एलटीटी-दानापुर के बीच चलेगी त्यौहारी स्पेशल ट्रेन

**पश्चिम मध्य रेल के इटारसी, जबलपुर एवं सतना**

**जबलपुर।** रेलवे द्वारा आगामी त्यौहारों दुर्गा, दिवाली एवं छठ पूजा पर यात्रियों की सुविधा हेतु एवं उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से विभिन्न गंतव्यों के लिए विशेष किराये पर स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है। इसी कड़ी में मध्य रेल से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली स्पेशल ट्रेन गाड़ी संख्या 01143/01144 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-दानापुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्पेशल ट्रेन पश्चिम मध्य रेल से होकर अपने गंतब्य को जाएगी।

**एलटीटी-दानापुर-स्पेशल ट्रेन-** स्पेशल ट्रेन गाड़ी संख्या 01143 एलटीटी से दानापुर स्पेशल ट्रेन 25 सितंबर से 30 नवंबर 2025 तक प्रतिदिन* लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्टेशन से सुबह 10:30 बजे प्रस्थान कर इटारसी रात 20:55 बजे, पहुँचकर अगले दिन *जबलपुर 03:40 बजे, सतना सुबह 06:45 बजे पहुँचकर मार्ग से होते हुए सायं 18:45 बजे दानापुर स्टेशन पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01144 दानापुर से एलटीटी स्पेशल ट्रेन 26 सितंबर से 1 दिसंबर 2025 तक प्रतिदिन* दानापुर स्टेशन से रात 21:30 बजे प्रस्थान कर अगले दिन प्रयागराज छिवकी प्रातः 05:45 बजे, सतना 09:20 बजे, जबलपुर 12:05 बजे,* इटारसी दोपहर 15:40 बजे पहुंचकर और तीसरे दिन भोर में 04:50 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्टेशन पहुँचेगी।

### आईजी ने 10-10 हजार रुपए के ईनाम की घोषणा

# बैंक डकैती के 4 फरार आरोपियों की नहीं हो सकी गिरफ्तारी

जबलपुर।

खितौला के इसाफ बैंक में गत 11 अगस्त को पड़ी डकैती की गिरफ्तारी के मामलें में पुलिस को आगे सफलता नहीं मिल पाई। चार स्थानीय और दो बिहारी आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद अभी चार आरोपियों की पुलिस को तलाश है। जबलपुर जोन के पुलिस महानिरीक्षक प्रमोद कुमार वर्मा ने आरोपियों की गिरफ्तारी करने वालें और सूचना देने वाले के साथ साथ गिरफ्तारी में सहयोग करने वालो को 30 हजार रुपए ईनाम देने की घोषणा की है। यहां उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय



द्वारा पहले ही आरोपियों पर 10 हजार रुपए का ईनाम घोषित किया जा चुका है। इस तरह से अब कुल 40 हजार रुपए का ईनाम घोषित हो चुका है। इस प्रकरण में आरोपी हेमराज लोधी, सोनू बर्मन, विक्की उर्फ विकास चक्रवर्ती, रहीस लोधी, इंद्रजीत सागर, राजेश कुमार दास उर्फ आकाश कुमार उर्फ पंकज को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। डकैती मामलें में अन्य आरोपी सुनील पासवान, गोलू पासवान एवं बच्चू सिंह घटना के बाद से फरार है। जिनकी गिरफ्तारी हेतु हर सम्भावित स्थानों पर दबिश दी गयी किन्तु गिरफ्तारी नहीं की जा सकी।

फरार आरोपी सुनील पासवान उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम वनाही थाना आमस जिला गया बिहार, एवं गोलू पासवान पता राजाराम पासवान निवासी बलखेरा थाना आमस गया बिहार तथा बच्चू सिंह की गिरफ्तारी पर 10-10 हजार रूपये ईनाम की उद्घोषणा पुलिस महानिरीक्षक जबलपुर जोन जबलपुर प्रमोद वर्मा द्वारा की गयी है।

## बीना विधायक निर्मला सप्रे के दलबदल का मामला फिर पहुंचा हाईकोर्ट

**नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने लगाई है याचिका, विधानसभा की सदस्यता समाप्त करने की मांग**

**जबलपुर।** कांग्रेस विधायक दल ने एक बार फिर कांग्रेस के टिकट पर सागर जिले के बीना विधानसभा क्षेत्र से चुनाव जीतीं निर्मला सप्रे के दलबदल के मामले पर हाईकोर्ट का रुख किया है। दल-बदल कानून के तहत इस मामले पर मप्र हाईकोर्ट की जबलपुर मुख्यपीठ में याचिका दायर की गई है। याचिका में सप्रे की विधानसभा की सदस्यता समाप्त करने के निर्देश देने का आग्रह किया गया है।इसके पहले विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने सप्रे के भाजपा में जाने की घोषणा और पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलग्न होने को आधार बनाकर हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ में याचिका लगाई थी। इसमें विधानसभा अध्यक्ष द्वारा दल-बदल कानून के अंतर्गत कार्रवाई नहीं करने को आधार बनाया गया था।विधानसभा सचिवालय की आपत्ति पर इंदौर खंडपीठ ने क्षेत्राधिकार में मामला नहीं आने को आधार बनाकर याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद अब विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने हाईकोर्ट की मुख्यपीठ जबलपुर में याचिका दायर की है।

## तीन पुलिस कर्मियों पर दुष्कर्म के आरोप पर आयोग ने मांगा जवाब

**जबलपुर।** शहर के माढ़ोताल थाना क्षेत्र में पदस्थ तीन पुलिस कर्मचारियों द्वारा एक महिला के साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगने का मामला सामने आया है। पीडित महिला ने तीन पुलिस कर्मचारियों द्वारा किये गये दुराचार के संबंध में संबंधित पुलिस थाने, डॉयल-112, महिला हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराई है, लेकिन संबंधित थाने के टीआई द्वारा उक्त महिला को मानसिक विक्षिप्त बता दिया गया। मप्र मानव अधिकार आयोग के क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी फरजाना मिर्जा ने बताया कि समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार के आधार पर मामले में संज्ञान लेकर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग की मुख्य पीठ भोपाल में प्रकरण पर सुनवाई करते हुए, कार्यकारी अध्यक्ष राजीव कुमार टण्डन की एकलपीठ ने प्रथम दृष्ट्या मानव अधिकारों के उल्लंघन का मामला मानकर, जबलपुर के पुलिस अधीक्षक से मामले की जांच कराकर, की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन एक माह में मांगा है।




### इंदौर मेट्रो के लिए जबलपुर में तैयार की गई कम्पोजिट लाईन

**एम.पी. ट्रांसको ने बनाई 13 किमी कम्पोज़िट लाइन**

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) मुख्यालय जबलपुर में तैयार की गई विशेष डिजाइन के आधार पर इंदौर मेट्रो रेल प्रोजेक्ट के लिए 13 किलोमीटर लंबी कम्पोज़िट ट्रांसमिशन लाइन का सफल निर्माण कर उसे ऊर्जीकृत कर दिया गया है। इस विशेष डिजाइन की मदद से घनी आबादी वाले क्षेत्र से होकर गुजरने वाली इस लाइन का निर्माण चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद समय पर पूरा किया जा सका।एम.पी. ट्रांसको के अतिरिक्त मुख्य अभियंता आर.के. अग्रवाल ने बताया कि जैतपुरा से एम.आर.-10 सबस्टेशन तक बनाई गई यह 132 के.वी. डबल सर्किट लाइन, जबलपुर मुख्यालय के विशेषज्ञों द्वारा तैयार डिजाइन पर आधारित है। इस डिजाइन में परंपरागत टावर की जगह कम जगह घेरने वाले नैरोबेस टावर, मोनोपोल टावर तथा 132 के.वी. अंडरग्राउंड केबल – तीनों तकनीकों का अभिनव समावेश किया गया।कुल 12.77 किमी लंबी इस लाइन में 38 नैरोबेस टावर, 14 मोनोपोल और 0.777 किमी भूमिगत केबल का उपयोग किया गया है। साथ ही जैतपुरा 220 के.वी. सबस्टेशन में 160 एम.वी.ए. क्षमता का पावर ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया है।

# पाटन में स्ट्रीट डॉग्स के हमले से मासूम गंभीर

**बढ़ती जा रही आवारा श्वानों के हमले की घटनाएं**

**जबलपुर।** गुरुवार सुबह पाटन क्षेत्र की साहू कॉलोनी में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां 6 वर्षीय मासूम कविता पर स्ट्रीट डॉग्स ने हमला कर दिया। बच्ची को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर किया गया है।

सुबह करीब 7 बजे मासूम कविता अपनी मां के कहने पर किराना दुकान से साबुन लेने गई थी। वापसी के दौरान रास्ते में अचानक 3–4 आवारा कुत्ते उसके पीछे पड़ गए और उस पर टूट पड़े। बच्ची चीखती-चिल्लाती रही, लेकिन श्वानों ने लगभग 2–3 मिनट तक उसे नोच-खसोट कर घायल कर दिया। राहगीरों ने पत्थर फेंककर श्वानों को वहां से भगाया, लेकिन एक श्वान बच्ची का पीछा करते हुए उसके घर तक घुस आया। परिजनों ने बच्ची को तत्काल पाटन स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर चोटों को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। बच्ची के सिर, हाथ, पैर और कंधे पर गहरे घाव हैं। हमले के बाद से मासूम इतनी सहमी हुई है कि उसके मुंह से आवाज तक नहीं निकल पा रही है।

बच्ची की मां अहिल्याबाई ने बताया कि वे मूल रूप से डिंडोरी जिले की रहने वाली हैं और करीब छह महीने से पाटन में किराए के मकान में रहकर मजदूरी कर रही हैं। पिता नागपुर में मजदूरी करते हैं, जिन्हें घटना की सूचना दे दी गई है। मकान मालिक धनीराम ने बताया कि सही समय पर लोगों ने ध्यान न दिया होता तो बच्ची की जान भी जा सकती थी।पाटन स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों ने कहा कि बच्ची को तत्काल बड़े स्तर के इलाज की जरूरत है। वहीं, पाटन नगर परिषद अध्यक्ष आचार्य जागेंद्र सिंह ने घटना को दुखद और हृदय विदारक बताया। उन्होंने कहा कि नगर परिषद जल्द ही स्ट्रीट डॉग्स पकड़ने का अभियान चलाएगी ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। फिलहाल बच्ची का इलाज मेडिकल कॉलेज जबलपुर में जारी है और पूरे क्षेत्र में इस घटना को लेकर गहरी चिंता व आक्रोश है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240

नेशनल साइबर शील्ड हैकाथॉन 2025

## देशभर से 160 टीमों की भागीदारी, फाइनल में 10 ने दिखाया दमखम

# ज्ञान गंगा इंस्टीट्यूट की एसएचए 250 टीम बनी विजेता





हरिभूमि, जबलपुर।

जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रांगण में गुरुवार को नेशनल साइबरशील्ड हैकाथॉन 2025 का सफल आयोजन हुआ। मध्यप्रदेश पुलिस, राज्य साइबर मुख्यालय की पहल पर आयोजित इस राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में भारतीय स्टेट बैंक और क्लियरट्रेल टेक्नोलॉजीज की अहम सहभागिता रही। कार्यक्रम का शुभारंभ डीआईजी अतुल सिंह ने किया। इस अवसर पर पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, शिक्षाविद और विद्यार्थी मौजूद रहे।

### उद्देश्य : साइबर अपराधों पर रोकथाम

बढ़ते डिजिटल युग में ऑनलाइन बैंकिंग, सोशल मीडिया और डिजिटल पेमेंट प्लेटफॉर्म्स पर साइबर अपराध लगातार चुनौती बनते जा रहे हैं। इस पृष्ठभूमि में पुलिस द्वारा हैकाथॉन का आयोजन किया गया ताकि तकनीकी ज्ञान रखने वाली युवा पीढ़ी को जागरूक कर उनके नवाचारों को अपराधों की रोकथाम में शामिल किया जा सके। प्रतियोगिता में प्रस्तुत सोल्यूशन्स का फोकस ऑनलाइन ड्रग्स की अवैध बिक्री, फर्जी बैंकिंग एप, बम धमकी जैसी झूठी सूचनाएँ, मनी लॉन्ड्रिंग और सोशल मीडिया पर फैलाए जाने वाले साइबर अपराधों की रोकथाम पर रहा।

जबलपुर में नवाचार का संगम

### समापन समारोह और शुभकामनाएं

शाम 5 बजे कार्यक्रम का समापन आईजी प्रमोद वर्मा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय, कॉलेज प्राचार्य डॉ. राजीव चांडक, एसबीआई डीजीएम हरेराम सिंह, क्लियरट्रेल टेक्नोलॉजीज के पियूष श्रीवास्तव और प्रभु चरण सहित अनेक गणमान्य उपस्थित थे। अतिथियों ने विजेता टीमों को पुरस्कार प्रदान किए और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि यह हैकाथॉन युवाओं की तकनीकी प्रतिभा को दिशा देने के साथ साइबर अपराधों से निपटने में सुरक्षा कवच साबित होगा।

### ज्यूरी और आयोजकों की अहम भूमिका

प्रतियोगिता को सफल बनाने में ज्यूरी सदस्य डॉ. सज्जाद, हेमराज चौहान, जुबीन तोलानी, एआईजी प्रांजली शुक्ला और एसबीआई चीफ मैनेजर सतनाम खनूजा का विशेष योगदान रहा। आयोजन में डॉ. आज्ञा मिश्रा (विभागाध्यक्ष, एआई, जेईसी) तथा एएसपी सिटी प्रशिक्षु आईपीएस आयुष गुप्ता, एएसपी क्राइम जितेन्द्र सिंह, एएसपी जोन 2 अंजना तिवारी, एएसपी पल्लवी शुक्ला की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### देशभर से उमड़ा प्रतिभाओं का मेला

इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारतभर से 160 टीमों ने भाग लिया, जिनमें से 10 टीमों को फाइनल राउंड के लिए चुना गया। सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक चली प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने एआई आधारित एप्स, सॉफ्टवेयर और एप्लीकेशन के जरिये साइबर सुरक्षा को लेकर अपने अभिनव प्रजेंटेशन दिए।

### विजेता टीमों की घोषणा

कड़े मुकाबले के बाद जबलपुर की ज्ञान गंगा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस की एसएचए 250 टीम विजेता बनी। टीम में हर्ष कुमार, सीताक्षी गुप्ता, विवेक कुमार बर्मन, विद्या जग्गी और गरीमा नेमा शामिल थे। दूसरा स्थान आरएमके कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी तमिलनाडु की स्कैमस्नेर टीम ने हासिल किया, जबकि तीसरे स्थान पर नेशनल फॉरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी दिल्ली की योर टीम रही।

## राजा शंकर शाह, कुंवर रघुनाथ शाह बलिदान दिवस पर शासकीय अवकाश घोषित हो

**जबलपुर।** भारतीय सर्व जनजाति सेना ने बताया गोंडवाना साम्राज्य के राजा शंकर शाह, कुं रघुनाथ शाह का बलिदान दिवस 18 सितम्बर को व्यापक पैमाने पर आदिवासी समाज के साथ ही सभी वर्ग के लोगों, राजनीतिक दल, विचारधारा के लोगों द्वारा श्रद्धाभाव से मनाया जाता है, इसलिए प्रदेश में शहीद राजा शंकर शाह, कुंवर रघुनाथ शाह के बलिदान दिवस पर एक दिवसीय राजकीय अवकाश घोषित किया जाए। भारतीय सर्व जनजातीय सेना के इन्द्रकुमार कुलस्ते, धनराज सिंह पुसाम, शैलेष सिंह, राजकुमार तेकाम, मदन सिंह तेकाम, छोटेलाल परते, आनंदलाल परते, घनश्याम यादव, अशोक गोंटिया, बैजनाथ कुशवाहा, पंचम सिंह धुर्वे सहित अन्य ने शासन, प्रशासन से मांग की है कि 18 सितम्बर को राजकीय अवकाश घोषित किया जाए एवं पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा को पूरा किया जाए।



## पमरे महाप्रबंधक कार्यालय का उद्यान हुआ वीरान

हरिभूमि, जबलपुर।

भारतीय रेलवे में कमाओ पुट कहे जाने वाले पश्चिम मध्य रेलवे जोन महाप्रबंधक कार्यालय के उद्यान में में बीते कुछ दिनों पूर्व ही लाखों रुपए खर्च करके लगाई गई अंग्रेजी दूबा सूखने से उद्यान वीरान नजर आने लगा है. दरअसल पश्चिम मध्य रेलवे महाप्रबंधक कार्यालय परिसर की हरियाली सजाने के लिए लाखों रुपए खर्च कर लगाई गई टाइल्स नुमा अंग्रेजी दूबा लगाई गई थी. अब गार्डन हरियाली से लहलहाने के बजाय सूखे मैदान में तब्दील हो चुका है।

### रेलवे की लापरवाही से लाखों रुपए की अंग्रेजी दुबा सूखी

बताया जाता है की कार्यालय परिसर उद्यान में बिछाई गई दूब शुरुआती दिनों में आकर्षक दिखाई दी, लेकिन नियमित सिंचाई और देखरेख के अभाव में कुछ ही महीनों में सूखकर बर्बाद हो गई। जानकारों का कहना है कि यदि समय पर पानी और गार्डनिंग होती तो यह दूब लंबे समय तक हरी-भरी रह सकती थी।

### जिम्मेदारी तय है की नहीं

लाखों रुपए का यह खर्च करके बिछाई गई अंग्रेजी दूबा को आखिर क्यों सूखा दिया गया। इसको बचाने के लिए किसी को जिम्मेदारी दी गई थी या नहीं. कहा जा रहा है की दूबा को इसलिए सूखने दी गई ताकि उसमें दोबारा दूबा लगाकर एक बार फिर लाखों रूपये के बारे न्यारे हो सके। बहरहाल यही कह सकते हैं की शायद महाप्रबंधक भी अपने केबिन से बाहर आकर परिसर देख ले तो वास्तविकता का पता चल जाए।

## नर्मदा पूजन के बाद नए कलेक्टर ने पदभार संभाला

**जबलपुर।** नवागत कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने बुधवार को यहां जबलपुर जिले की कमान संभाली अभी तक वे आगरा मालवा के कलेक्टर रहे। जबलपुर पहुंचते ही उन्होंने मां नर्मदा के पावन तट गौरीघाट जाकर दर्शन पूजन किया और उसके बाद अपना पदभार संभाला। पदभार संभालने जिला के अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। नवागत कलेक्टर सुबह-सुबह सीधे गौरीघाट पहुंचे, वहां उन्होंने मां नर्मदा के दर्शन कर पूजन अर्चन किया। स्थानीय पुजारियों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ उनका स्वागत किया। गौरतलब है कि अब तक जबलपुर की कलेक्टर दीपक कुमार सक्सेना ने हाल ही में आयुक्त जनसंपर्क भोपाल के पद पर पदस्थ किया। उन्होंने भी बुधवार को अपना पदभार संभाल लिया। नवागत कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने पदभार ग्रहण करते ही कहा कि वे इन योजनाओं को और प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाएंगे।गौरीघाट से लौटकर राघवेंद्र सिंह सीधे कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने औपचारिक रूप से कार्यभार संभाला। बिना किसी विशेष प्रोटोकॉल के साधारण अंदाज में पहुंचने पर अधिकारी-कर्मचारी और आमजन ने उनका स्वागत किया। पदभार ग्रहण करने के बाद मीडिया से अनौपचारिक चर्चा में नवागत कलेक्टर ने कहा कि ग्रामीण अंचल तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे, इसके लिए वे हर संभव कदम उठाएंगे। उन्होंने साफ कहा कि वे जनता से सीधा संवाद स्थापित करेंगे और समस्याओं के त्वरित निराकरण को सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे सुझावों और शिकायतों के लिए बेझिझक प्रशासन तक पहुंचें।

### सरकारी योजनाओं को जमीन पर उतारेंगे : राघवेंद्र सिंह

## लोकायुक्त जबलपुर की मंडला में बड़ी कार्रवाई, 20 हजार नगद लेते रंगे हाथ किया गिरफ्तार

हरिभूमि, जबलपुर।

भ्रष्टाचार पर सख्ती के बीच लोकायुक्त जबलपुर इकाई ने गुरुवार को मंडला में बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। जनजातीय कार्य विभाग के सहायक यंत्री 61 वर्षीय नरेन्द्र कुमार गुप्ता को बिल भुगतान के एवज में 20 हजार की रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया गया। लोकायुक्त एसपी अंजूलता पटले को शिकायत मिली थी कि विभागीय भुगतान रोककर आरोपी सहायक यंत्री कुल 56 हजार की रिश्वत की मांग कर रहा है। शिकायतकर्ता 34 वर्षीय रोशन कुमार तिवारी निवासी डुमरकछार अनूपपुर, हाल निवासी नारायणगंज मंडला ने बताया कि उनकी फर्म बोरिंग बिल्डर्स ने वर्ष 2024 में विभागीय रिपेयर एवं मेंटेनेंस का कार्य किया था। भुगतान के लिए सहायक यंत्री गुप्ता ने रिश्वत की शर्त रखी थी।

### योजना बनाकर दबोचा

एसपी पटले के निर्देश पर लोकायुक्त की टीम ने योजना बनाई और आरोपी को विभागीय कार्यालय परिसर में ही शिकायतकर्ता से पहली किश्त 20 हजार लेते हुए धर दबोचा। मौके से राशि जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

## बिल के भुगतान के बदले सहायक यंत्री मांग रहा था रिश्वत



### विभिन्न धाराओं का प्रकरण दर्ज

लोकायुक्त अधिकारियों ने बताया कि आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधन 2018) की धारा 7, 13(1)(B), 13(2) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी गई है।

### कार्रवाई में इनकी रही सराहनीय भूमिका

इस सफल ट्रैप कार्रवाई में दल प्रभारी टीआई राहुल गजभिये, टीआई जितेंद्र यादव, टीआई शशिकला मस्कुले, एसआई शिशिर पांडेय की सराहनीय भूमिका रही।

## मिठाई के डिब्बों में कीड़े: कारखाने में बजबजा रही थी गंदगी

जबलपुर।

नगर निगम द्वारा लगातार स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता अभियान चलाने के साथ-साथ होटलों और अन्य प्रतिष्ठानों में भी साफ-सफाई की स्थितियों का जायजा लिया जा रहा है। आज नगर निगम के स्वास्थ्य और खाद्य विभाग के द्वारा संयुक्त रूप से होटलों के जाँच अभियान चलाया गया। जहाँ पर गंगा नगर गढ़ा स्थित प्रसिद्ध मिष्ठान भंडार बीकानेर स्वीट में गंदगी पायी गयी। जिसके कारण टीम के सदस्यों ने दुकान संचालक पर 10 हजार रूपये का जुर्माना लगाया है। कार्रवाई के संबंध में मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षण संतोष माहोर ने जानकारी देते हुए बताया कि गंगा नगर स्थित प्रसिद्ध मिष्ठान भंडार बीमानेर स्वीट के कारखाने के अंदर अत्यंत गंदगी, मिठाइयों में मरे कीड़े पाए जाने एवं कारखाने से निकलने वाला गंदा पानी नाली में बहाया जा रहा था, जिस पर प्रतिष्ठान संचालक के विरुद्ध नगर निगम एवं खाद्य विभाग द्वारा चालानी कार्यवाही करते हुए 10 हजार रूपये का जुर्माना लगाया। कार्यवाही के दौरान स्वास्थ्य निरीक्षक राम कोरी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती सारिका दीक्षित, सुपरवाइजर मनोहर, मोजेस, संतोष उपस्थित रहे।

### नगर निगम ने लगाया 10 हजार रूपये का जुर्माना



## स्कूटी पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खिले

### जिला स्तर पर 162 विद्यार्थियों को मिली स्कूटी

जबलपुर।

शासन के निर्देश अनुसार जिलास्तरीय स्कूटी वितरण कार्यक्रम का आयोजन पंडित लज्जा शंकर झा मॉडल हाई स्कूल में गुरुवार को किया गया. जिसमें मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय सभागार भोपाल से स्कूटी वितरण कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया. शासकीय स्कूलों में कक्षा 12वीं में प्रथम स्थान पर आने वाले प्रदेश स्तर पर 7832 छात्र-छात्राओं को स्कूटी का वितरण किया गया. जबलपुर जिले में 86 छात्राओं एवं 76 छात्रों कुल 162 छात्र-छात्राओं को स्कूटी वितरण किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती पूजन के साथ हुआ. साथ ही छात्र-छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई.स्कूटी पाकर छात्रों के चेहरे खुशी से खिल उठे.कार्यक्रम में महापौर जगत बहादुर सिंह (अन्नू), विधायक अशोक रोहाणी, विधायक डॉ अभिलाष पांडे, विधायक नीरज सिंह ठाकुर, विधायक संतोष बरकड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष आशा गोंटिया, नगर निगम अध्यक्ष रिंकुज विज, भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी, सहायक संचालक आरके वधान, मॉडल स्कूल प्राचार्य उपमा गुप्ता, मधुमिता हाजरा, अजय रजक,के के चौबे,सुनील भटेले सहित बड़ी संख्या में प्राचार्य, शिक्षक, छात्र-छात्राएं अभिभावक उपस्थित रहे।

## प्रेरणा ज्योत संस्था ने रेन बसेरा मोक्ष संस्था में बुजुर्गों को दी कुर्सियाँ और गद्दे




### बुजुर्गों के चेहरे पर लौटी मुस्कान

**जबलपुर।** मानव सेवा ही प्रभु सेवा है इस मूलमंत्र को आत्मसात करते हुए प्रेरणा ज्योत संस्था ने एक बार फिर समाज सेवा का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया। जब संस्था को यह ज्ञात हुआ कि रेन बसेरा मोक्ष संस्था मेडिकल में रह रहे 30 बुजुर्गों को कुर्सियों और गद्दों की अत्यंत आवश्यकता है, तब संस्था ने तुरंत सहायता का निर्णय लिया। बुधवार के दिन जब प्रेरणा ज्योत की टीम वहां पहुंची और बुजुर्गों को कुर्सियाँ एवं गद्दे वितरित किए, तो वहां का दृश्य अत्यंत भावुक कर देने वाला था। बुजुर्गों के चेहरे पर आई मुस्कान और उनकी नम आंखों ने इस सेवा कार्य को सार्थक बना दिया। कई बुजुर्ग भावविभोर होकर चुपचाप आशीर्वाद दे रहे थे, तो कुछ ने शब्दों में अपनी खुशी व्यक्त की।संस्था की फाउंडर सदस्य श्रीमती किरणबेन माणेक ने बताया, जब हमने बुजुर्गों की आँखों में चमक देखी, तो हमारे भी नेत्र नम हो गए। हमने ईश्वर को धन्यवाद दिया कि उसने हमें इस सेवा कार्य के लिए चुना। उन्होंने इस सेवा में सहभागी बनी सभी बहनों का भी हृदय से आभार व्यक्त किया। इस सेवा कार्य में किरण माणेक, सीजल, सोनी, और कल्पना पटेल जैसी समर्पित सदस्याएं अग्रणी रही हैं।



### एसपी को सौंपी शिकायत

## शौचालय का उपयोग करने पर चाचा-ससुर करते हैं मारपीट

**जबलपुर।** आवेदिका पूजा चक्रवर्ती पति अरविंद चक्रवर्ती निवासी शीतलामाई कुम्हार मोहल्ला ने चाचा ससुर और उनके पुत्रों द्वारा मारपीट की शिकायत पुलिस अधीक्षक को सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है। आवेदका पूजा चक्रवर्ती ने बताया कि मैं अपनी ससुराल में पति, सास और दो बच्चों के साथ पुस्तैनी कच्चे मकान में रहती हूं। ससुराल में निस्तार के लिए सामूहिक शौचालय, बाथरूम का इस्तेमाल होता है, लेकिन मेरे चाचा ससुर छोटेलाल चक्रवर्ती, उनके पुत्र शेरू, अभिषेक चक्रवर्ती एवं पुत्री खुशबू शौचालय व बाथरूम का इस्तेमाल करने पर मारपीट करते हैं, जिसकी शिकायत अनेक बार थाना घमापुर में दर्ज कराई गई, लेकिन पुलिस ने पारिवारिक मामला बताते हुए कोई कार्यवाही नहीं की। 04 सितम्बर को भी हम शौचालय का उपयोग करने गए तो मुझसे एवं मेरे पति के साथ मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। अतः मामले में उचित निर्णय लेते हुए हमें न्याय प्रदान किया जाए।

# जीएसटी कटौती दोपहिया ग्राहकों के लिए कार खरीदने का अवसर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश की प्रमुख कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) को उम्मीद है कि वाहनों पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में कटौती के बाद अगले वित्त वर्ष से घरेलू यात्री वाहनों की बिक्री में वृद्धि लगभग सात प्रतिशत पर वापस आ जाएगी। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह बात कही। मारुति सुजुकी इंडिया के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (विपणन एवं बिक्री) पार्थो बनर्जी ने सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के वार्षिक सम्मेलन के मौके पर कहा कि छोटी कार खंड, जिसमें कंपनी का दबदबा है, में वृद्धि की उम्मीद लगभग 10 प्रतिशत है।

■ बिक्री में वृद्धि लगभग सात फीसदी पर वापस आ जाएगी

**सियाम के वार्षिक सम्मेलन में मारुति के अधिकारी ने कहा**

### मासिक किस्त में कमी होगी

छोटी कारों के लिए, उन्होंने कहा, ''हमें उम्मीद है कि यह 10 प्रतिशत रहेगी।'' उन्होंने कहा कि 12 लाख रुपये तक की वार्षिक आय पर आयकर में छूट, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर में कटौती से मासिक किस्त (ईएमआई) कम होगी, और जीएसटी दर में कमी जैसे कई कारक छोटी कारों को और अधिक किफायती बनाने में मदद करेंगे जिससे दोपहिया वाहन चालकों को कार खरीदने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा।''




### पूछताछ में 15 फीसदी की वृद्धि

अधिकारी ने बताया कि जीएसटी दरों में कटौती की घोषणा के बाद से, 'श्राद्ध' का समय होने के बावजूद पूछताछ में 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और बाजार का रुझान उत्साहजनक है। बनर्जी ने यह भी कहा कि कंपनी ने जीएसटी दरों में कटौती का लाभ ग्राहकों तक पहुंचाने की घोषणा पहले ही कर दी है।

*दोपहिया ग्राहक चार पहिया में अपग्रेड हो सकते हैं*

*अधिकारी ने कहा, ''हमारा मानना है कि यह सभी दोपहिया वाहन ग्राहकों के लिए चार पहिया वाहन में 'अपग्रेड' करने का एक बड़ा अवसर है।'' पिछले कुछ वर्षों में, विशेष रूप से छोटी कार श्रेणी में, सामर्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण, घरेलू यात्री वाहन (पीवी) की बिक्री धीमी रही है।*

### सीएजीआर पहले के स्तर पर होगी

जीएसटी दर में कमी के वाहन बिक्री वृद्धि पर प्रभाव के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, ''भारतीय वाहन उद्योग के लिए दीर्घकालिक विकास चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) जो पहले लगभग सात प्रतिशत हुआ करती थी, हमें लगता है कि 2026-27 से यह फिर से उसी स्तर पर आ जाएगी।''

### 17.5 लाख इकाई रही बिक्री

उद्योग के अनुमानों के अनुसार, इस वित्त वर्ष की अप्रैल-अगस्त अवधि में, यात्री वाहनों की बिक्री लगभग 17.05 लाख इकाई रही, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 17.31 लाख इकाई थी।

## खबर संक्षेप

### कल्पतरु प्रोजेक्ट्स को 2,720 करोड़ रुपए के ऑर्डर मिले


**नई दिल्ली।** कल्पतरु प्रोजेक्ट्स इंटरनेशनल (केपीआईएल) और उसकी अंतरराष्ट्रीय अनुषंगी कंपनियों को 2,720 करोड़ रुपये के ऑर्डर मिले हैं। कल्पतरु प्रोजेक्ट्स ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि कंपनी को ये ऑर्डर बिजली पारेषण और वितरण (टीएंडडी) के साथ-साथ भवन और कारखाना (बीएंडएफ) कारोबार में मिले हैं।

### रियल एस्टेट को 80 अरब डॉलर का निवेश मिला



**सिंगापुर।** भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र ने पिछले 15 साल में लगभग 80 अरब अमेरिकी डॉलर का संस्थागत निवेश हासिल किया है, जिसमें विदेशी निवेशकों का योगदान 57 प्रतिशत है। क्रेडाई और कोलियर्स की एक संयुक्त रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। 'इंडियन रियल एस्टेटः फॉस्टरिंग इक्विटी एंड फ्यूलिंग इकॉनमिक ग्रोथ' एक संयुक्त रिपोर्ट जारी की।

### ग्लास फाइबर के आयात पर डंपिंग शुल्क लगाने की मांग



**नई दिल्ली।** वाणिज्य मंत्रालय की जांच इकाई डीजीटीआर ने चीन, बहरीन, थाइलैंड से इलेक्ट्रिकल्स सहित विभिन्न क्षेत्रों में उपयोग किए जाने वाले ग्लास फाइबर के आयात पर पांच साल के लिए डंपिंग रोधी शुल्क लगाने की सिफारिश की है। व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) ने अपनी अंतिम जांच रिपोर्ट में निष्कर्ष निकाला है।

### एचएमएसआई 350 सीसी के दाम 18,800 रु. घटाएगी

**नई दिल्ली।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने जीएसटी दरों में कटौती का लाभ ग्राहकों को देने से अपने 350 सीसी तक के मॉडल की कीमतें 18,800 रुपये तक घटाने का फैसला किया है। बयान में कहा कि वह अपने उत्पाद पोर्टफोलियो में हाल ही में जीएसटी दर में की गई कटौती का पूरा लाभ ग्राहकों को देगी।

### गेम्स 24X7 करेगी 70 फीसदी कर्मचारियों की छंटनी

**नई दिल्ली।** डिजिटल गेमिंग कंपनी गेम्स24X7 ने सभी प्रकार के पैसा आधारित ऑनलाइन गेम पर सरकार के प्रतिबंध के बाद लगभग 70 प्रतिशत यानी लगभग 500 कर्मचारियों की छंटनी की प्रक्रिया शुरू कर दी है। घटनाक्रम से अवगत सूत्रों ने यह जानकारी दी। कंपनी को भेजे गए ई-मेल का फिलहाल कोई जवाब नहीं मिला।

## ऊर्जा मंत्री जोशी ने कहा, जल्द 50 लाख रूफटॉप सोलर का आंकड़ा छुएंगे

# पीएम सूर्य घर योजना में देशभर के 20 लाख से ज्यादा घरों पर रूफटॉप सोलर प्रणाली

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत देश भर में 20 लाख से ज़्यादा घरों में रूफटॉप सोलर प्रणाली (छत पर सौर बिजली परियोजना) लगाई जा चुकी हैं और बहुत जल्द इसमें 30 लाख की संख्या और जुड़ जाएगी।

हालांकि, मंत्री ने देश भर में इस योजना के तहत एक करोड़ लाभार्थियों के लिए रूफटॉप सोलर उपकरण लगाने के लक्ष्य का आधा हिस्सा हासिल करने के लिए कोई विशिष्ट समयसीमा नहीं बताई। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना और प्रधानमंत्री-कुसुम योजनाओं की राज्यों की समीक्षा बैठक के उद्घाटन को संबोधित करते हुए, जोशी ने कहा, ''अब 20 लाख (घरों) में रूफटॉप लगाने का काम पूरा हो गया है और बहुत जल्द हम 30 लाख और जोड़ेंगे। कुल मिलाकर, हमारा लक्ष्य (योजना के तहत) एक करोड़ घरों का है।'

### आधे लाभार्थियों को शून्य बिजली बिल मिल रहा

*मंत्री ने कहा, ''प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत, हम पहले ही देख चुके हैं कि लगभग आधे लाभार्थियों को शून्य बिजली बिल मिल रहे हैं। यह दीर्घकालिक स्थिरता सुनिश्चित करते हुए नागरिकों को सार्थक राहत प्रदान करने के एक मॉडल को दर्शाता है। मैं सभी राज्यों से ऐसे तरीकों को अपनाने और सक्रिय रूप से बढ़ावा देने का आग्रह करता हूं।''*

### योजना मांग आधारित पहले आओ पहले पाओ

जोशी ने कहा कि यह योजना मांग-आधारित है और लाभ पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर दिए जाएंगे। उन्होंने राज्यों से दोनों योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने के लिए सक्रिय रहने को कहा।



*उपयोगिता आधारित मॉडल को मंजूरी*

*मंत्री ने बताया कि उन्होंने उन सभी लोगों के लिए एक उपयोगिता-आधारित मॉडल को मंजूरी दे दी है जिनके सिर पर छत नहीं है। उन्होंने आगे कहा, ''कुछ राज्यों ने इसे (रूफटॉप सोलर लगाने) बहुत तेजी से करने की योजना बनाई है। आंध्र प्रदेश भी ऐसा ही एक राज्य है। मुख्यमंत्री ने मुझसे मुलाकात की थी और मुझे प्रस्तुतीकरण दिया था। कुछ राज्यों ने हमें इस उपयोगिता-आधारित मॉडल को लागू करने की मांग भेजी थी। हमने इसे मंजूरी दे दी है।''*

### ग्रिड कनेक्टिविटी व लाइसेंस अनुपालन में कुछ समस्या

जोशी ने यह भी कहा कि विभिन्न योजनाओं, ग्रिड कनेक्टिविटी और लाइसेंस में अनुपालन संबंधी समस्याएं हैं और राज्यों को और अधिक सक्रिय रहने की जरूरत है। उन्होंने ... 2030 तक 550 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य के बारे में कहा, ''हमने लगभग 251.5 गीगावाट स्थापित गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित क्षमता हासिल कर ली है। हमें अगले पांच वर्षों में 248 गीगावाट और हासिल करने की आवश्यकता है।

### भारत में 100 गीगावाट मॉड्यूल निर्माण क्षमता

जोशी ने बताया कि आज भारत में 100 गीगावाट मॉड्यूल निर्माण क्षमता है। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत लगभग 50,000 करोड़ रुपये का निवेश किया गया है और 12,600 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिला है। उन्होंने कहा, '2028 तक स्वदेशी सौर सेल प्राप्त करने का लक्ष्य निर्धारित करने के बाद, अब हम स्वदेशी 'वेफर्स' और स्वदेशी 'इनगोट्स' की ओर भी बढ़ रहे हैं। इससे हमें भारत में ही संपूर्ण सौर मूल्य श्रृंखला बनाने में मदद मिलेगी।'

### पीएम कुसुम योजना के दूसरे चरण पर काम

पीएम-कुसुम 2.0 योजना के बारे में उन्होंने कहा कि मंत्रालय को केंद्रीय मंत्रिमंडल से मंजूरी लेनी होगी। उन्होंने कहा, ''हम पीएम कुसुम योजना के दूसरे चरण पर पहले से ही काम कर रहे हैं, जिसे वर्तमान चरण की अवधि समाप्त होने के बाद मार्च, 2026 में शुरू किया जाएगा।''

# सेंसेक्स 124 अंक मजबूत निफ्टी चढ़कर पहुंचा 25,000 अंक के पार

■ फेड के दर कटौती की उम्मीद से वैश्विक बाजार में तेजी



एजेंसी ⏭ मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को तेजी बनी रही और बीएसई सेंसेक्स 124 अंक के लाभ में रहा, जबकि एनएसई निफ्टी 25,000 अंक के पार पहुंच गया। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर में कटौती की उम्मीद के बीच वैश्विक बाजारों में तेजी के साथ घरेलू शेयर बाजार लाभ में रहे।

तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स में लगातार चौथे दिन तेजी रही और यह 123.58 अंक की बढ़त के साथ 81,548.73 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 217.07 अंक तक चढ़ गया था। निफ्टी में लगातार सातवें कारोबारी सत्र में तेजी रही और यह 32.40 अंक बढ़कर लगभग तीन सप्ताह के उच्चतम स्तर 25,005.50 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में एनटीपीसी, एक्सिस बैंक, पावर ग्रिड, भारती एयरटेल, इटर्नल और सन फार्मा प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में इन्फोसिस, टाइटन, अल्ट्राटेक सीमेंट और हिंदुस्तान यूनिलीवर शामिल हैं। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''निफ्टी 50 सूचकांक 25,000 अंक की महत्वपूर्ण सीमा से ऊपर बंद हुआ है। अमेरिका द्वारा भारत पर अप्रत्याशित रूप से 50 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने से मुख्य सूचकांक एक समय 24,400 अंक तक गिर गया था।''

### निफ्टी सीमित दायरे में काम करता रहा

रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, ''बृहस्पतिवार को बाजार में सुस्ती रही और अंत में मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ। सकारात्मक शुरुआत के बाद, निफ्टी पूरे सत्र में एक सीमित दायरे में रहा और अंततः 25,005 अंक के स्तर पर बंद हुआ।''

## टाटा कैपिटल अक्टूबर में 17,000 करोड़ रुपए का आईपीओ लाएगी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

टाटा कैपिटल अक्टूबर के पहले पखवाड़े में अपना बहुप्रतीक्षित दो अरब डॉलर (17,000 करोड़ रुपये से अधिक) का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) ला सकती है। कंपनी को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से शेयर बाजारों में सूचीबद्धता के लिए समयसीमा बढ़ाए जाने की मंजूरी मिली है। मामले से जुड़े सूत्रों ने यह जानकारी दी। इससे पहले, इस गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी को शेयर बाजारों में सूचीबद्धता के लिए 30 सितंबर तक का समय दिया गया था। कंपनी अपने पहले सार्वजनिक निर्गम के जरिये 18 अरब डॉलर के मूल्यांकन पर दो अरब अमेरिकी डॉलर जुटाने की उम्मीद कर रही है। यह अप्रैल में टाटा कैपिटल द्वारा गोपनीय आईपीओ दस्तावेज दाखिल किए जाने के समय बताए गए 11 अरब डॉलर के मूल्यांकन से काफी ज्यादा है। हुंदै मोटर के अक्टूबर, 2024 में 3.3 अरब डॉलर (27,870 करोड़ रुपये) के आईपीओ के बाद टाटा कैपिटल की पेशकश देश में सबसे बड़ी होगी। मामले से जुड़े लोगों ने पीटीआई-भाषा को बताया, ''हालांकि, आरबीआई ने 30 सितंबर की समयसीमा दी थी, लेकिन उसने प्रक्रिया संबंधित कारणों से इसे बढ़ाने की अनुमति दी है।''बाजार पर्यवेक्षकों के अनुसार, बड़े आईपीओ में अक्सर इस तरह के विस्तार देखने को मिलते हैं।

## दिल्ली में रत्न-आभूषण मेला कल से

**नई दिल्ली।** में 13वां दिल्ली रत्न एवं आभूषण मेला (डीजेजीएफ) इस साल 13 से 15 सितंबर तक प्रगति मैदान के भारत मंडपम में आयोजित किया जाएगा। 'अपना दिल्लीवाला शो' के नाम से चर्चित इस मेले में देश-विदेश के 600 से ज्यादा प्रदर्शक और 1,200 से ज्यादा ब्रांड अपने नवीनतम संग्रह को प्रदर्शित करेंगे। त्योहारों से ठीक पहले होने वाला यह मेला उत्तर भारत का सबसे बड़ा बी2बी (बिजनेस-टू-बिजनेस) आभूषण मेला है जिसमें 25,000 से ज्यादा आंगतुकों के आने की उम्मीद है। डीजेजीएफ में सोने, चांदी, हीरे, कुंदन और जड़ाऊ के पारंपरिक आभूषणों के साथ आधुनिक तकनीकों और नवाचारों से तैयार समकालीन डिजाइन भी प्रदर्शित किए जाएंगे। इस बार मेले का विषय 'शिल्प कौशल और नवाचार का जश्न' रखा गया है। इसमें मुख्य जोर हल्की, टिकाऊ और पर्यावरण अनुकूल आभूषणों पर रहेगा।

## जियोब्लैकरॉक का इक्विटी फंड 23 सितंबर को आएगा

**कोलकाता।** जियोब्लैकरॉक म्यूचुअल फंड ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह अपना पहला सक्रिय इक्विटी उत्पाद 23 सितंबर को पेश करेगी। इसे कंपनी के 'सिस्टमेटिक एक्टिव इक्विटी' (एसएई) मंच पर जारी किया जाएगा। कंपनी ने कहा कि 'जियोब्लैकरॉक फ्लेक्सीकैप फंड' उसका पहला एक्टिव इक्विटी फंड है जबकि इस वित्त वर्ष में तीन-चार अन्य सक्रिय इक्विटी फंड भी जारी किए जा सकते हैं। कंपनी के ईटीएफ समेत अन्य निवेश उत्पाद बाद में पेश किए जाएंगे। जियोब्लैकरॉक एएमसी के मुख्य निवेश अधिकारी ऋषि कोहली ने कहा कि पहला फंड एसएई मंच पर आधारित होगा जो ब्लैकरॉक का वैश्विक स्तर पर आजमाया हुआ ढांचा है। इसमें 95 प्रतिशत निवेश प्रक्रिया प्रौद्योगिकी पर आधारित होगी जिससे व्यक्तिगत जोखिम एवं धारणात्मक आग्रह कम होगा।

# सोना 100 रुपए बढ़कर नए रिकॉर्ड स्तर पर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



■ सोने का 1,13,100 रुपए स्तर का नया रिकॉर्ड
■ स्टॉकिस्टों की खरीदारी से सोने में तेजी जारी

स्टॉकिस्टों की सतत लिवाली के कारण बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 100 रुपये बढ़कर 1,13,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के अबतक के नए उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी।

इस साल सोने की कीमतों में तेजी बनी हुई है। यह 31 दिसंबर, 2024 को 78,950 रुपये प्रति 10 ग्राम पर था। अबतक इसमें 34,150 रुपये यानी 43.25 प्रतिशत की वृद्धि हो चुकी है। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत भी 100 रुपये बढ़कर 1,12,600 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। ऑग्मोंट की शोध प्रमुख रेनिशा चैनानी ने कहा, ''मुद्रास्फीति की चिंता, बढ़ता सार्वजनिक ऋण और अमेरिकी वृद्धि की गति कम होने जैसे बाजार जोखिम बढ़ने के कारण सोने की कीमतें सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई हैं।

### सोना सुरक्षित निवेश का विकल्प बना

रायचुरा ने कहा कि इन कारकों ने सोने को एक सुरक्षित निवेश का विकल्प बना दिया है। हालांकि रिकॉर्ड स्तर पर नए निवेश में अब अस्थिरता का जोखिम है। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमतों में नरमी आई और हाजिर सोना 0.52 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3,621.91 डॉलर प्रति औंस पर रहा।

# सेबी की आज अहम बैठक में कई प्रस्तावों पर चर्चा

**मुंबई।** बाजार नियामक सेबी का निदेशक मंडल शुक्रवार को अपनी बैठक में कई अहम सुधार प्रस्तावों पर विचार कर सकता है जिनमें बड़ी कंपनियों के लिए आईपीओ की शर्तों में ढील और न्यूनतम सार्वजनिक हिस्सेदारी हासिल करने की समयसीमा बढ़ाने जैसे प्रस्ताव शामिल हैं। सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय के कार्यकाल की यह तीसरी बोर्ड बैठक होगी। पांडेय ने इस साल एक मार्च को सेबी प्रमुख का पदभार संभाला था। सेबी का निदेशक मंडल बड़ी कंपनियों को भारतीय बाजार में सूचीबद्ध होने के लिए प्रोत्साहित करने वाले प्रस्ताव पर अपनी मुहर भी लगा सकता है। प्रस्ताव है कि 50,000 करोड़ रुपये से लेकर एक लाख करोड़ रुपये के पूंजीकरण वाली कंपनियों के लिए न्यूनतम सार्वजनिक निर्गम (एमपीओ) 1,000 करोड़ रुपये और न्यूनतम आठ प्रतिशत निर्गम-पश्चात पूंजी का प्रावधान रखा जाए। इन्हें न्यूनतम सार्वजनिक शेयरधारिता (एमपीएस) की 25 प्रतिशत सीमा को मौजूदा तीन साल के बजाय पांच साल में हासिल करने की छूट दी जा सकती है। वहीं, एक लाख करोड़ रुपये से पांच लाख करोड़ रुपये तक के पूंजीकरण वाली कंपनियों के लिए एमपीओ का आकार 6,250 करोड़ रुपये और न्यूनतम 2.75 प्रतिशत निर्गम-पश्चात पूंजी होगी। इनके लिए एमपीएस हासिल करने की समयसीमा 10 साल तक बढ़ाई जा सकती है। पांच लाख करोड़ रुपये से ऊपर के बाजार पूंजीकरण वाली कंपनियों के लिए एमपीओ 15,000 करोड़ रुपये और कम से कम एक प्रतिशत निर्गम-पश्चात पूंजी रहेगी।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद मुंगेली, जिला-मुंगेली (छ.ग.)**

क्र. 748/न.पा./लो.नि.वि./2025-26 मुंगेली, दिनांक 10/09/2025

-: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना :-

नगर पालिका परिषद मुंगेली द्वारा निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु निम्नानुसार ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| सिस्टम निविदा क्र. | कार्य का नाम | अनु. व्यय राशि (लाख में) | निविदा ऑनलाईन सम्मिट करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 175183 | डॉ. भीमराव अंबेडकर सर्व समाज मांगलिक भवन निर्माण कार्य। | 116.46 | 01.10.2025 |
| 175146 | नगर पालिका मुंगेली क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न भवनों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग निर्माण कार्य। | 12.53 | 26.09.2025 |

टीप:- 1. निविदा प्रपत्र चिप्स के वेबसाईट Http:/eproc.cgstate.gov.in में अवलोकन किया जा सकता है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद मुंगेली

**पश्चिम मध्य रेल**
**इंजीनियरिंग विभाग खुली निविदा**

निम्नलिखित कार्य के ई–निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना क्रमांक:** डी. आर. एम. डब्ल्यू–जे. बी.पी–138–2025 दिनांक 08.09.2025 **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** वरि. मंडल. अभियंता (मध्य) जबलपुर सेक्शन के अंतर्गत दो विविध कार्य (i) सेस को चौड़ा करना/सेस की मरम्मत और (ii) विभिन्न ट्रैक नवीनीकरण कार्यो के संदर्भ में नाला प्रदान करना/ नाले में सुधार।, **कार्य का अनुमानित मूल्य :** 6,70,55,537/–, **बयाना राशि रुपये :** 4,85,300/–, **समापन अवधि :** 18 माह, **निविदा सूचना क्रमांक:** डी. आर. एम. डब्ल्यू–जे. बी.पी–139–2025 दिनांक 08.09.2025 **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** बचे हुए कार्यो को पूरा करनाः– i वरि. मंडल अभियंता (उत्तर) जबलपुर सेक्शन के अंतर्गत कटनी–सतना पर 38 नं. (1 में 12–33 नं. ओर 1 में 8.5– 5 नं.) थ्रू टर्नआउट रिन्यूवल ओर 12 नं. (1 में 12) टर्नआउट के थ्रू स्लीपर रिन्यूवल का कार्य। ii वरि. मंडल अभियंता (उत्तर) जबलपुर सेक्शन के अंतर्गत सतना– मानिकपुर एवं सतना–रीवा पर 65 नं. (1 में 12) थ्रू टर्नआउट रिन्यूवल और 14 नं. (1 में 12) अर्नआउट के थ्रू स्लीपर रिन्यूवल का कार्य।, **कार्य का अनुमानित मूल्य :** 3,00,79,898/–, **बयाना रुपये :** 3,00,400/–, **समापन अवधि :** 12 माह, **निविदा सूचना क्रमांक:** डी. आर. एम. डब्ल्यू–जे. बी.पी–140–2025 दिनांक 09.09.2025 **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** सहायक मंडल अभियंता ब्योहारी उप मंडल के अंतर्गत सरईग्राम डिपो में फरवरी 2023 की रेलवे विशिष्टताओं के अनुसार 65 मिमी मशीन क्रश किए कठोर और टिकाऊ ट्रैक पत्थर बैलास्ट की आपूर्ति भंडारण और आपूर्ति भंडारण और लोडिंग करना जिसमें सभी लीड लिफ्ट टैक्स रॉयल्टी डयूटी आदि शामिल हैं।, **कार्य का अनुमानित मूल्य :** 9,47,78,084/–, **बयाना रुपये :** 6,23,900/–, **समापन अवधि :** 22 माह, **सभी निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय 15.00 बजे तक :** 03.10.2025, **सभी निविदा खुलने का समय 15.15 बजे तिथि :** 03.10.2025, उपरोक्त ई–निविदा की संपूर्ण जानकारी वेबसाईट https://ireps.gov.in" पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई–निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेंगी।

(हस्ता)
मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), पमरे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**पश्चिम मध्य रेल**
**खुली निविदा**

उप मुख्य विद्युत अभियंता (परियोजना) पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑनलाइन के माध्यम से प्रतिष्ठित और अनुभवी ठेकेदारों से ई–निविदाएं आमंत्रित करते हैं। इस निविदा के विरुद्ध मैन्युअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और प्राप्त ऐसे किसी भी प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जाएगा। **(1) निविदा क्रमांक:** जेबीपी–ईएलपी–क्रे न–टी–2025–02, दिनांक: 04.09.2025 **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** 5 टन क्षमता वाले डीजल हाइड्रोलिक रेल क्रेन की आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग, जिसे बीएफआर पर लगाया जाएगा। **निविदा की अनुमानित मूल्य:** ₹ 1,31,96,613/– **निविदा फॉर्म की कीमत:** निल **कार्यालय का पता:** उप मुख्य विद्युत इंजीनियर (परियोजना), पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर ग्राउंड फ्लोर, मुख्य परियोजना प्रबंधक (परियोजना), कार्यालय, रेलवे स्टेडियम के बाजू में जबलपुर 482001 **बिड सिक्यूरिटी:** ₹ 2,16,000/– **समापन अवधि:** 3 माह **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय:** दिनांक 29.09.2025 (15.00 बजे) **निविदा खुलने की तिथि एवं समय:** दिनांक 29.09.2025 (15:30 बजे तक). निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेलवे वेबसाइट https://ireps.gov.in पर उपलब्ध है तथा उप मुख्य विद्युत इंजीनियर (परियोजना), जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है।

(हस्ता.)
उप मुख्य विद्युत इंजीनियर (परियोजना), प.म.रे., जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता, नगर वृत्त मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, जबलपुर** 1912
CIN:U40109MP2002SGC015120, GST:23AADCM6175E2ZM Ph.:0761-2621784 email - secityjabalpur@gmail.com

क्रमांक :- अ.अ./ज.न.वृ./268 **आम-सूचना** दिनांक :- 10.09.2025

नगर संभाग विजयनगर के अंतर्गत निम्न अघोषित - अवैध कॉलोनी का विद्युतीकरण प्रस्तावित है :

| क्र. | कॉलोनी का नाम | खसरा क. और रकबा | प्लॉट संख्या | अनुमानित भार | विद्युतीकरण प्राक्कलन राशि | विद्युतीकरण हेतु आने वाली प्रति किलोवॉट लागत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आवेदक श्री हर्ष साहू पिता श्री प्रदीप कुमार साहू द्वारा विकसित की जा रही कॉलोनी | मौजा करमेता नं. बं. 497, प.ह.नं. 23 / 78, रा.नि.म. माढोताल, वार्ड नं. 73, खसरा नं.- 537/1/1/1/1/1/1/1/1/1/1/1, रकवा 12000 वर्गफुट भूमि करमेता जबलपुर,। | 12 नग | 38 कि.वॉ | 8,82,329/- | 23,219/- |
| 2 | आवेदक श्रीमति रज्जो बाई यादव पति श्री साहब सिंह यादव द्वारा विकसित की जा रही कॉलोनी | मौजा करमेता नं. बं. 497, प.ह.नं. 78 / 23, रा. नि.म. माढोताल, खसरा नं.- 305 का कुल रकवा 25295 वर्गफुट में से 21295 वर्गफुट भूमि करमेता जबलपुर, । | 16 नग | 64 कि.वॉ | 12,54,591/- | 19,602/- |

आम जनमानस हेतु सूचनार्थ प्रकाशित । अधीक्षण अभियंता, नगर वृत म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं. लि. जबलपुर

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग परियोजना खण्ड कटनी**
E mail:- mp.eephedkat@gmail.com Phone no. 07622-225752

क्रमांक 3226/का.यं./निप्रको./लो.स्वा.यां.परि.खण्ड/2024 कटनी, दिनांक 10.09.2025

**निविदा आमंत्रण सूचना-क्रमांक 35 एवं 36 / 25-26**

ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल http://www.mptender.gov.in पर जिले के विभिन्न विकासखंडों के ग्रामों में स्थापित हैण्ड पम्पों के संधारण कार्य हेतु निम्नानुसार निविदा म.प्र. लोक निर्माण विभाग में नवीन पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत फर्मो से आमंत्रित है ।

हैण्ड पम्प संधारण कार्य

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 35/ 25-26 | 2025_PHED _450670 | विकासखंड बडवारा में स्थापित हैण्ड पम्पों के संधारण कार्य | 20.30 | 40600 | 5000 | एक वर्ष |
| 36/ 25-26 | 2025_PHED _450671 | विकासखंड विजयराघवगढ में स्थापित हैण्ड पम्पों के संधारण कार्य | 29.00 | 50000 | 5000 | एक वर्ष |

ऑन लाईन निविदा क्रय एवं बिड की तिथी-19.09.2025 18.00 बजे
ऑन लाईन निविदा दर खोलने की तिथी-22.09.2025 10.00 बजे

निविदा फार्म ऊपर दर्शित बेबसाईट पर (Online System) क्रेडिट कार्ड या ऑनलाईन भुगतान कर ही कय किये जा सकते हैं । निविदा एवं उससे संबंधित जानकारी ऊपर दर्शाई गई बेबसाईट पर देखे।

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
G-18556/25 "स्वच्छता ही सेवा" परियोजना खण्ड कटनी फोन नं. -07622-225752

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड - सिवनी (म. प्र.)**

विज्ञापन पत्र क्रमांक/2974/व.ले.लि./का.यं./लो.स्वा.यां./खण्ड/2025 **निविदा आमंत्रण सूचना (संक्षिप्त)** सिवनी, दिनांक- 09/09/2025

निम्नलिखित कार्य की निविदा प्रक्रिया ई-प्रोक्युरमेंट ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल http://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित हैं। निविदा का विवरण निम्नानुसार हैं

| निविदा सूचना क्र./दिनांक | ई-टेण्डरिंग पद्धति क्रमांक | कार्य का नाम | कुल अनुमानित लागत (रू. लाख में) | कुल अमानती राशि (रू. में | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि | ऑन लाइन बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | समय अवधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 13/नि.प्र. /2025-26 दिनांक 08/09/2025 | 2025_ PHED_ 449897 _1 | लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड कार्यालय सिवनी, उपखण्ड कार्यालय सिवनी/छपारा/लखनादौन/केवलारी के लिए उच्चकुशल (कार्यालयीन कम्प्यूटर टाईपिंग सबंधित कार्य हेतु) एवं अकुशल (साफ-सफाई कार्य हेतु) के वर्गीकरण के कर्मचारी (मानव संसाधन) उपलब्ध कराने के कार्य । | 21.22 | 42,440.00 | 5,000.00 | 24/09/2025 | 24/09/2025 | 365 दिवस (वषार्काल सहित) | म.प्र. लोक निर्माण विभाग, भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत तथा अन्य राज्य अथवा केन्द्र के विभागों में पंजीकृत ठेकेदार |

G-18492/25 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता" कार्यपालन यंत्री / लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड सिवनी (म.प्र.)

चिंतन

# पड़ोसी नेपाल के हालात से सतर्क रहने की जरूरत

प्रधानमंत्री केपी ओली के इस्तीफा देने और सेना के मोर्चा संभालने के बाद धीरे-धीरे नेपाल का जनजीवन पटरी पर लौट रहा है। पूरे देश में वरिष्ठ नेताओं पर हमले हुए। संसद, सुप्रीम कोर्ट, प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति आवास को जला दिया गया। जब नेपाली सेना ने मोर्चा संभाला, तब जाकर कुछ शांति लौटती दिख रही है। हालांकि, जेनरेशन-जी नेताओं ने राष्ट्रपति और सेना प्रमुख से बातचीत के दौरान कई मांगें रखी हैं। इनमें नेपाली संसद को भंग करना, जल्दी चुनाव करवाना और अपनी पसंद के गैर राजनीतिक व्यक्ति को प्रधानमंत्री नियुक्त करना शामिल है। ऐसा भी कहा जा रहा है कि प्रदर्शनकारी नेपाल के संविधान को बदलने की मांग कर रहे हैं, लेकिन अभी तस्वीर साफ नहीं है कि आगे क्या होने वाला है। हां, राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने राष्ट्र को आश्वासन दिया है कि वह संविधान के दायरे में देश के मौजूदा राजनीतिक संकट को सुलझाने के लिए काम कर रहे हैं। माना जा रहा है कि अभी अंतरिम सरकार बनाने की कवायद चल रही है। यही अंतरिम सरकार बाद में नेपाल में चुनाव करवाएगी। अभी नेपाल में जो बवाल और स्थिति है, उसे कंट्रोल करने के लिए अंतरिम सरकार की जरूरत है। अभी नेपाल का मुखिया कौन होगा, यह तय नहीं है। मगर माना जा रहा है कि सुशीला कार्की को अंतरिम सरकार का चीफ बनाया जा सकता है। अगले कुछ ही घंटों में यह साफ हो जाएगा कि नेपाल की कमान कौन संभालने वाला है, लेकिन अभी भी यक्ष प्रश्न यही है कि इतना बड़ा बवाल हुआ क्यों। नेपाल की पूर्व शिक्षा मंत्री सुमना श्रेष्ठ कहती हैं कि हंगामे के पीछे सोशल मीडिया पर प्रतिबंध मुख्य कारण नहीं है। यह तो बस ताबूत में आखिरी कील थी। मेरी पार्टी, राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी 21 सांसद, संसद में चौथी सबसे बड़ी पार्टी बन गई, या काठमांडू के मेयर बालेंद्र शाह सबसे लोकप्रिय नेता बन गए, यह यूं ही नहीं हुआ। देश में गहरा आक्रोश और असमानता है। राजनीतिक दल वर्षों से किए गए अपने वादों पर खरे नहीं उतरे हैं। हमें नौकरी और शिक्षा के लिए पलायन करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। हर प्रतिष्ठान पर उन पार्टियों का कब्जा है जो निरंकुश संस्थाओं की तरह चलती हैं। प्रधानमंत्री पद म्यूजिकल चेयर की तरह चल रहा है। इसी से युवाओं में लंबे समय से बहुत गुस्सा था और कुछ निहित स्वार्थी समूह उनके गुस्से का इस्तेमाल कर रहे थे। इसी कारण लोगों के बिजनेस पर हमले हुए। प्रदर्शन शुरू होने के बाद पुलिस ने आधी रात तक बर्बर कार्रवाई की। यूनिफॉर्म पहले बच्चों को गोलियां मारी गई, जिसने आग में घी डालने का काम किया। विरोध इतना हिसंक हुआ कि 30 से ज्यदा लोगों की जान चली गई। अरबों रुपये की संपति का नुकसान हुआ। अब तय है कि सता और व्यवस्था में बड़ा बदलाव होगा। जेन जेड संविधान को पूरी तरह से खारिज करने के बजाय उसके कुछ अनुच्छेदों को निलंबित करना चाहता है। उम्मीद की जा रही है कि 6-12 महीनों में चुनाव होंगे और जनता के नेतृत्व वाली सरकार बनेगी। नेपाल में जो स्थिति बनी, उसके लिए प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली अपने अलावा अन्य किसी को दोष नहीं दे सकते। उनकी मनमानी नीतियां ही उन्हें ले डूबीं। नेपाल के लिए चिंता का विषय केवल यह नहीं कि वहां भावी अंतरिम सरकार किस रूप में गठित होगी। उसके लिए चिंतन की बात यह भी है कि युवाओं में दोबारा ऐसा आक्रोश पैदा न हो। यह सही समय है कि नेताओं की नई पीढ़ी नेपाल का नेतृत्व करने आगे आए और अपने पुराने नेताओं की गलतियों से सबक सीखे। भारत को भी नेपाल की चिंताजनक स्थितियों से सतर्क रहना होगा।



सहकारिता

प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

देश के विविध क्षेत्रों में सहकारिता ने ऐसा संबल प्रदान किया है कि इसके साथ मैत्री स्थापित कर निःशक्त, बुजुर्ग, महिलाएं और कामकाजी वर्ग सभी ने अपने जीवन को तराशना शुरू कर दिया है। खासकर, महिलाएं आर्थिक समृद्धि पा रही हैं। भारत की महिलाएं जो न केवल अपने जीवन में उजाला लाने में सक्षम बन रही हैं अपितु अपने घर परिवार को अच्छे से सहेज रही हैं। सरकार की तरफ से किया जा रहा यह प्रोत्साहन उनके जीवन को स्वावलंबी बनाने का कार्य कर रहा है। एक बात सच यही है कि जब महिलाएं सशक्त होंगी तो भारत सशक्त बनेगा। इसलिए यह ज़रूरी है कि देश में सहकारिता को आगे बढ़ाया जाए और उसके केंद्र में महिलाएं हों।

# स्त्री सशक्तीकरण में सहकारिता भागीदार

सहकार से समृद्धि भारत में सहकारिता श्लोगन अब नहीं है। यह एक संगठित पहल बन गया है। विविध चुनौतियों के बीच आर्थिक सशक्तीकरण से ही कोई राष्ट्र अपने नागरिकों के सर्वाधिक कल्याण की बात सोच सकता है। देश के विविध क्षेत्रों में सहकारिता ने ऐसा संबल प्रदान किया है कि इसके साथ मैत्री स्थापित कर निःशक्त, बुजुर्ग, महिलाएं और कामकाजी वर्ग सभी ने अपने जीवन को तराशना शुरू कर दिया है। खासकर, महिलाएं आर्थिक समृद्धि पा रही हैं। भारत की महिलाएं जो न केवल अपने जीवन में उजाला लाने में सक्षम बन रही हैं अपितु अपने घर परिवार को अच्छे से सहेज रही हैं।

आधी आबादी के प्रश्न पर बात करने व उनके सभी अधिकारों की रक्षा करने की समय-समय पर उठती आवाजें यदि सहकारिता को अपने जीवन का हिस्सा बना लें तो उनको सशक्त होने से कोई रोक नहीं सकता। प्रायः देश में स्त्रियों के लिए जो स्त्रीवादी चिन्तक चिंता करते रहे हैं कि उन्हें पुरुषों के बराबर भागीदारी से वंचित किया जाता है और पितृसत्तात्मक समाज स्त्रियों के विकास में बाधा हैं। यह सहकारिता से जुड़ी महिलाओं ने अब यह सिद्ध कर दिया है कि पितृसत्तात्मक समाज जैसा विमर्श हमारे स्वावलंबी जीवन में न बढ़ा है और न ही इससे हम घबराते हैं। ये भारतीय महिलाएं सहकारिता से आत्मनिर्भर बनने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं और हर तरह से सशक्त बनकर ऐसी मिसाल बनाने के लिए तत्पर हैं जो महिलाओं के स्वत्व को प्रतिबिंबित करते हैं। देश के गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सहाकारिता क्षेत्र से जुड़ी महिलाओं को लेकर अब इतना निश्चिन्त व आशान्वित हैं कि हमारे देश को चाहे कोई भी विकसित राष्ट्र बनने से रोके लेकिन सहकारिता से जुड़ी महिलाओं का उत्साह इस देश को सशक्त भारत बना देगा। गृह एवं सहकारिता मंत्री ने सच में इस मंत्रालय के माध्यम से पुरजोर प्रयास किया है और एक सक्षम समाज निर्माण करने की अपनी निष्ठा को मजबूती प्रदान की है। सहकारिता क्षेत्र में यह उनका अपना पुरुषार्थ अब बोल रहा है। सफलताओं की अनेक कहानियां कह रहा है। सशक्त एवं सक्षम महिलाएं जो कि सहकारिता के माध्यम से अपने जीवन में गुणात्मक सुधार लायी हैं, वह उनके सहकारिता संवाद में भी दिखा है। यह सनावद कार्यक्रम अब भारत में सराहना बटोर रहा है। सहकारिता क्षेत्र में बुनियादी बातें जो महिला केंद्रित हैं, उसे भी जानना ज़रूरी है। इसके तहत यदि हम सर्वप्रथम बात करें बहु-राज्य सहकारी समितियों की तो इसके बोर्ड में महिलाओं के लिए आरक्षण की व्यवस्था अब दिखने लगी है। पहले जो बहु-राज्य सहकारी समिति अधिनियम-2002 था, उसमें संशोधन करके बहु-राज्य सहकारी समितियों के बोर्ड में महिला निदेशकों की अनिवार्यता की गई। इसका फायदा यह होने वाला है कि संपूर्ण भारत की 1,550 से ज़्यादा बहु-राज्य सहकारी समितियां हैं, उनके बोर्ड में महिलाओं का प्रतिनिधित्व हो जाएगा। दूसरा, आदर्श उपनियमों को अपनाकर प्राथमिक कृषि सहकारी ऋण समितियों में भी महिला सदस्यों के लिए आरक्षण किया गया है। सहकारिता मंत्रालय ने अब पैक्स के लिए आदर्श उपनियम तैयार कर लिया है। एक लाख से अधिक पैक्स में महिलाओं



का प्रतिनिधित्व सीधे बनने जा रहा है। मंत्रालय ने तो अब अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति की दो महिलाएओं की भागीदारी सनिश्चित करके एमएससीएस में नए प्रावधान कर दिए। इससे अब वह शिकायतें नहीं शेष रहेंगी जो मार्जिनलाइज्ड कम्युनिटी को लेकर हुआ करती थीं। सीईए की स्थापना के बाद तो देश की एमएससीएस के निदेशक मंडल आकस्मिक रिक्ति सहित के 146 चुनावों में 293 महिला निदेशक चुनी भी गईं। पीएसीएस राज्यों द्वारा अपने-अपने सहकारी अधिनियमों के अंतर्गत पंजीकृत सहकारी समितियां भी होती हैं। वे भी किस प्रकार महिलाओं के लिए सहकारिता मामले में सहयोगी हों, उस पर भी व्यापक चिंतन सरकार करती रही हैं और आने वाले समय में उनके लिए भी उसकी शिफरिशें आएंगी तो वहां भी सशक्तीकरण होगा। सबसे अहम् बात उभरकर सामने आई है कि राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम जिसे एनसीडीसी कहते हैं, वह भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय के तहत एक वैधानिक संगठन है। एनसीडीसी द्वारा स्वयं शक्ति सहकार योजना को लागू कर रहा है। इसमें नंदिनी सहकार योजनाएं पूरी तरह से वित्त पोषित और समर्थित हैं जिसका लाभ सहकारिता क्षेत्र से जुड़ी महिलाओं को मिलेगा। जब एनसीडीसी के 19 क्षेत्रीय कार्यालयों और 9 उप-कार्यालयों के माध्यम से योजनाओं के कार्यान्वयन होगा तो महिला सहकारी समितियों को समय पर ऋण लेनदेन प्रवाह सुनिश्चित होगा। वित्तीय सहयोग प्राप्त कर चुकी महिलाएं अपने लिए अच्छे भविष्य का निर्माण कर सकेंगी क्योंकि वित्तीय प्रवाह की कमी ही तो महिलाओं के जीवन प्रवाह को बाधित कर देते हैं। सहकारिता से उद्यमिता और उद्यमिता से आत्मनिर्भरता की आत्मगाथा अब महिलाएं बनने जा रही हैं। एक विकास की यात्रा पर अग्रणी देश सर्वदा यही चाहता है कि उसके नागरिकों के बीच महिला नागरिक ज्यादा सशक्त हों और वे समग्रता से आगे बढ़ें। सबसे अच्छी बात यह है कि ये सहकारिता से जुड़ी महिलाएं डिजिटलीकरण को बढ़ावा दे रही हैं। अपने परिवार व बच्चों के लिए पढाई-लिखाई व जीवन-निर्वाह का माध्यम बन रही हैं। यह आगे बढ़ते हुए भारत की तस्वीर है। यह उस भारत की तस्वीर है जो अपने आज़ादी के बाद 75 वर्ष की यात्रा पूर्ण कर अपने अमृतकाल में गतिमान है। सच में, महिलाओं को अर्थव्यवस्था में भाग लेने के लिए सशक्त बनाने से उनके परिवारों के जीवन और समुदायों पर स्पष्ट प्रभाव पड़ता है और स्थायी आजीविका के साधन बनाने में मदद मिलती है, ऐसे कई अध्ययन हमें मिलते हैं।

स्त्री सशक्तीकरण के साथ समाज व देश सशक्तीकरण के लिए इतना उपयोगी माध्यम बन जाएगा, ऐसा अब से पहले इतने विश्वास के साथ लोग सोचते भी नहीं थे। अब महिलाओं की सहकारिता क्षेत्र में स्वयं की ओर से व्यक्त की गयी अभिरुचि और सरकार द्वारा किए जा रहे नए प्रयास व योजनाओं ने यह विश्वास जागृत कर दिया है कि हमारे देश के विकसित भारत बनने में यह भी एक उत्कृष्ट माध्यम है। बहुत से नए प्रयास गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह व उनकी टीम ने शुरू किया है, उसे और सुदृढ़ता से आगे बढ़ाना ज़रूरी है। भारत का एनडीडीबी, आनंद में सहकारिता के माध्यम से महिलाओं सशक्तीकरण हो रहा है। एनडीडीबी सहकारी प्रणाली में महिलाओं की भागीदारी में वृद्धि के लिए महिला डेरी सहकारिताओं को बढ़ावा देती है। दूध संघों को संपूर्ण महिला डेरी सहकारिताओं का गठन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। सरकार की तरफ से किया जा रहा यह प्रोत्साहन उनके जीवन को स्वावलंबी बनाने का कार्य कर रहा है। एक बात सच यही है कि जब महिलाएं सशक्त होंगी तो भारत सशक्त बनेगा इसलिए यह ज़रूरी है कि यदि देश में सहकारिता को आगे बढ़ाया जाए और उसके केंद्र में महिलाएं हों।

( लेखक केंद्रीय विश्वविद्यालय पंजाब में चेयर प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

प्रचलन

विवेक शुक्ला




# चीन की सत्ता व सैन्य शक्ति के प्रतीक हैं काले बाल

चीन की राजधानी बीजिंग में बीती 3 सितंबर को आयोजित विक्ट्री डे परेड ने सारी दुनिया का ध्यान अपनी तरफ आकर्षित किया। इसमें चीनी सेना ने अपनी शक्ति, अनुशासन और एकता का शानदार प्रदर्शन किया। परेड में हजारों सैनिकों, नेताओं और सैन्य उपकरणों ने हिस्सा लिया, लेकिन क्या आपने गौर किया कि राष्ट्रपति शी जिनपिंग से लेकर किसी भी अन्य नेता या सैनिक के चेहरे पर दाढ़ी या मूंछ नहीं थीं। सबके चेहरे सफाचट। टीवी ने राष्ट्रपति शी जिनपिंग को कुछ वयोवद्ध नेताओं से मिलते हुए दिखाया। इन सबकी उम्र 90 या इससे अधिक थी। इनके भी सिर के बाल काले थे। इसका मुख्य कारण है कि चीनी नेता और अधिकारी अपने बालों को काला डाई करते हैं। यह एक लंबी परंपरा है, जो चीनी कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) के शीर्ष नेतृत्व में प्रचलित है। बालों को रंगने की ये रिवायत माओत्से तुंग के जमाने से चली आ रही है। लेकिन 1990 के दशक से ये चलन और भी गाढ़ा हो गया है। चीन के नेताओं के काले बालों का राज़ हमेशा से लोगों के लिए कौतूहल का विषय रहा है। चाहे माओ हों या वर्तमान के शी जिनपिंग, वो है उनके चमकदार काले बाल। आखिर क्या वजह है कि ये नेता अपने बालों को हमेशा काला रखते हैं? ये काले बाल चीनी संस्कृति में जवानी, ताकत और ऊर्जा का प्रतीक माने जाते हैं। चीन में बालों का रंग न सिर्फ़ सुंदरता से जुड़ा है, बल्कि ये एक तरह से आपकी सेहत और नेतृत्व की छवि को भी दर्शाता है। सफ़ेद या भूरे बालों को उम्र बढ़ने या कमज़ोरी का संकेत माना जाता है और कोई भी नेता नहीं चाहता कि जनता उसे 'बूढ़ा' या 'कमज़ोर' समझे। बालों को काला रखना एक तरह से अपनी मज़बूत और युवा छवि को बनाए रखने का तरीका है। अगर आप चीनी नेताओं की तस्वीरें देखें, तो लगभग सभी के बाल काले और चमकदार दिखते हैं। ये कोई संयोग नहीं, बल्कि एक सोची-समझी रणनीति है। ये सब जनता की नज़रों में एक मज़बूत इमेज बनाने का खेल है। काले बाल न सिर्फ़ नेताओं को जवां दिखाते हैं, बल्कि ये संदेश भी देते हैं कि वो लंबे समय तक देश को लीड करने के लिए तैयार हैं। शी जिनपिंग की उम्र 71 वर्ष हैं। गौर से देखने पर उनके बालों में चांदी जैसे सफेद रंग की कुछ लकीरों को देखा जा सकता है। क्या उन्होंने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक या विक्ट्री डे परेड के समय अपने बाल कायदे से नहीं रंगे? लगता तो यही है। आपको याद होगा कि विक्ट्री डे परेड से पहले एससीओ की तियानजिन शहर में हुई बैठक में शी जिनपिंग की भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक भी हुई थी। उसमें दोनों नेताओं के साथ उनके सहयोगी भी थे। उसमें शि जिनपिंग को छोड़कर बाकी सब नेताओं के बाल काले नजर आ रहे थे। हालांकि अधिकतर 60 की उम्र पार कर चुके हैं। चीन में गिरफ्तार या दंडित अधिकारियों को बाल डाई करने की अनुमति नहीं दी जाती। हालांकि यह भी सच है कि अधिकांश चीनियों के बाल प्राकृतिक रूप से काले ही रहते हैं। इस बीच, चीनी सेना में दाढ़ी रखने पर सख्त प्रतिबंध है, जो पीपल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के ग्रूमिंग स्टैंडर्ड्स का हिस्सा है। पीएलए के नियमों के अनुसार, सैनिकों को हमेशा साफ-सुथरा और एकसमान दिखना चाहिए। कई वैश्विक सेनाओं, जैसे अमेरिकी सेना या भारतीय सेना में भी ऐसे नियम एक स्तर तक ही हैं, लेकिन चीनी सेना में यह बेहद कठोर है। उदाहरण के लिए, पीएलए के नियमों में स्पष्ट है कि चेहरे पर बाल केवल मूंछ तक सीमित हो सकते हैं, और वह भी नियंत्रित लंबाई में। दाढ़ी को पूरी तरह प्रतिबंधित किया गया है। पर परेड में कोई सैनिक या नेता मूंछों वाला भी नहीं दिखाई दिया। विक्ट्री डे परेड में सैनिकों की दाढ़ी न होना भी प्रतीकात्मक है। यह परेड कोई साधारण मार्च नहीं है; यह चीन की सैन्य शक्ति का वैश्विक प्रदर्शन है। हालांकि बालों को हर सूरत में काला करने की जिद्ध भारत में बसे चीनी मूल के लोगों में नहीं है। राजधानी के कनॉट प्लेस में एक शूज शो रूम के मालिक जॉर्ज च्यू कहते हैं कि हम चीन से भावनात्मक रूप से जुड़े हुए हैं। आखिर हमारे बुजुर्गों का संबंध चीन से है। पर अब हम भारतीय हो चुके हैं। हम बाल डाई नहीं करते। लब्बो लुआब ये है कि चीन में दाढ़ी और मूंछें न होना सैन्य अनुशासन, सुरक्षा और सांस्कृतिक एकता से जुड़ा है, जबकि बाल काले होना राजनीतिक प्रतीकवाद और युवा छवि का मामला है। विक्ट्री डे परेड जैसे आयोजन इन मूल्यों को मजबूत बनाते हैं। हालांकि, आधुनिक चीन में कुछ बदलाव आ रहे हैं, जैसे शी के कुछ सफेद बाल, लेकिन परंपरा बनी हुई है। समझना होगा कि सतह पर दिखने वाली सादगी के पीछे गहरे सांस्कृतिक और राजनीतिक कारण होते हैं।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## साधना से ही मिलता है वास्तविक सुख



संकलित

दर्शन

अधिकांश व्यक्ति आज भौतिक मूल्यों के उपासक बन गए हैं। इस कारण जीवन के धर्म एवं मर्म को भुला बैठे हैं। उनकी इस उपासना ने दुनिया के बाह्य जगत को बड़ा सुहावना, लुभावना और आकर्षक बना दिया है। जबकि वास्तविक सुख आंतरिक सौंदर्य, अंतर्जगत की जागृति एवं अंतर्यात्रा से ही संभव है। भौतिक आकर्षण के पीछे मनुष्य दौड़ रहा है। यदि वह क्षण भर रुककर गंभीरता से सोचे तो उसे पता चलेगा कि यह सब भ्रम जाल है। जीवन वह नहीं, जिसे वह जी रहा है। संत एकनाथ ने कहा है कि धन जोड़कर भक्ति का दिखावा करने से कोई लाभ नहीं, क्योंकि ऐसा करने से मन में वासना और भी बढ़ जाएगी और जिनका चित्त वासना में फंसा हुआ है, उन्हें अंतरात्मा के दर्शन कैसे हो सकते हैं। वास्तविक सुख पाने के लिए व्यक्ति भक्ति यानी साधना की ओर प्रवृत्त होता है। स्थायी सुख की प्राप्ति भक्ति पर ही निर्भर है। भक्ति से मन को वश में करना है और मन को वश में करने का सरल उपाय है उसे परमात्मा के हेतु निरंतर भले कार्यों में लगाए रखना। महात्मा गांधी ने प्रेमा बहन के नाम लिखे पत्र में लिखा है-जो लोग कृष्ण-कृष्ण कहते हैं वे उसके पुजारी नहीं हैं। जो उनका काम करते हैं, वे ही पुजारी हैं। रोटी-रोटी कहने से पेट नहीं भरता, अपितु रोटी खाने से ही भरता है। मन को वश में लाने का अभ्यास अनेक प्रकार का होता है। इन अभ्यासों को ही भक्ति यानी साधना कहा गया है। जिस व्यक्ति ने स्वयं को शांति-अशांति, मान-अपमान और सुख-दुख से निर्लिप्त बना लिया है, वही निर्विघ्न शांति में स्थित रह सकता है।

## सफलता के लिए योजना बनाकर काम करें



संकलित

प्रेरणा

जब भगवान विष्णु श्रीकृष्ण रूप में अवतार लेने वाले थे। देवकी और वसुदेव कंस की कैद में थे। कंस ने देवकी-वसुदेव की 6 संतानों का वध कर दिया था। सातवीं संतान के रूप में बलराम देवकी के गर्भ में आए तो भगवान विष्णु ने योगमाया से कहा था कि आप इस सातवीं संतान को देवकी के गर्भ से निकाल कर वसुदेव जी की दूसरी पत्नी रोहिणी के गर्भ में स्थापित कर दो। इसके बाद कंस को ये सूचना दी जाएगी कि सातवां गर्भ गिर गया है। योगमाया ने ऐसा ही किया। इसके बाद जब आठवीं संतान के जन्म का समय आया तो भगवान ने योगमाया से कहा कि अब मेरे अवतार लेने का समय आ गया है। जब मेरे अवतार का जन्म होगा, ठीक उसी समय आप गोकुल में यशोदा के गर्भ से जन्म लेना। वसुदेव जी कंस के कारागर से निकालकर मुझे गोकुल पहुंचाएंगे और आपको लेकर कंस के कारागार में आ जाएंगे। जब कंस आठवीं संतान को मारने के लिए आएगा तब आप मुक्त हो जाना। भगवान ने जो योजना बनाई थी, उसी के अनुसार श्रीकृष्ण का अवतार हो गया। इस कथा में भगवान ने संदेश दिया है कि जब भी कोई काम करना हो तो उसकी योजना जरूर बनाएं। योजना अच्छी होगी तो सफलता जरूर मिलेगी।

सटाका




आज की पाती

### त्रासदी का गहरा असर

जब बाढ़ का पानी उतर जाएगा तो कैमरे और प्रशासन वहां से लौट आएंगे, लेकिन प्रभावित लोगों की पीड़ा बरसों तक बनी रहेगी। गिरे हुए मकान, डूबे खेत, कर्ज में दबे किसान और पढ़ाई से वंचित बच्चे हमें लगातार याद दिलाएंगे कि यह महज मौसम की सामान्य घटना नहीं, बल्कि एक चेतावनी है। जलवायु परिवर्तन अब भविष्य की चिंता नहीं, बल्कि वर्तमान की कठोर सच्चाई है। सवाल यह है कि क्या हम इसे गंभीरता से लेकर रोकथाम की राह पकड़ेंगे या हर साल राहत और मुआवजे की रस्म अदायगी दोहराते रहेंगे। क्यों बदल रहा है मानसून का पैटर्न? दरअसल, मानसून अब पहले जैसा नहीं रहा। कहीं बेहद कम बारिश होती है, तो कहीं अचानक बादल फट जाते हैं। ऐसे में प्रकृति का संरक्षण अनिवार्य हो जाता है।

*- लखन वर्मा, पलारी*

ट्रेंड

### ट्रस्टेड ट्रैवलर प्रोग्राम



आज लखनऊ, तिरुवनंतपुरम, त्रिची, कालीकट और अमृतसर हवाई अड्डों पर फास्ट ट्रैक इमिग्रेशन: ट्रस्टेड ट्रैवलर प्रोग्राम का उद्घाटन किया गया। इस नई सुविधा से लंबी कतारें, मैन्युअल चेक-इन और देरी की समस्या खत्म हो जाएगी।
**- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### समुद्री खाद्य निर्यात



102 नई भारतीय मत्स्य इकाइयाँ अब यूरोपीय संघ के सदस्य देशों को निर्यात कर सकेंगी। इस विकास से तटीय राज्यों में हमारे मछुआरों को बाज़ारों का विस्तार करने, बेहतर मुनाफ़ा कमाने, रोज़गार बढ़ाने और हमारे समुद्री खाद्य निर्यात को और बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।
**- पीयूष गोयल, केंद्रीय वाणिज्य मंत्री**

### पुण्यतिथि पर नमन



हिंदी साहित्य की अमिट स्तंभ, 'पद्म विभूषण' महादेवी वर्मा की पुण्यतिथि पर उन्हें कोटि-कोटि नमन। उनकी लेखनी ने नारी सशक्तिकरण को शब्द दिए, स्त्री चेतना को स्वर दिया और मानवीय संवेदनाओं को नई ऊँचाइयाँ दीं।
**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**


### 'नैतिक विजय'



अपनी हर एक हार में नैतिक विजय खोजने में महारत हासिल कर चुकी है कांग्रेस। उपराष्ट्रपति चुनाव में अपनी हार को कांग्रेस के जयराम रमेश ने एक बार फिर 'नैतिक विजय' करार दिया है।
**- केशव प्रसाद मौर्य, डिप्टी सीएम, उप्र**

करंट अफेयर


## चीन में कैलाश तीर्थयात्रियों को सावधानी बरतने की सलाह



बीजिंग स्थित भारतीय दूतावास ने नेपाल के रास्ते निजी ऑपरेटर के माध्यम से तिब्बत में कैलाश पर्वत की यात्रा करने वाले भारतीय तीर्थयात्रियों से काठमांडू में मौजूदा स्थिति के कारण सावधानी बरतने का आग्रह किया है। भारतीय दूतावास द्वारा बुधवार को जारी एक परामर्श में कहा गया कि नेपाल में मौजूदा स्थिति के कारण वहां से निजी टूर ऑपरेटर द्वारा आयोजित कैलाश मानसरोवर यात्रा पर जाने वाले भारतीय नागरिकों की योजनाबद्ध यात्रा व्यवस्था प्रभावित हुई है। परामर्श में कहा गया, वर्तमान घटनाक्रम को देखते हुए तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र, चीन में मौजूद भारतीय नागरिकों को सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है। परामर्श में कहा गया, बेहद ऊंचाई और दुर्गम भूभाग को देखते हुए, उन्हें अपने स्वास्थ्य और कल्याण के लिए आवश्यक देखभाल और सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है। उन्हें स्थानीय अधिकारियों के साथ-साथ बीजिंग और काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास की सलाह का पालन करने की भी सलाह दी जाती है। बीजिंग स्थित भारतीय दूतावास ने किसी सहायता की आवश्यकता होने पर हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए हैं।

ऑफ बीट

## नासा के मंगल रोवर से प्राचीन जीवन के मिले मजबूत संकेत



अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के मंगल ग्रह पर भेजे गए रोवर 'पर्सिवरेंस' ने एक सूखी नदी की धारा में चट्टानें खोज निकाली हैं जिनमें प्राचीन सूक्ष्म जीवन के संभावित संकेत हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले 'पर्सिवरेंस'' द्वारा वहां एकत्र किए गए नमूनों का पृथ्वी की प्रयोगशालाओं में गहन विश्लेषण जरूरी है। वर्ष 2021 से मंगल ग्रह पर घूम रहा यह रोवर सीधे तौर पर जीवन का पता नहीं लगा सकता। इसके बजाय, यह चट्टानों और नलियों में छेद करने के लिए एक ड्रिल लेकर चलता है ताकि अरबों साल पहले जीवन के लिए सबसे उपयुक्त माने गए स्थानों से एकत्र किए गए नमूनों को रखा जा सके। नमूनों को पृथ्वी पर वापस लाने की प्रतीक्षा है। यह एक महत्वाकांक्षी योजना है, जो नासा द्वारा सस्ते, त्वरित विकल्पों की तलाश के कारण रोक दी गई है। दो वैज्ञानिकों एसईटीआई संस्थान के जेनिस बिशप और मैसाचुसेट्स एमहर्स्ट विश्वविद्यालय के मारियो पेरेंटे ने इसे एक 'रोमांचक खोज' बताते हुए कहा कि इसके लिए गैर-जैविक प्रक्रियाएं जिम्मेदार हो सकती हैं। स्टोनी ब्रुक विश्वविद्यालय के प्रमुख शोधकर्ता जोएल ह्यूरोविट्ज़ ने कहा, 'यही कारण है कि हम यह नहीं कह सकते कि यह जीवन का सकारात्मक प्रमाण है।'

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



# पद्मिनी कोल्हापुरे के लिए ट्रेन की छत पर चढ़ गए ऋषि

**मुंबई।** प्रेम रोग के बाद ऋषि कपूर और पद्मिनी कोल्हापुरे की जोड़ी सुपरहिट हो गई थी। हर कोई दोनों को साथ देखने के लिए बेकरार हुए थे। दोनों ने आगे चलकर कई फिल्मों में साथ में काम किया था। इसमें से एक फिल्म थी जमाने को दिखाना है। नासिर हुसैन की फिल्म का एक गाना था- अरे होगा तुमसे प्यारा कौन।' जिसमें ऋषि कपूर ट्रेन की छत पर चढ़ गए थे। उदास बैठीं पद्मिनी कोल्हापुरे के लिए गाना गाते हैं। अपने प्यार का इजहार करते हैं। मगर, एक्ट्रेस मुंह फेर लेती है और अपनी चिंता में डूबी रहती है। इस गाने को शैलेंद्र सिंह और आर.डी बर्मन ने बनाया था। ये गाना तो ब्लॉकबस्टर था, लेकिन 'जमाने को दिखाना है' कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई थी।

लाइफStyle

# जान्हवी

## टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में छाईं

कान्स फिल्म फेस्टिवल के बाद जान्हवी कपूर, ईशान खट्टर और विशाल जेठवा की फिल्म होमबाउंड अब टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में छाई हुई है। यहां 'होमबाउंड का प्रीमियर हुआ, जिसमें निर्देशक नीरज घेवान समेत फिल्म की कास्ट मौजूद रही।

एजेंसी ▸▸ मुंबई

इस दौरान अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने फैंस के साथ भी बातचीत की, उन्हें ऑटोग्राफ दिए और उनके साथ सेल्फी भी ली। जान्हवी का लुक भी अब वायरल है। टोरंटो फिल्म फेस्टिवल में होमबाउंड के प्रीमियर के दौरान रेड कार्पेट पर फिल्म की पूरी कास्ट नजर आई। इस दौरान अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने कस्टम-मेड मिउ मिउ क्रिएशन में सबका दिल जीत लिया, जो साड़ी की सुंदरता से प्रेरित एक स्टाइलिश आउटफिट है। पहनावा, मुलायम प्लीट्स और खूबसूरत अलंकरणों से सजी वन शोल्डर गाउन में जान्हवी काफी खूबसबूरत लग रही थीं। इस दौरान जान्हवी रेड कार्पेट पर पोज देने के बाद फैंस से भी मिलीं। उन्होंने फैंस के साथ सेल्फी भी ली और उन्हें ऑटोग्राफ भी दिया। जान्हवी इस दौरान काफी खुश नजर आ रही थीं। इस दौरान जान्हवी के साथ फिल्म के बाकी लीड कलाकार ईशान खट्टर और विशाल जेठवा भी नजर आए। जबकि निर्देशक नीरज घेवान ने भी अपनी कास्ट के साथ रेड कार्पेट पर पोज दिए। कान फिल्म फेस्टिवल में सेलेक्ट होने के बाद से 'होमबाउंड' साल की सबसे चर्चित फिल्मों में से एक बनी हुई है। इसकी दो जीतें 2025 की सबसे बेहतरीन फिल्मों में से एक के रूप में इसकी जगह पक्की कर देती हैं।



हॉलीवुड मसाला




# डेमन स्लेयर आज होगी रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** जापानी एनिमेटेड फिल्म 'डेमन स्लेयरः किमेत्सु नो याइबा इन्फिनिटी कैसल' 12 सितंबर को भारत में अपनी रिलीज को तैयार है। लेकिन, रिलीज से पहले फिल्म एडवांस बुकिंग में अच्छा प्रदर्शन कर रही है। 'डेमन स्लेयर' रिलीज से पहले एडवांस बुकिंग में नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। रिपोर्ट्स की मानें तो पहले दिन की ओपनिंग बुकिंग में ही प्रमुख तीन राष्ट्रीय सिनेमाघरों की चैन में फिल्म के एक लाख से ज्यादा टिकट बिक चुक गए हैं। वहीं, वीकेंड पर फिल्म के टिकटों की बिक्री 2.5 लाख का आंकड़ा पार कर गई है।




# द फैंटेस्टिक 4 से जुड़ी है एवेंजर्सः डूम्सडे की कहानी

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल स्टूडियोज की आगामी फिल्म 'एवेंजर्सः डूम्सडे' मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स की अगली फिल्म है। मार्वल की बाकी फिल्मों की तरह इस फिल्म को लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं और बेसब्री से फिल्म का इंतजार कर रहे हैं। इस बीच अब रूसो ब्रदर्स ने सोशल मीडिया पर एक धुंधली तस्वीर साझा की है। फैंस 'एवेंजर्सः डूम्सडे' और मार्वल की पिछली रिलीज फिल्म 'द फैंटास्टिक 4ः फर्स्ट स्टेप्स' में कनेक्शन निकालने लगे हैं। दरअसल, जुलाई 2025 में रिलीज हुई 'द फैंटास्टिक 4ः फर्स्ट स्टेप्स' में रीड रिचर्ड्स का किरदार निभाने वाले पेड्रो पास्कल कई बार ऐसे ही ब्लैकबोर्ड के सामने नजर आए थे। इसके अलावा 'द फैंटास्टिक 4ः फर्स्ट स्टेप्स' के अंत में रॉबर्ट डाउनी जूनियर रीड और सू के बच्चे को गोद में लिए दिखाई देते हैं।



# अजीबो-गरीब चेहरे बनाती आईं नजर

**मुंबई।** परिणीति चोपड़ा अपने पहले बच्चे की उम्मीद कर रही हैं। इसी बीच परिणीति ने अपना एक शानदार वीडियो सोशल मीडिया हैंडल की स्टोरी पर शेयर किया है। इस वीडियो में परिणीति अजीबो गरीब चेहरे बनाती नजर आ रही हैं। परिणीति चोपड़ा ने इंस्टाग्राम पर गुरुवार को अपना एक मजेदार वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में वे अजीब-अजीब चेहरे बनाती नजर आ रही हैं। उन्होंने वीडियो के साथ लिखा, 'फिर से बिना मतलब के चेहरे।' वीडियो में परिणीति अपने बाल संवारती और पाउट करती दिख रही हैं। इसके लिए उन्होंने बैकग्राउंड में गायिका एमिली वॉट्स का गाना 'ला वी एन रोज' जोड़ा है। 25 अगस्त को, परिणीति और उनके पति राघव चड्ढा ने इंस्टाग्राम पर ऐलान किया कि वे अपने पहले बच्चे की उम्मीद कर रहे हैं।



# फिर भी दिल... को मानते हैं बड़ी असफलता

**मुंबई।** बॉलीवुड के किंग खान शाहरुख खान ने अपने कॅरियर में तमाम फिल्में की हैं। उनकी कई फिल्में बॉक्स ऑफिस पर हिट हुईं तो कुछ फिल्में बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हुईं। इन्हीं फ्लॉप फिल्मों में से एक को शाहरुख खान अपने कॅरियर की सबसे बड़ी असफलता मानते हैं। उन्होंने बताया था कि इस फिल्म के फ्लॉप होने के बाद वो, उनके डायरेक्टर और को-एक्ट्रेस जूही चावला बुरी तरह रोए थे। शाहरुख खान की ये फिल्म साल 2000 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म का नाम है फिर भी दिल है हिंदुस्तानी। फिल्म में शाहरुख खान के साथ जूही चावला नजर आई थीं। इस फिल्म को अजीज मिर्जा ने डायरेक्ट किया था। प्रीति जिंटा के साथ एक पुरानी बातचीत में शाहरुख खान ने कहा था कि वो फिर भी दिल हैं हिंदुस्तानी को अपनी सबसे बड़ी असफलता मानते हैं।

टीवी मसाला



# 18 साल बाद बिग बॉस की मेजबानी करेंगे अरशद

**नई दिल्ली।** इस बार 'बिग बॉस 19' के वीकेंड के वार में सलमान खान की जगह नजर आएगी 'जॉली एलएलबी 3' की टीम। सलमान की जगह इस बार बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार और अरशद वारसी बिग बॉस के घर को संभालेंगे। यह पहली बार नहीं है जब अक्षय या अरशद बिग बॉस से जुड़े हैं। अक्षय पहले सीजन 11 के ग्रैंड फिनाले में दिख चुके हैं। वहीं, अरशद वारसी ने 2006 में बिग बॉस के पहले सीजन को सोनी टीवी पर होस्ट किया था। उस सीजन में राखी सावंत, कश्मीरा शाह, संभावना सेठ और रूपाली गांगुली जैसे प्रतियोगी थे, और विजेता थे राहुल रॉय। अरशद 18 साल बाद बिग बॉस के मंच पर वापसी करेंगे, जो फैंस के लिए पुरानी यादें ताजा करेगा। सलमान खान 13-14 सितंबर को अपनी फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' की शूटिंग के लिए लद्दाख में व्यस्त होंगे, इसलिए वह इस बार नहीं होंगे। बिग बॉस को पहले अेरशद वारसी, फिर अमिताभ बच्चन और शिल्पा शेट्टी ने होस्ट किया, लेकिन पिछले 16 साल से सलमान खान इसकी मेजबानी कर रहे हैं।

## ऋचा सोनी कॉमेडी 'घरवाली पेड़वाली' में निभाएंगी रीता का किरदार

**मुंबई।** एण्डटीवी का नया शो 'घरवाली पेड़वाली' दर्शकों के लिए हंसी, रोमांच और भावनाओं का एक नया सफर लेकर आ रहा है। इस मजेदार कहानी में अब जुड़ रही हैं जानी-मानी और बहुमुखी प्रतिभा की धनी अभिनेत्री ऋचा सोनी, जो रीता का किरदार निभाने जा रही हैं। रीता एक ग्लैमरस, बेबाक और फैशनेबल महिला है, जिसका दिल हमेशा पॉजिटिविटी से भरा रहता है। सास के रूप में उनका यह मॉडर्न और चुलबुला अंदाज शो में हंसी, गर्मजोशी और ड्रामा का अनोखा रंग भर देगा। अपने किरदार को लेकर उत्साहित ऋचा सोनी कहती हैं, "रीता का रोल निभाना मेरे लिए बेहद रोमांचक है क्योंकि यह मेरे पिछले कामों से बिल्कुल अलग है। वह मॉडर्न, स्टाइलिश और बेबाक है, लेकिन परिवार को बेहद प्यार करती है और उसे पूरी सुरक्षा देती है। मुझे इसमें सबसे अच्छा यही लगता है कि वह हर चीज को पॉजिटिव तरीके से देखती है और अपनी एनर्जी से सबको प्रभावित करती है। वह सख्त पारंपरिक सास जैसी नहीं है, बल्कि मजेदार, सपोर्टिव और थोड़ी हटके है। इस रोल के जरिए मुझे अपना कॉमिक और ग्लैमरस पक्ष दिखाने का मौका मिल रहा है, जो दर्शकों ने अब तक कम ही देखा है।" शो को लेकर ऋचा आगे कहती हैं, "'घरवाली पेड़वाली' का कॉन्सेप्ट ही इतना अलग और दिलचस्प है कि मैंने तुरंत हाँ कर दी। इसके टाइटल से ही जिज्ञासा बढ़ती है और कहानी में कॉमेडी, सुपरनैचुरल और फैमिली ड्रामा का बेहतरीन मिश्रण है। रीता का रोल बहुत गहराई और मजेदार अंदाज में लिखा गया है, जिसे निभाना मेरे लिए एक नया और ताजगीभरा अनुभव होगा।"



# आज बॉक्स ऑफिस पर महाक्लैश एक साथ भिड़ेंगी ये छह फिल्में...

*मुंबई। फिल्मी प्रेमियों को अक्सर शुक्रवार का इंतजार रहता है। क्योंकि, फ्राइडे को सिनेमाघरों में नई फिल्में रिलीज होती हैं। इस फ्राइडे 12 सितंबर को थिएटर में एक या दो नहीं, बल्कि 6 फिल्में एक साथ दस्तक देने वाली हैं। इन सभी फिल्मों को काफी अच्छे बजट में बनाया गया है। फिलहाल बॉक्स ऑफिस पर इन दिनों सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म कुली और टाइगर श्रॉफ की फिल्म बागी 4 ने कब्जा किया हुआ है, देखते हैं इन फिल्मों को कौन सी फिल्म टक्कर दे पाएगी।*

***एक चतुर नार** : इस लिस्ट में पहला नाम फिल्म 'एक चतुर नार' का है। यह एक कॉमेडी फिल्म है। इस फिल्म में आपको दिव्या खोसला कुमार और नील नितिन मुकेश लीड रोल में नजर आएंगे। एक चतुर नार फिल्म को टी-सीरीज के बैनर तले बनाया गया है और उमेश शुक्ला ने डायरेक्ट किया है। हाल ही में रिलीज हुए इस फिल्म के ट्रेलर को दर्शकों ने काफी पसंद किया था।*

***लव इन वियतनाम** : इस लिस्ट में रोमांटिक फिल्म 'लव इन वियतनाम' का नाम भी शामिल है। अगर, आपको रोमांटिक फिल्म देखना काफी पसंद है तो आप इस फिल्म को किसी भी हाल में मिस नहीं कर सकते हैं। ये फिल्म आपको काफी पसंद आएगी। इस फिल्म में आपको अवनीत कौर और शांतनु माहेश्वरी के साथ खानगान लीड रोल में नजर आएंगी।*



***हीर एक्सप्रेस** : अगर आपको फैमिली ड्रामा फिल्म देखना पसंद है तो आप इस फ्राइडे थिएटर में 'हीर एक्सप्रेस' देख सकते हैं। इस फिल्म में आपको दिविता जुनेजा, प्रीत कमानी, आशुतोष राणा, संजय मिश्रा और गुलशन ग्रोवर नजर आएंगे. थिएटर में फिल्म 12 सितंबर को दस्तक देने वाली है।*

***जुगनुमा** : अगर आपको मनोज बाजपेयी की फिल्में देखना पसंद है तो आप 'जुगनुमा' को देख सकते हैं। यह फिल्म भी 12 सितंबर को थिएटर में दस्तक देने वाली है। यह फिल्म एक जादुई फिक्शनल है, जिसमें आपको म्यूजिक, इमोशंस सब कुछ देखने को मिलेगा। लीड रोल में आपको दीपक डोबरियाल और प्रियंका बोस दिखेंगे।*

***मिराई** : तेजा सज्जा स्टारर एक साई-फाई फिल्म 'मिराई' को भी आप देख सकते है। यह फिल्म 12 सितंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। इस फिल्म का डायरेक्शन कार्तिक गट्टामनेनी और अनिल आनंद ने किया है। लीड रोल में आपको तेजी सज्जा और मांचू मनोज नजर आएंगे।*

***मन्नू क्या करेगा?** : रोमांटिक फिल्म के शौकीन लोग इस हफ्ते थिएटर में फिल्म देखने जा सकते हैं। इस फ्राइडे रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 'मन्नू क्या करेगा?' रिलीज होने वाली है। फिल्म का डायरेक्शन संजय त्रिपाठी ने किया है, जिसमें व्योम यादव लीड रोल में नजर आएंगे।*

# अपनी सभी हीरोइन के साथ फ्लर्ट करते थे गोविंदा : सुनीता

**मुंबई।** पति पत्नी और पंगा के आगामी एपिसोड में सुनीता आहूजा बतौर अतिथि नजर आएंगी। इस दौरान वो गोविंदा को लेकर भी कई किस्से साझा करेंगी। अब हालिया प्रोमो में पता चलता है कि शो में सुनीता ने काफी मस्ती भी की। इस दौरान सुनीता ने बताया कि गोविंदा उस वक्त में अपनी हर को-एक्ट्रेस के साथ फ्लर्ट करते थे। हालांकि, सुनीता ने बताया कि सोनाली बेंद्रे इकलौती ऐसी अभिनेत्री थीं जिन पर गोविंदा ने कभी अपना जादू नहीं चलाया और उनके साथ कभी भी फ्लर्ट नहीं किया। यह सुनकर सेट पर मौजूद हर कोई हैरान था। क्योंकि, सोनाली बेंद्रे ने गोविंदा के साथ ही अपने कॅरियर की पहली बड़ी हिट फिल्म आग दी थी। शो में सुनीता का बेबाक अंदाज भी कई मौकों पर देखने को मिला। इस दौरान जब शो के होस्ट और कॉमेडियन मुनव्वर फारूकी सुनीता के साथ डांस करने के लिए उन्हें खींचते हैं, तो सुनीता तुरंत ही कहती हैं कि मैं तेरी बीवी नंबर 1 थोड़ी हूं जो तू मेरे साथ डांस कर रहा है। मैं गोविंदा की बीवी नंबर 1 हूं। इसके अलावा एक मौके पर सुनीता कहती हैं कि क्या इस शो का नाम 'पति पत्नी और पंगा' तुम लोगों ने मेरे और गोविंदा के ऊपर ही रखा है। इसके बाद सब ठहाके मारकर हंसने लगते हैं। इस दौरान सभी ने गोविंदा के गाने 'मैं तो रस्ते से जा रहा था' पर डांस भी किया। पति पत्नी और पंगा एक रियलिटी शो है, जहां पर मुनव्वर फारूकी और अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे शो को होस्ट कर रहे हैं। इस शो में पति-पत्नियों का रियलिटी चेक होता है और हंसी-मजाक चलता रहता है।



## जब ये सिनेमाघरों से हटी तो लोगों ने इसे वापस लगाने के लिए किया था विरोध प्रदर्शन

# नेपाल में लंबे समय तक चली थी आमिर खान की रंगीला

*मुंबई। आमिर खान की फिल्म 'रंगीला' जिसने ना सिर्फ उनके करियर को उड़ान दी, बल्कि उर्मिला मातोंडकर को भी बॉलीवुड स्टार बना दिया, ये 1995 में रिलीज हुई थी। फिल्म को रिलीज हुए 30 साल हो चुके हैं। राम गोपाल वर्मा की ये फिल्म नेपाल में लंबे समय तक चलने वाली फिल्म बन गई थी। क्रेज ऐसा था कि जब ये सिनेमाघरों से हटी तो लोगों ने इसे वापस लगाने के लिए विरोध प्रदर्शन किया था।*

### एआर रहमान की पहली फिल्म

आमिर खान, उर्मिला मातोंडकर और जैकी श्रॉफ जैसे सितारों से सजी ये एआर रहमान की पहली हिंदी फिल्म थी, जिसमें उनका ऑरिजनल म्यूजिक और साउंडट्रैक था, क्योंकि उनकी पिछली हिंदी फिल्में उनकी तमिल, मलयालम और तेलुगु फिल्मों के डब वर्जन थीं।

### मिले थे 7 अवॉर्ड

41वें फिल्मफेयर अवॉर्ड में 'रंगीला' को 14 नॉमिनेशन मिले थे। बेस्ट मूवी, बेस्ट डायरेक्टर, बेस्ट एक्टर, बेस्ट एक्ट्रेस। 7 अवॉर्ड जीते थे, जिनमें बेस्ट सपोर्टिंग रोल जैकी श्रॉफ, बेस्ट म्यूजिक डायरेक्टर एआर रहमान, स्पेशल जूरी अवॉर्ड 'तन्हा तन्हा' गाने के लिए आशा भोसले शामिल हैं।



### रंगीला की कास्ट

इस फिल्म में गुलशन ग्रोवर, अवतार गिल, रीमा लागू, अच्युच पोटदार, राजेश जोशी, नीरज वोरा, राजीव मेहता, नितिन चंद्रकांत देसाई थे। लेकिन आप नहीं जानते होंगे कि आदित्य नारायण चाइल्ड सिंगर थे, जो फिल्म में भी थे। रेमो डिसूजा बैकग्राउंड डांसर थे। अब फेमस हो चुकीं शेफाली शाह का स्पेशल अपीयरेंस था। फिल्म के असिस्टेंट डायरेक्टर मधुर भंडारकर भी नजर आए थे। कोरियोग्राफर सरोज खान की भी झलक थी।

### बॉक्स ऑफिस कलेक्शन

4.5 करोड़ के बजट में बनी इस मूवी ने उस जमाने में 33.4 करोड़ रुपयों का कलेक्शन किया था। ये नेपाली सिनेमाघरों में सबसे लंबे समय तक चलने वाली फिल्म है। जब यह काठमांडू के एक बड़े थिएटर से बाहर हुई, तो लोगों ने विरोध किया और इसे दोबारा दिखाने के लिए अपना पूरा जोर लगा दिया था।

### आमिर ने पहने अपने खुद के कपड़े

आमिर खान ने अपने किरदार मुन्ना के लिए अपने खुद के कपड़े इस्तेमाल किए और उन्होंने अपने दोस्तों से भी कुछ पुराने कपड़े लिए।

### अंदाज अपना अपना में भी पहनी वही टोपी

'रंगीला' में आमिर ने जो टोपी पहनी है, वही टोपी उन्होंने फिल्म 'अंदाज अपना अपना' (1994) में भी पहनी है।

